■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 288
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
23 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1357 : पश्चिम बंगाल के चंद्रनगर पर लार्ड क्लाइव ने फ्रांसीसियों को हराकर कब्जा किया।
1630 : पिनेरोलो पिडमाउंट पर फ्रांस की सेना ने कब्जा किया।
1832 : ब्रिटेन की संसद में सुधार विधेयक पारित किया गया।
1918 : लिथुआनिया ने स्वतंत्रता की घोषणा की।
1931 : महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी।

जिस दिन आप बुरे विचारों के ऊपर अच्छे विचारों को रख देंगे, जिन्दगी खुद-ब-खुद और बेहतरीन हो जाएगी।

बिहार दिवस पर राज्यभर में कार्यक्रमों की धूम

ऐतिहासिक गांधी मैदान में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन, सीएम ने दीप जलाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस के मौके पर शनिवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर और गुब्बारा उड़ाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह के साथ अन्य मंत्रीगण भी मौजूद थे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंच से कोई संबोधन नही किया और निकल गये। नीतीश कुमार के निकलने के बाद बिहार का राज्य गान बजाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग गांधी मैदान पहुंचे हुए थे। गांधी मैदान में विभिन्न विभागों की तरफ से स्टॉल लगाए गए हैं, जहां सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। बता दें कि 22 मार्च 1912 को बंगाल से अलग होकर बिहार राज्य अस्तित्व में आया था। बिहार आज 113 साल का हो गया। 22 से 24 मार्च तक



विभिन्न स्टॉल पर छात्र-छात्राओं की तरफ से बनाए गए मॉडल, चित्रकला प्रतियोगिता में पुरस्कृत चित्रों की प्रदर्शनी और शिक्षकों के निर्मित शिक्षण लर्निंग सामग्री मिल रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग 15 मुफ्त हेल्थ स्टॉल लगाया हुआ है। बिहार दिवस के इस खास मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रौनक और रंग-रूप से राज्यभर में उत्साह का माहौल रहेगा। यह आयोजन राज्य की समृद्ध संस्कृति और धरोहर का जश्न मनाने का एक बेहतरीन अवसर है। गांधी मैदान का मुख्य समारोह राज्य के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहलुओं को प्रदर्शित करेगा। वहीं, रवींद्र भवन, श्रीकृष्ण मेमोरियालय हॉल और प्रेमचंद रंगशाला में नाट्य प्रस्तुति और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम बिहार के पारंपरिक रंग को प्रस्तुत करेंगे। बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए महाबोधि मंदिर, नालंदा विश्वविद्यालय, विश्व शांति स्तूप, तख्त श्रीहरिमंदिर पटना साहिब जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों की थ्री-डी प्रतिकृतियां बनाई गई। इसका वर्चुअल माध्यम से लोग आनंद ले रहे हैं। इस आयोजन में हथकरघा, हस्तशिल्प, चमड़ा, जूट और लाह उद्योगों से जुड़े उत्पादों की प्रदर्शनी लगी है। इसके साथ ही कला, संस्कृति एवं युवा विभाग गांधी मैदान में एक विशेष स्टॉल लगाया गया है, जहां विभाग की उपलब्धियों, कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। राजधानी पटना के अलावा मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, भागलपुर, मधेपुरा, गया समेत सभी शहरों में बिहार दिवस पर आयोजन किए जा रहे हैं। विदेशों में भी प्रवासियों द्वारा बिहार दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान समेत अन्य नेताओं ने प्रदेश वासियों को बिहार दिवस की शुभकामनाएं दीं हैं।

नीतीश कुमार की लीडरशीप में चुनाव लड़ेगा एनडीए

मुंबई पहुंचे बिहार के मंत्री का बड़ा ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुंबई/ पटना। बिहार में विपक्ष के नेता लगातार इस बात का दावा कर रहे हैं कि इस बार का विधानसभा चुनाव बीजेपी अपने दम पर लड़ेगी और चुनाव के बाद नीतीश कुमार को सीएम नहीं बनाएगी। हालांकि भाजपा के प्रदेश स्तर के सभी नेता इस बात से इंकार कर चुके हैं। सभी ने कहा कि नीतीश कुमार सीएम हैं और आगे भी रहेंगे। इसी कड़ी में बिहार दिवस के मौके पर महाराष्ट्र पहुंचे बिहार सरकार में मंत्री संजय सरावगी ने मीडिया से बात की। उनसे पत्रकारों ने जब सीएम नीतीश कुमार को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं और बिहार का नेतृत्व कर रहे हैं। पत्रकारों ने जब उनसे चुनाव को लेकर सवाल किया तो सरावगी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमारे नेता हैं और जाहिर है कि हम उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे। इसलिए किसी को मन में कोई शंका नहीं रखनी



चाहिए। वहीं, पत्रकारों ने जब उनसे सीएम के स्वास्थय को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। उन्होंने हाल ही में प्रगति यात्रा निकाली थी। वह बिहार के सभी जिलों में गए। जिलों में चल रही विकास परियोजना को देखा, जहां भी जरूरत पड़ी, वहां अधिकारियों को निर्देश भी दिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वस्थ हैं और बिहार का नेतृत्व कर रहे हैं।

पुलिस मुठभेड़ में मारा गया कुख्यात चुनमुन झा

आरा तनिष्क शो रूम लूटकांड का था मुख्य आरोपित, एसटीएफ के 5 जवान भी हुए घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

अररिया। बिहार के अररिया में मुठभेड़ हुई है। जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र के थलहा नहर के पास एसटीएफ और अपराधियों के बीच शनिवार सुबह एनकाउंटर हुआ है। एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि जिला पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात अपराधकर्मी चुनमुन झा को गोली लगी है। हालांकि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पांच एसटीएफ जवान भी घायल हुए हैं। सभी को अररिया सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, शनिवार सुबह अररिया पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ कुख्यात अपराधी किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए जुटे हैं। जिसके बाद जिला पुलिस और एसटीएफ ने दबिश की। एसटीएफ को देखते ही अपराधियों ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में



एसटीएफ की गोली से एक अपराधी घायल होकर गिर पड़ा। हालांकि एक बदमाश भागने में सफल रहा। घायल अपराधी को स्थानीय अस्पताल में इलाज के बाद अररिया रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस मुठभेड़ में एसटीएफ के 5 जवान भी घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। अररिया एसपी ने कहा कि फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान चुनमुन झा के रूप में हुई है, वह कई मामलों में आरोपित रहा है। हालांकि इलाज के दौरान चुनमुन झा की मौत हो गई है। अररिया सदर अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि एनकाउंटर के बाद पुलिस ने जिस अपराधी को अस्पताल लेकर आई थी, उसकी मौत हो चुकी है। कितनी गोली लगने के सवाल पर उन्होंने बताया कि इंट्री पॉइंट 6-7 मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बिहार एसटीएफ और जिला पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है। मारा गया चुनमुन झा असल में कोसी और सीमांचल का कुख्यात अपराधी था। पूर्णिया और आरा स्थित तनिष्क शोरूम लूटकांड में भी वह आरोपित था।

महिला डॉक्टर की गोली मारकर हत्या



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना में एशिया हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. सुरभि राज की गोली मारकर हत्या होने से सनसनी फैल गई। यह घटना पटना के धानकी मोड़ के पास घटित हुई। मौके पर अगमकुंआ पुलिस पहुंची है। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। आनन फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतिका की पहचान सुरभि राज के रूप में की गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक अपराधियों ने सुरभि को सात गोलियां मारी है। पुलिस ने मौके से 6 खोखे बरामद किया है। घटना की जांच के लिए पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

झारखंड में आईईडी ब्लास्ट जवान घायल, एक की हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

चाईबासा। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र के मारंगपोंगा इलाके (सारंडा जंगल) में आईईडी विस्फोट हुआ है। इसमें सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए हैं। घायलों में एक सब इंस्पेक्टर और एक अन्य जवान शामिल हैं। इनमें एक की हालत गंभीर है। बेहतर इलाज के लिए घायलों को हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया है। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की है। सारंडा जंगल में शनिवार को सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब ढाई से 02:45 बजे आईईडी ब्लास्ट की घटना हुई। आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ 193 बटालियन के एसआई सुनील कुमार मंडल एवं पार्थ प्रतिम डे जख्मी हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज



घायल सीआरपीएफ जवान को हेलीकॉप्टर से रांची भेजने की तैयारी करते साथी

के लिए दोनों घायलों को हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया।

छत से दबकर दो मजदूरों की मौत

गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)। झारखंड के गिरिडीह जिले में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया है। जर्जर भवन की छत से दबकर दो मजदूरों की मौत हो गयी है, जबकि एक मजदूर घायल हो गया है। सभी मजदूर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों की मदद से एक मजदूर को बाहर निकाला जा सका। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से दोनों मजदूरों के शवों को बाहर निकाला गया।

हाजीपुर में एसटीएफ व अपराधियों के बीच मुठभेड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के दिलावरपुर हेमती चंवर के पास एसटीएफ एवं बदमाशों के बीच हुए एनकाउंटर में पुलिस ने दो कुख्यात बदमाश को गोली मारकर घायल करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। घायल दोनों बदमाशों को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां दोनों का पुलिस अभिरक्षा में इलाज किया जा रहा है। गिरफ्तार बदमाश नगर थाना क्षेत्र के चिकनौटा गांव निवासी सुनील राय का पुत्र विशाल कुमार उर्फ फुदेना तथा बिदुपुर थाना क्षेत्र के गोपाल चकनई गांव निवासी ज्वाला राय का 20 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार बताया गया है। दोनों कुख्यात बदमाशों के विरुद्ध जिले के नगर थाना समेत कई थानों में लुट, हत्या, डकैती एवं आर्म्स एक्ट के दर्जनों मामले दर्ज थे। दोनों की तलाश पटना एसटीएफ काफी समय से कर रही थी। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात बदमाश सुनील तथा सुशील किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बिदुपुर थाना क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना मिलते एसटीएफ की स्पेशल टीम बुदुपुर थाना क्षेत्र में अपना जाल बिछा दिया।

दिल्ली हाईकोर्ट जज के घर कैश केस की जांच शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से 15 करोड़ कैश मिलने के मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने 21 मार्च को इंटरनल इन्क्वायरी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई संजीव खन्ना को सौंपी थी। शनिवार शाम सीजेआई ने जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की इंटरनल जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई है। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस से जस्टिस वर्मा को कोई भी काम न सौंपने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जारी एक बयान में यह भी कहा गया है कि दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस की तरफ से दी गई रिपोर्ट, जस्टिस वर्मा का जवाब समेत सभी डॉक्यूमेंट्स वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। 21 मार्च को कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली के बंगले पर 14 मार्च की रात आग लगने के बाद कैश बरामद हुआ था। घटना के दौरान जस्टिस वर्मा शहर से बाहर थे। इसके बाद देर शाम फायर सर्विस चीफ अतुल गर्ग का बयान सामने आया, जिसमें उनके हवाले से बताया गया था कि जस्टिस वर्मा के घर आग बुझाने के दौरान उनकी टीम को कोई कैश नहीं मिला था। इससे पहले 2018 में गाजियाबाद की सिम्भावली शुगर मिल में गड़बड़ी के मामले में जस्टिस वर्मा के खिलाफ सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी। सूत्रों के मुताबिक ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने मिल में गड़बड़ी की शिकायत की थी। शिकायत में कहा था कि शुगर मिल ने किसानों के लिए जारी किए गए 97.85 करोड़ रुपए के लोन का गलत इस्तेमाल किया है। जस्टिस वर्मा तब कंपनी के नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। इस मामले में सीबीआई ने जांच शुरू की थी। हालांकि जांच धीमी होती चली गई। फरवरी 2024 में एक अदालत ने सीबीआई को बंद पड़ी जांच दोबारा शुरू करने का आदेश दिया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को पलट दिया और सीबीआई ने जांच बंद कर दी।

सड़क हादसे में सेक्शन ऑफिसर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। जिले के बोचहा थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर- दरभंगा फोरलेन (एनएच-57) पर मुरादपुर में राधा स्वामी सत्संग के समीप एक स्कूटी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी, जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गयी हादसे के बाद लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। ग्रामीण सुजीत कुमार सहनी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सहायक थानाध्यक्ष लुटावन राम ने बताया कि युवक (मृतक) की पहचान मिठनपुरा थाना क्षेत्र के जुब्बा सहनी पार्क के समीप स्थित मिस्कॉट लेन नंबर-4 के विपिन बिहारी वर्मा के पुत्र 48 वर्षीय पुत्र सुमित शेखर के रूप में हुई है। युवक के पास से बरामद आइ कार्ड से युवक की पहचान हुई है। वह पथ निर्माण विभाग में प्रशाखा पदाधिकारी (सेक्शन ऑफिसर) था। घटना की सूचना पुलिस ने मृतक के परिजनों को दी, जिसके बाद रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे युवक स्कूटी से मुजफ्फरपुर से दरभंगा की ओर जा रही था। इसी बीच तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी, जिससे युवक की सिर फटने से मौत हो गयी। वहीं स्कूटी के परखचे उड़ गये। थानाध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलते ही एफआइआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

पीएम को काला झंडा दिखाने के आरोप में झारखंड के शिक्षा मंत्री और पूर्व सांसद समेत 13 बरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जमशेदपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काला झंडा दिखाने, सड़क जाम करने और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, पूर्व सांसद सुमन महतो समेत झामुमो पार्टी से जुड़े 13 आरोपितों को जमशेदपुर न्यायालय की न्यायिक दंडाधिकारी सुशील सोरेंग की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। इस मामले में एक आरोपित बधुआ उरांव का निधन हो गया था। इसलिए उनके बेल बॉन्ड को निरस्त कर दिया गया। यह मामला 24 अप्रैल 2016 को सोनारी थाना में दर्ज किया गया था। घटना के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करने के लिए आना था। उस दिन झामुमो की ओर से उनका विरोध करने और सोनारी हवाई अड्डा के गेट के सामने प्रदर्शन कर काला झंडा दिखाने की योजना बनाई गयी थी। जानकारी मिलने पर जिला पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। इस दौरान कदमा से पूर्व सांसद सुमन महतो, अजय रजक और अन्य लोग जुलूस लेकर सोनारी हवाई अड्डा के पीछे पहुंचे थे, जबकि वहां पहले से ही शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, अजय रजक, शैलेंद्र महतो, योगेंद्र कुमार निराला, मोहन कर्मकार, हेमंत पाठक, बाबर खान, पवन सिंह, नरोत्तम कुमार, लालटू महतो और जगन्नाथ महतो भी मौजूद थे। इन सभी को आरोपित बनाया गया था। सोनारी पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट दायर कर सभी के खिलाफ मुकदमा चलाने का आग्रह किया था। पुलिस ने इस मामले में छह पुलिसकर्मियों को गवाह के रूप में प्रस्तुत किया था।

बिहार दिवस पर पर ड्राइविंग लाइसेंस व बस पास बनवाने के लिए परिवहन विभाग की अनूठी पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार दिवस के मौके पर परिवहन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है और गांधी मैदान में निःशुल्क वाहन जांच और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस मौके पर विभाग की तरफ से दो पहिया और चार पहिया ई-वाहनों, सीएनजी वाहनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। बिहार दिवस के मौके पर परिवहन विभाग द्वारा लगाए गये स्टॉल पर सड़क सुरक्षा, आधुनिक वाहन तकनीक और यातायात नियमों की जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया है। परिवहन विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस



और पपेट शो के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं और सुरक्षा नियमों को लेकर लोगों को जागरूक किया। ये आधुनिक तकनीकें सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने में सहायक साबित हो रही हैं। बड़ी बात ये है कि यहां वाहन जांच के लिए दो सिमुलेटर, चार्जिंग स्टेशन का लाइव डेमो, ड्राइविंग लाइसेंस में मोबाइल नंबर अपडेट, वाहन चालकों की नेत्र जांच जैसी निः शुल्क सुविधाएं भी मौजूद हैं। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाले सज्जन नागरिकों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। यह पहल लोगों को मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की ओर प्रेरित करने के लिए की जा रही है। इसके साथ ही छात्रों के लिए विशेष ऑफर के साथ बस पास बनाने की सुविधा दी जा रही है, जिससे वे सुलभ और किफायती यात्रा का लाभ उठा सकें। यही नहीं, सड़क सुरक्षा थीम पर पेंटिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें विजेताओं को हेलमेट, की-रिंग और रिफ्लेक्टिव बैंड से पुरस्कृत किया जाएगा।

बिहार दिवस पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से लेकर देशभर के नेताओं की मिली बधाई

भारतीय परंपराओं और संस्कृति के केंद्र में रहे बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार आज 113 साल का हो गया। इस मौके पर शनिवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में शनिवार से बुधवार तक पांच दिन बिहार दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। बिहार दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ ही देश भर के नेताओं ने बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में सभी ने कहा है कि बिहार की खुशहाली और तरक्की के लिए भरपूर सहयोग दिया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा है 'बिहार दिवस पर सभी निवासियों को मैं हार्दिक बधाई देती हूं। बिहार की धरती प्राचीन काल से ही ज्ञान और विकास का केन्द्र रही है। मेरा विश्वास है कि बिहार के निवासी अपनी प्रतिभा, दृढ़संकल्प तथा परिश्रम के बल पर विकसित बिहार और विकसित भारत के निर्माण में अपना भरपूर योगदान देते रहेंगे। पीएम मोदी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा है कि बिहार के विकास के लिए हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम सभी मिलकर बिहार के गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। पीएम मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि भारतीय परंपराओं और संस्कृति के केंद्र में रहे राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि वीरों और महान विभूतियों की पावन धरती बिहार के अपने सभी भाई-बहनों को बिहार दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय इतिहास को गौरवान्वित करने वाला हमारा यह प्रदेश आज अपनी विकास यात्रा के जिस महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है, उसमें यहां के परिश्रमी और प्रतिभाशाली बिहारवासियों की अहम भागीदारी है। हमारी संस्कृति और परंपरा के केंद्र-बिंदु रहे अपने इस राज्य के चौतरफा विकास के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे जबकि नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार का इतिहास गौरवशाली है और हम वर्तमान में अपने निश्चय से बिहार का गौरवशाली भविष्य तैयार कर रहे हैं। विकसित बिहार के सपने को साकार करने में भागीदारी के लिए मैं आप सभी का आह्वान करता हूं। हम सब मिलकर बिहार के गौरव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे। वहीं, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अतुल्य परंपरा, शौर्य एवं ज्ञान की भूमि बिहार के स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व अनंत शुभकामनाएं देता हूं। भगवान बुद्ध और महावीर की तपोस्थली बिहार ने अपने ज्ञान, दर्शन और अध्यात्म के प्रकाश से सदैव सम्पूर्ण विश्व को आलोकित किया है। इसके साथ ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सभी बिहारवासियों को 'बिहार दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं। ज्ञान, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की भूमि बिहार ने हमेशा देश को नेतृत्व और नई ऊर्जा प्रदान की है। इतिहास के गौरवशाली अध्यायों से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक, बिहार ने हर क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एनडीए सरकार बिहार को प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेशवासियों की सुख, शांति और उन्नति की कामना करता हूं।

वहीं, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ज्ञान, अध्यात्म, संस्कृति, सभ्यता, संस्कार और समृद्ध परंपराओं की भूमि बिहार के 113वें स्थापना दिवस पर सभी बिहारवासियों को अनंत शुभकामनाएं। ज्ञान और संस्कृति का है आधार, ऐसा है हमारा बिहार! जबकि उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि ज्ञान, प्रतिभा, ऐतिहासिक गौरव, विद्वता, साधना, अहिंसा, संस्कृति, शौर्य, पराक्रम, प्रेम की पुण्यधरा और लोकतंत्र की जननी- बिहार के स्थापना दिवस पर समस्त बिहारवासियों को हार्दिक बधाई।

14 करोड़ बिहारवासियों की अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक हैं नीतीश कुमार: राजीव रंजन प्रसाद



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि बिहार में न्याय के साथ विकास का नारा देने वाले और उसे सफलता पूर्वक लागू करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार असल में महानायक हैं। उन्होंने कहा कि बिहार जैसा राज्य जो कभी गुमनामी के अंधेरों में खोया हुआ था उसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास के शिखर पर पहुंचाने का काम किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 50 वर्षों के दागरहित राजनीतिक जीवन का मूल्यांकन राजद अपने तुच्छ आरोप लगाकर नहीं कर सकता है।

राजद पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सवाल उठाने से पहले राजद को पिता, माता और बेटे की राष्ट्रभक्ति का जवाब देना चाहिए। जब साल 1997 में लालू प्रसाद यादव ने उल्टा तिरंगा झंडा फहरा दिया था। वहीं साल 2002 में मार्च पास्ट के दौरान जब राष्ट्र गान बज रहा था तो लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी अपनी सीट से खड़े तक नहीं हुए थे। साल 2020 की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की राष्ट्रभक्ति कहां चली गई थी जब वो तिरंगा फहराने वाले पोस्ट पर ही चढ़ गए थे? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश बिहार की अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक हैं और राज्य की 14 करोड़ जनता उनके साथ खड़ी है।

बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. ने लगाई प्रदर्शनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। लोगों के आर्थिक विकास में बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. सब के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखा जाता है कि साधारण से साधारण व्यक्ति को ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। यह उक्त बातें बिहार दिवस पर बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में अपर निबंधक प्रभात कुमार ने कहीं। यह प्रदर्शनी पटना गांधी मैदान के समीप सहकारिता मंडप में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि उधारकर्ताओं का भी दायित्व है कि समयानुसार बैंक का पैसा वापस किया जाए, ताकि भविष्य में उन्हें ऋण लेने में कोई परेशानी न हो तथा अधिक से अधिक लोगों को आवश्यकतानुसार ये सुविधा प्राप्त हो जाए। उन्होंने कहा कि हमारा एटीम वैन लोगों सहज उपलब्ध हैं, इससे लोगों को काफी सहूलियत हो रही हैं। इसके अलावा अन्य सेवाओं का ध्यान रखा जा रहा है। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों द्वारा ग्राहकों को ऋण सुविधाएं एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके तहत संपत्ति पर ऋण, स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूह, महिला सशक्तिकरण ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण शिखा ऋण गोल्ड ऋण , किसान क्रेडिट कार्ड, व्यतिगत कर्ज. एवं ओवर ड्राफ्ट की जानकारी दी गई। वहीं जमा और बचत योजनाएं के तहत आरडी, एफडी, एलडी, एसटीडी, एमआईएस, पीएसीएस, मोबाइल एप से एजेंटों के माध्यम से, दैनिक जमा योजना, जमा राशि पर 75 प्रतिशत ऋण की सुविधा, जमे राशि की जानकारी एसएमएस से, बाल बचत योजना की जानकारी दी गई। इसके अलावा योजनाएं एवं सुविधाएं में अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, बाल विकास योजना, ई-स्टाम्पिंग और ई - कोर्ट सुविधाएं, प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना एवं क्यूआर कोड सुविधाएं के बारे में जानकारी दी गई।

थाना के मुंशी को दिनदहाड़े सड़क पर दौड़ा कर पीटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। अपराधियों के निशाने पर पुलिस, दरअसल मसौढ़ी स्टेशन रोड में पोस्ट ऑफिस के पास ओकरी थाना के मुंशी अविनाश मिश्रा को कुछ युवकों ने बुरी तरह से दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई कर दी। पिटाई होने के बाद घायल मुंशी दौड़ते हुए तारेगना रेल थाना पहुंचा जहां वह अपनी आपबीती सुनाई। मौके पर मौजूद तारेगना रेल थानाध्यक्ष राजू दुबे मुंशी अविनाश मिश्रा के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की जिस जगह पर मुंशी की पिटाई हुई थी। पिटाई के बाद घायल थाना के मुंशी ने अपने ओकरी थाना में इसकी सूचना दिया जहां से ओकरी थानाध्यक्ष दल-बल के साथ मसौढ़ी पहुंचे और मामले की जांच करते हुए घटनास्थल का मुआयना किया।

बिहार को विकसित और स्वच्छ बनाने का लें संकल्प : नीतू नवगीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में आयोजित हो रहे बिहार उत्सव के तहत पटना नगर निगम के मंडप में स्वच्छता जागरूकता के संबंध में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर और बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के अनेक पारंपरिक लोकगीतों को गाते हुए पटना के सभी निवासियों से अनुरोध किया कि वह शहर की स्वच्छता के लिए संकल्पित रहें और स्वच्छता



सर्वेक्षण में जरूर से जरूर भाग लें। उन्होंने कहा कि पटना नगर को साफ रखने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार काम किया जा रहा है, लेकिन पूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। हमें अपनी जीवन शैली में भी सुधार करना जरूरी है। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किसी को नहीं करना चाहिए। इसकी जगह थैली लेकर मार्केटिंग के लिए जाने की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर हम सभी संकल्प लें कि बिहार को न सिर्फ विकसित बनाएंगे बल्कि स्वच्छ और सुंदर भी बनाएंगे। कार्यक्रम में उन्होंने ए बिहार की धरती तुझ पर जीवन कुर्बान है, जिस धरा पर हमने जन्म लिया वही हमारा मान है, बिहार के अनेक पारंपरिक लोकगीत और स्वच्छता गीत प्रस्तुत करके उपस्थित श्रोताओं का मनोरंजन किया। गायक राजेश केसरी ने भी कार्यक्रम में कई गीत पेश किया और लोगों को स्वच्छता के लिए काम करने का अनुरोध किया।

राजकीय संस्कृत महाविद्यालय ने मनाया बिहार दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय संस्कृत महाविद्यालय द्वारा'बिहार की सांस्कृतिक धरोहर' विषय पर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दर्शन विषय के प्राध्यापक डा शशिकान्त तिवारी ने कहा कि बिहार सदैव वीरों की भूमि रही है। इस भूमि को कुंअर सिंह, चाणक्य, आर्यभट्ट, अशोक शारदा सिन्हा आदि महापुरुषों ने अपने कर्मों से पल्लवित पुष्पित किया है। यह भूमि माता सीता की जन्मस्थली हैं जिसको प्रभु श्रीराम ने जामाता बनकर पवित्र कर दिया। संस्कृत तथा संस्कृति की रक्षा में बिहार की भूमिका अविस्मरणीय रही है। अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मनोज कुमार ने कहा कि बिहार वैसी पवित्र भूमि है जहां साक्षात भगवान भी नौकर बनकर रहना पसंद करते हैं। बिहार की मिथिला भूमि के अयाची मिश्र को कौन नहीं जानता है, जिनका भारतीय संस्कृतिक योगदान अद्वितीय अप्रतिम है। भारत की स्वतन्त्रता संग्राम में बिहार तथा बिहारियों की भूमिका विशिष्ट है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए महाविद्यालय की सहायक प्राचार्या डा ज्योत्सना ने कहा कि बिहार का छठ पर्व आज महापर्व के रूप में न केवल बिहार का अपितु समस्त संसार का पर्व बन चुका है।

गांधी मैदान में लगा प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् का स्टॉल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के पंडाल में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा एक विशेष स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। स्टॉल पर आने वाले आगंतुकों को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित मुद्रित रंगीन फोल्डर निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही पर्षद् के प्रकाशनों को डिजिटल रूप में डाउनलोड करने की सुविधा भी दी गई है जिसके लिए प्रत्येक प्रकाशन का एक अलग क्यू आर कोड बनाया गया है। स्टॉल पर प्रदूषण मापन उपकरणों का भी प्रदर्शन किया गया है। वायु गुणवत्ता को लेकर वातावरण में मौजूद धूलकण के नमूना संग्रहण यंत्र को दिखाया गया जिससे आगंतुक यह समझ सकें कि वायु प्रदूषण कैसे मापा जाता है।



इसके अलावा, ध्वनि प्रदूषण को मापने वाले यंत्र का भी संचालन कर लोगों को इसकी प्रक्रिया समझाई जा रही है। इन यंत्रों के संचालन और उनके उपयोग के बारे में प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के वैज्ञानिक कर्मी आम जनता की जिज्ञासाओं का समाधान कर रहे हैं। पर्यावरण जागरूकता को बढ़ाने के लिए स्टॉल पर रंगीन फ्लैक्स, होर्डिंग्स और स्टैंडी भी प्रदर्शित किए गए हैं जिनमें विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों और उनके समाधानों को सरल भाषा में समझाया गया है। इसके अतिरिक्त साउंड बॉक्स और स्पीकर के माध्यम से पर्यावरणीय गीत और रेडियो जिंगल का प्रसारण किया जा रहा है जिससे लोगों तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचे। बिहार दिवस के इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने की यह पहल जनसामान्य को प्रकृति के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया यौन शोषण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। नगर के एक मुहल्ले की रहने वाली एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर एक साल तक उसके साथ यौन शोषण करने के बाद शादी से इंकार कर देने के मामले का आरोपी संघतपर निवासी रविशंकर कुमार को मसौढ़ी पुलिस ने नाटकीय ढंग से शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस उसे जेल भेज दिया। गौरतलब है कि इस मामले को लेकर बीते 04 मार्च को युवती ने रविशंकर कुमार व उसके भाई गुड्डू कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी जिसमें आरोप लगाया थी कि रविशंकर कुमार ने एक साल तक शारीरिक संबंध स्थापित किया और इस दौरान उसने दो बार गर्भपात भी करा दिया। प्राथमिकी दर्ज हो जाने के बाद रविशंकर पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ रहा था। शनिवार को युवती ने योजना बनाकर रविशंकर को समझौता कर लेने व मिलने की इच्छा जता, उसे गांधी मैदान बुलायी। रविशंकर के आने की हामी भर देने के बाद युवती ने इसकी खबर पुलिस को दे दी। रविशंकर युवती से गांधी मैदान मिलने आया उसके पहले कुछ पुलिसकर्मी सादे लिवास में वहां मौजूद थे। इधर ज्योंहि रविशंकर युवती से मिला पुलिस उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर ली।

राजभाषा के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेल को मिला प्रथम पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। रेल भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सतीश कुमार, अध्यक्ष व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली ने पूर्व मध्य रेल को राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्रदान किया। पूर्व मध्य रेल के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उसे उत्तम कार्य निष्पादन के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। रेलवे बोर्ड में आयोजित इस समारोह में रेलवे बोर्ड के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे।



पूर्व मध्य रेल से इस पुरस्कार को मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक विजय कुमार ने प्राप्त किया। इसके साथ ही राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में इस रेल के सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अमित कुमार अग्रवाल को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया।

जयप्रभा मेदांता में छोटा चीरा लगाकर छाती दर्द से परेशान महिला के हृदय की सर्जरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, पटना में छाती में दर्द से परेशान मधुमेह रोगी 57 साल की एक महिला श्रीमती पुष्पा की मिनिमली इनवेसिव कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग द्वारा सफलतापूर्वक इलाज कर राहत दिलाई गई। यह एक नवीनतम तकनीक है जो पारंपरिक ओपन हार्ट सर्जरी की तुलना में अधिक सुरक्षित और प्रभावी है। चूंकि महिला मधुमेह की रोगी थी, इसलिए उसके परिजन ओपन हार्ट सर्जरी नहीं कराना चाहते थे। ओपन हार्ट सर्जरी में घाव में इंफेक्शन की संभावना से बचने के लिए इस नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल किया गया। नयी तकनीक में छाती के बाएं हिस्से में एक छोटा-सा चीरा लगाकर हृदय तक पहुंचा जाता है। इस तकनीक से पारंपरिक कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग की तुलना में कम दर्द, कम जटिलताएं और तेजी से रिकवरी होती है। हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ सर्जन ने बताया कि इस तकनीक से सर्जरी में विशेषज्ञता तथा टीम वर्क की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हमारे अस्पताल में इस तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग किया जाता है जिससे मरीजों को बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने ली सड़क सुरक्षा शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। सड़क सुरक्षा दिवस के अवसर पर बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने शनिवार (22 मार्च) को ली सड़क सुरक्षा शपथ। सूचना एवं जन-सम्पर्क निदेशक वैभव श्रीवास्तव ने विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं सभी कर्मियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में शपथ दिलाया। पदाधिकारियों और कर्मियों ने शपथ लिया कि 'मैं यह शपथ लेता/लेती हूं कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करूंगा / करूंगी। बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन नहीं चलाऊंगा / चलाऊंगी। बिना सीटबेल्ट बांधे चारपहिया वाहन



नहीं चलाऊंगा / चालाऊंगी। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करूंगा / करूंगी। तेज गति और गलत तरीके से वाहन नहीं चलाऊंगा / चलाऊंगी। अपने परिवार, समाज एवं सम्पर्क के सभी लोगों को भी वाहन चलाते समय यातायात के नियमों एवं प्रावधानों का पालन करने हेतु प्रेरित करूंगा / करूंगी। मैं सड़क पर दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति की हमेशा मदद करने के साथ एक स्वच्छ-स्वस्थ-सुरक्षित सड़क संस्कृति विकसित करने का प्रयास करूंगा / करूंगी। सड़क सुरक्षा शपथ में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के संयुक्त सचिव विद्यु भूषण चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी, कुमारिल सत्यनन्दन, संयुक्त निदेशक, रवि भूषण सहाय सहित विभाग के सभी पदाधिकारी एवं सभी कर्मी उपस्थित थे।

पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा पटना में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पूमरे, हाजीपुर के तत्वावधान में पाटलिपुत्र रेल परिसर, अधिकारी क्लब, दीघा, पटना में अधिकारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए सुनीता सिंह, अध्यक्षा, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की गरिमामयी उपस्थिति में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 115 अधिकारियों एवं उनकी परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य जांच सेंट्रल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना के चिकित्सकों के द्वारा की गई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में महाप्रबंधक, पूमरे छत्रसाल सिंह, अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण अपने परिवार के सदस्यों के साथ स्वास्थ्य जांच शिविर में सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। डा. संध्या किरण, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/सामान्य, डा. कौशल कुमार, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/फिजिशियन, डा. पंकज कुमार, वरीय मंडल चिकित्सा अधिकारी/ऑर्थो, डा. नेहा कुमारी, मंडल चिकित्सा अधिकारी/प्रसूति रोग एवं पारामेडीकल कर्मचारी द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

12 लाख को नौकरी व 34 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार : श्रवण कुमार

16 कंपनियों ने लगाये स्टॉल 254 लोगों को प्लेसमेंट,1806 रजिस्ट्रेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के अंतर्गत जीविका के माध्यम से बिहार दिवस पर मसौढ़ी गांधी मैदान में शनिवार को रोजगार मेला सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया जिसका विधिवत्त उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं एमएलसी रवींद्र कुमार के साथ जीविका जिला प्रबंधक मुकेश ससमल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर उद्घाटन किया। मौके पर एसडीएम अमित कुमार पटेल मसौढ़ी एवं पुनपुन बीडीओ उपस्थित रहे। इस रोजगार मेले में कुल 16 कंपनियों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार का अवसर दिया जहां कुल 10 युवक-युवतियों को ऑन स्पॉट मंत्री



श्रवण कुमार ने नियुक्ति पत्र बांटे। इस मौके पर संबोधन करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि 2025 तक हमारी सरकार 12 लाख लोगों को नौकरी और 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बिहार में रोजगार का मतलब नीतीश कुमार है जब तक बिहार के मुखिया नीतीश कुमार हैं-बेरोजगार को रोजगार, महिलाओं को सम्मान और बिहार में विकास होंगे। जीविका दीदियां सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन्होंने महिलाओं के समूह बनाकर और उन्हें बैंक से ऋण दिलाकर स्वरोजगार के क्षेत्र में क्रांति लाने का काम किया है। रोजगार मेले में 16 कंपनियों के स्टॉल लगाये गये थे जिनमें तीन कंपनियां प्रशिक्षण देने वाली थी। पटना जिले में यह छठा रोजगार मेला है। मंत्री ने आगे कहा कि लगभग एक हजार युवाओं का मेले में पंजीकरण हुआ है। आज 10 युवतियों को नियुक्ति पत्र बांटे गए जबकि कुछ के नियुक्ति पत्र बाद में मिलेंगे। कुल 254 लोगों को प्लेसमेंट मिला है जबकि 1809 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ। मौके पर जीविका के प्रबंधक जयप्रकाश शर्मा, नोडल पदाधिकारी युसूफ, एरिया कोऑर्डिनेटर श्वेता कुमारी के अलावा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष ग्रामीण सुनील कुमार वर्मा, कुमारी खुशबुरानी, चंद्रकला देवी, लालमोहन सिंह, रंजीत पटेल, पिंकू मुखिया, अश्विनी गोलडी, बीजेपी के आशा किरण सिंह, आशीष आदि शामिल रहे।

टोयोटा ने पर्यावरण संरक्षण और सतत प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। दुनिया जब 'विश्व वन दिवस' और 'विश्व जल दिवस' मना रही है, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यह वैश्विक टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज (पर्यावरण चुनौती) 2050 (टीईसी 2050) को मूर्त रूप देती है। इसमें 'शून्य पर्यावरणीय प्रभाव से आगे बढ़ना और शुद्ध सकारात्मक प्रभाव प्राप्त करना' जैसी छह दूरदर्शी चुनौतियां शामिल हैं। इनमें पानी के उपयोग को न्यूनतम और इष्टतम करना तथा प्रकृति के साथ सद्भाव में भविष्य के समाज की स्थापना भी की जानी है। टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज 2050 की स्थापना 2015 में हुई थी। तब से टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज कंपनी की निरंतर जारी रहने वाली पहल का मार्गदर्शन करना जारी रखती है। इससे पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली में सकारात्मक योगदान संभव हो पाता



है, इसके लिए कार्बन उत्सर्जन, संसाधनों की कमी, पानी की कमी और इसकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में जैव विविधता के नुकसान जैसी चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। टीकेएम की प्रतिबद्धता के केंद्र में 'ग्रह के प्रति सम्मान' का गहन दर्शन निहित है, जो पारिस्थितिकी तंत्र और स्थानीय समुदायों को समृद्ध करते हुए पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के कंपनी के प्रयासों को प्रेरित करता है।

220 पीस लेमन फ्रूटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



नासरीगंज (रोहतास)। काराकाट थाना क्षेत्र से शराब तस्करी की अजीबो गजब मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार की शाम एक सब्जी के कैरेट के नीचे रखे 220 पीस लेमन फ्रूटी शराब बरामद करते हुए एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए एसआई रमन कुमार सिंह ने बताया कि नियमित जांच के क्रम में बहुआरा काली मंदिर के समीप एक लूना बाइक चालक को रोका गया जिसे जांच करने पर उसके बाइक के पीछे बांधे सब्जी की कैरेट से शराब बरामद किया गया। बताया कि सब्जी की आड़ में शराब तस्कर 220 पैकेट लेमन फ्रूटी शराब छिपाकर ले जा रहा था। शराब कारोबारी नासरीगंज थाना क्षेत्र के धनाव ईंग्लिश गांव निवासी स्व. बैजनाथ गुप्ता के पुत्र जगनारायण गुप्ता बताया जाता है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि शराब बनाने, बेचने और सेवन करने वालों के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत शुक्रवार को रघुनाथपुर बाल पर गुप्त सूचना के आधार पर एसआई रविन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में छापेमारी किया गया जहां से देसी शराब निर्माण के लिए निर्मित करीब एक हजार लीटर महुआ पॉस के साथ उपकरण व बर्तन को नष्ट किया गया। बताया कि पुलिस शराब माफियाओं और तस्करों के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चला रही है।

दुर्गावती नदी से अज्ञात युवक का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के कझारघाट गांव के पास दुर्गावती नदी से शनिवार को युवक का शव बरामद किया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कुदरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि आसपास व मौके पर मौजूद लोगों से शव की पहचान कराई गई, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। शव के पहचान के लिए आसपास के थाना से भी संपर्क किया जा रहा है।

प्रभातफेरी के साथ जिले में तीन दिवसीय बिहार दिवस कार्यक्रम का आगाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



सासाराम। बिहार की स्थापना के 113 साल पूरे होने पर पूरे राज्य में धूमधाम से बिहार दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सासाराम में तीन दिवसीय बिहार दिवस महोत्सव की शुरूआत प्रभातफेरी से हुई। डीटीओ राम बाबू, एसडीएम आशुतोष रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय और सीनियर ड्यूटी कलेक्टर ओमप्रकाश लाल ने स्टेशन रोड से प्रभातफेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभातफेरी स्टेशन रोड, पोस्ट ऑफिस चौक से समाहरणालय होते हुए न्यू स्टेडियम, फजलगंज तक पहुंची। इसमें संत जोसेफ स्कूल, भारत स्काउट एंड गाइड, एनसीसी कैडेट बैंड के साथ विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों के बच्चे और कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। 23 मार्च को सुबह 8:00 बजे से न्यू स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू होगी। शाम को म्यूजिकल चेयर और स्पून रेस का आयोजन किया जाएगा। रात 6 बजे से स्थानीय कलाकारों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 24 मार्च को शाम 5 बजे मल्टी परपस हॉल में सम्मान समारोह के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन होगा। इस मौके पर संत जोसेफ स्कूल निदेशक सह बिहार पब्लिक स्कूल चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, शिक्षा संभाग विभाग से पंकज कुमार, भारत स्काउट एंड गाइड संगठन आयुक्त संजीत कुमार, अमित राठौर, रवि कुमार शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

बिहार दिवस पर छात्रों ने निकाली प्रभातफेरी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी की छात्रों ने प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में बिहार दिवस के अवसर पर विभागीय निर्देशानुसार प्रभातफेरी का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को विद्यालय से रवाना किया। प्रभातफेरी में बच्चों ने उन्नत बिहार विकसित बिहार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पढ़ेगा बिहार बढ़ेगा बिहार जय बिहार के नारों से शहर को गुंजायमान करने का कार्य किया। प्रभातफेरी में विद्यालय के शिक्षक तनवीर अख्तर ने छात्र-छात्राओं की रैली का नेतृत्व किया। रैली विद्यालय से निकलकर हृदय स्थल कर्पूरी चौक होते हुए अनुमंडल कार्यालय से अंबेडकर चौक बाल गोविंद विगहा शिवगंज होते हुए विद्यालय वापस पहुंची। प्रभातफेरी में भाग लेने वाले छात्रो में पृथ्वी कुमार संजय कुमार झीस कुमार पासवान मृत्युंजय कुमार अमन गुप्ता नंदनी कुमारी रानी कुमारी प्रिया कुमारी खुशी कुमारी नीरज कुमार अंशु कुमारी सोनी कुमारी सिमरन कुमारी प्रिया कुमारी सोनम कुमारी खुशी कुमारी काजल कुमारी अंजली कुमारी आदि प्रमुख रहे।

कैमूर में बिहार दिवस पर कार्यक्रमों की रही धूम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



भभुआ। बिहार दिवस 2025 के अवसर पर 22मार्च 2025 की शुरूआत पूर्वाह्न 5:30 बजे मिनी मैराथन के द्वारा किया गया। मिनी मैराथन में जिला प्रशासन, मीडिया तथा आम नागरिकों की भागीदारी रही। मिनी मैराथन समाहरणालय से एकता चौक होते हुए जयप्रकाश चौक, अखलासपुर बस स्टैंड से पुनः समाहरणालय कैमूर में समापन हुआ। मिनी मैराथन में प्रथम स्थान पर उप विकास आयुक्त, द्वितीय स्थान मोहन गंगा समिति तथा तृतीय स्थान पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर रहे। पूर्वाह्न 7 बजे से प्रभातफेरी का आयोजन किया गया जिसमें जिला मुख्यालय के विद्यालयों के सभी बच्चे, शिक्षक/शिक्षिका सहित सभी विभाग के पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे। प्रभातफेरी समाहरणालय से जगजीवन स्टेडियम तक किया गया। जिले के चिन्हित स्थलों यथा कर्मचट डेम, जगदवान डेम, आईटीआई भभुआ, आईटीआई मोहनियां में 22 मार्च को बच्चों को भ्रमण कराने हेतु बस को उप विकास आयुक्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। 23 मार्च को शेष प्रमुख स्थलों पर भ्रमण कराया जायेगा। पूर्वाह्न 11 बजे से लिच्छवी भवन भभुआ में जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि ऑब्जेक्टिव ज्ञान को सब्जेक्टिव ज्ञान में परिणत कराने का शिक्षा विभाग प्रयास करे तभी क्विज का उद्देश्य पूरा होगा जिसमें प्रत्येक प्रखंड से चयनित दो-दो बच्चों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता कुल 5 राउंड कराया गया जिसमें बिहार स्पेशल प्रश्न, सामान्य ज्ञान, विजुअल राउंड, ऑडियो राउंड, वीडियो राउंड कराया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त प्रखंड भगवानपुर द्वितीय चांद, तृतीय में रामपुर एवं अधौरा रहा। सभी बच्चों को डीईओ एवं डीपीओ द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल दिया गया। क्विज प्रतियोगिता का प्रारूप एवं प्रश्न का चयन मृत्युंजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में कमलेश कुमार, धीरज कुमार, सुमित कुमार, डॉ वंदना, श्वेता सुरभि, महीप शेखर द्वारा किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों के सफल क्रियान्यवयन में हरिनारायण ओझा, अशोक तिवारी, ओमप्रकाश मिश्रा, शिवशंकर सिंह रहे।

बिहार दिवस पर प्रभातफेरी में शामिल हुए स्काउट गाइड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। जिला प्रशासन रोहतास द्वारा आयोजित बिहार दिवस के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड रोहतास के सफल निर्देशन में तथा जिला प्रशासन रोहतास एवं शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में प्रभातफेरी रैली को हरी झंडी जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीराम बाबू, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय उपाध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड रोहतास के साथ सासाराम रेलवे स्टेशन से फैजलगंज न्यू स्टेडियम सासाराम तक प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में भारत स्काउट और गाइड के बच्चे ने बिहार दिवस पर विभिन्न नारा स्लोगन से शहरवासियों का मन मोह लिया। इस प्रभातफेरी में स्काउट और गाइड का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त स्काउट अरविन्द कुमार सिंह, संजीत कुमार, जिला सचिव डॉ. सुरेन्द्र कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष ऋषिकेश कुमार झा ने किया। अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि बिहार दिवस जिसे 'बिहार स्थापना दिवस' भी कहा जाता है, हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन 1912 में बंगाल प्रेसीडेंसी से बिहार और उड़ीसा प्रभाग को अलग करके बिहार और उड़ीसा प्रांत का गठन करने की याद में मनाया जाता है।

बिहार दिवस पर निकली प्रभातफेरी, प्रतियोगिता आयोजित

उच्च माध्यमिक सह कन्या मध्य स्कूल जहानाबाद में हुआ कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कुदरा। बिहार दिवस के अवसर शनिवार को जहानाबाद उच्च माध्यमिक सह कन्या मिडिल स्कूल से प्रभातफेरी निकाली गई जिसके बाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों व छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षकों ने पुरस्कृत किया। स्कूल से निकली प्रभातफेरी को नगर पंचायत मुख्यालय में भ्रमण कराया गया। आयोजित पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक प्रदर्शन किए। पेंटिंग में कुल 12 छात्राओं ने भाग लिया जबकि रंगोली के 12 समूह में कुल 61 छात्राओं ने भाग लिया। पेंटिंग में शिफानाज प्रथम, खुशी द्वितीय लक्की ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में नाजनीन जेबा व सन्ना के समूह को प्रथम स्थान, अलीना व सृष्टि के समूह को द्वितीय स्थान तथा आंचल व अनामिका, दीपू एवं जूही के समूह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी छात्र-छात्राओं को हेडमास्टर कुमार अनिल द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्कूल के दर्जनों शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

वन कर्मी के साथ मारपीट मामले में 6 लोगों पर एफआईआर दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

अकबरपुर (रोहतास)। रोहतास थाना क्षेत्र के बंजारी के समीप ग्रामीणों एवं वन कर्मियों के बीच हुई झड़प में 6 लोगों को नामदज कर प्राथमिकी दर्ज किया गया एवं 15 अज्ञात भरुही निवासी महिलाएं एवं पुरुषों को अभियुक्त बनाया गया है। रोहतास थानाध्यक्ष निकुंज भूषण प्रसाद ने बताया कि अनिल कुमार राजेश चौहान, सुरेश चौहान, मनोज चौहान, धिक्षन चौहान, मुनवा कुंअर को नामदज कर प्राथमिक की दर्ज की गई। वहीं भरुही निवासी 15 महिलाओं एवं पुरुष अज्ञात लोगों को भी अभियुक्त बनाया गया। वही थानाध्यक्ष निकुंज भूषण प्रसाद यह भी बताया कि डिहरी वन प्रक्षेत्र के वनरक्षी दीपक कुमार के द्वारा आवेदन दिया गया।

बिहार दिवस पर फुटबॉल मैच का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रामपुर। बिहार दिवस की शुभ अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के प्रांगण में एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जहां भभुआ बनाम एकलव्य सासाराम के बीच मैच खेला गया जिसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी सावन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किक मारकर कर मैच शुरू शुरू किया गया। मैच शुरू होते ही दोनों टीमों ने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन मध्यांतर तक कोई भी टीम गोल करने में सफलता नहीं मिली। मध्यांतर के बाद शुरू होते ही खेल के 5 मिनट में जर्सी नंबर 10 गोलू ने अच्छा किया, लेकिन गोलकीपर के द्वारा अच्छा बचाव किया गया। मैच के अंतिम दौर में सासाराम एकलव्य की टीम में 0.1 से विजेता घोषित किया गया। सभी विजेता, उप विजेता टीम को कप ओर प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन निर्मल यादव पूर्व मुखिया पहड़िया ने किया मैच में प्रमुख रेफरी, राम प्रसाद सिंह, रौशन अली थे। मैच के दौरान ओम प्रकाश कुमार खेल उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर, बिरजू सिंह पटेल पूर्व सचिन गौरव सिंह उप समाहर्ता, विकास कुमार डीपीओ जिला शिक्षा कार्यालय भभुआ तुलसी प्रसाद सिंह, शौकत अली गद्दी, इम्तियाज अली, रमेश कुमार निषाद, संदीप यादव, नारायण यादव, मुकेश पटेल पूर्व पैक्स अध्यक्ष शिवो, सरफराज अली, पप्पू कुमार, उमेश कुमार सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी जिला खेल मीडिया डा तुलसी प्रसाद सिंह ने दी।

जय बिहार के नारों से गुंजायमान हुए, गांव शहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोचस। जय बिहार जय बिहार के गूंज से गुंजायमान हुआ गांव शहर। मौका था बिहार दिवस का। इस अवसर पर सरकारी गैर सरकारी संस्थानों से लेकर विद्यालयों में शनिवार को बिहार दिवस की धूम मची रही। मौके पर सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में पोषक क्षेत्र में रैलियां निकाली गयी। रैली का नेतृत्व मध्य व माध्यमिक विद्यालय सरेंया में मनोज कुमार, दीपक कुमार कोचस में संजय सिंह, परसथुआ में शेषनाथ कुमार, शेख बहुअरा में बीरेंद्र सिंह, कथराई में निर्भय राय, कपसिया में अजय कुमार सिंह, सारोसेर में घुरफेकन चौधरी, सेलास में ओपी गुप्ता, उबधी सजना कुमारी, बराढ़ी में श्रीकांत सिंह बलथरी में दिनेश प्रसाद, कंजर सुरेश कुमार, राज बंसी कन्या में जयराम पाल, धबछुआ में कवल सिंह, रेड़िया में कृष्णा बिहारी सिंह, चित्तैनी में विनय मिश्र उच्च विद्यालय बलथरी में संतोष राय, कुछिला में पंकज कुमार समेत अन्य कर रहे थे। छात्र-छात्राएं अपने हाथों में तख्ती व बैनर लिए नारे लगाते हुए बिहार के गाथा को गा रहे थे। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बिहार गीत, बिहार राज्य प्रार्थना आदि गाकर बिहार के गौरव इतिहास को याद किया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने कहा कि बिहार दिवस हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर को याद करने और राज्य की समृद्धि, विकास तथा उपलब्धियों का उत्सव मनाने का अवसर है। दरअसल, बिहार का गठन 22 मार्च, 1912 को हुआ था। इसे बंगाल प्रांत से अलग कर एक नया राज्य बनाया गया था। यह दिन बिहार के लोगों के लिए एक विशेष महत्व रखता है। बिहार दिवस, बिहार के लोगों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर, शिक्षा, कला, साहित्य और संघर्ष की प्रेरणा देने का कार्य करता है। मौके पर प्रियंका तिवारी, शिवजी प्रसाद, सुधीर कुमार, नगमा, अमिता कुमारी आदि थे।

नारायण स्कूल ऑफ लॉ के छात्रों ने अर्जित की शानदार सफलता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण स्कूल ऑफ लॉ के 2019 और 2020 सत्र की परीक्षा में शामिल सभी छात्रों ने 19वीं अखिल भारतीय बार परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विधि संकाय के साथ ही संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार गर्व महसूस कर रहा है। संस्थान के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह, कुलपति डॉ प्रो महेंद्र कुमार सिंह, प्रतिकुलपति डॉक्टर प्रोफेसर जगदीश सिंह, सचिव गोविंद नारायण सिंह, प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, विधि संकाय के निदेशक डॉ विनोद कुमार सरोज, संकाय के सभी शिक्षक गण एवं सदस्यों ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई दी।

अभिनव कला संगम ने किया नगर परिषद के नए कार्यपालक पदाधिकारी का स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम परिवार ने संस्था के अध्यक्ष संतोष सिंह के नेतृत्व में डिहरी-डालमिया नगर परिषद के नए कार्यपालक पदाधिकारी का स्वागत पुष्प कुछ देकर किया। सचिव नंदन कुमार ने बताया कि संस्था के द्वारा आयोजित होने वाले कला संस्कृति एवं साहित्यिक कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। सदस्यों ने बताया कि जनहित में सरकारी विभागों के अंतर्गत सारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संस्था के समन्वय और सम्मान के साथ उन्हें धरातल पर क्रियान्वित करती है। कार्यपालक पदाधिकारी ने सहयोग का वादा किया। इस मौके पर संस्थान के कलाम हाशमी, अरुण शर्मा, विजय चौरसिया, प्रेम प्रकाश, शिव गुलाम, सुनील कुमार उर्फ पिंटू, जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू, आकाश कुमार, राहुल सिंह मौजूद थे।

बिहार दिवस पर किया पौधारोपण

पर्यावरण रक्षा के लिए सबको आना होगा आगे : छोटी देवी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। बिहार दिवस के अवसर पर डिहरी प्रखंड के मथुरी पंचायत के मुखिया छोटी देवी के द्वारा सखरा पंचायत भवन के आसपास दर्जनों पौधारोपण किया गया। मुखिया छोटी देवी समाजसेवी आशुतोष कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, पंचायत सचिव राज कुमार राय, पर्यवेक्षक अशरफ हुसैन ने कहा इस दिवस पर पौधारोपण जैसा कार्य करना, बिहार दिवस की सार्थकता सिद्ध करती है। कहा कि लोगों को चाहिये कि पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आएं और बेहतर ऑक्सीजन के लिए पीपल, बबूल व नीम आदि के पौधे लगाने की जरूरत है। समाजसेवी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि पौधा की सुरक्षा ही हमारे जीवन की सुरक्षा चक्र है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सार्वजनिक स्थल से लेकर निजी स्थल तक हरे पौधों को लगाकर उनको उनकी जिम्मेदारी पूर्वक देखभाल करना होगा। प्रति व्यक्ति कम से कम 11 पौधे लगाए ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। इस दौरान पंचायत में विभिन्न स्थलों पर फलदार सहित अन्य पौधे पंचायत के लोगों द्वारा लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम में दीपक कुमार, जीवन सिंह, बलजीत कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

27 आरोपित गिरफ्तार

डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)। अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 27 आरोपितों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार हत्या के प्रयास, शराब तस्कर, हत्या के प्रयास, चोरी, अपहरण, विविध कांड, वारंटी शामिल है।

आंखों की देख-भाल हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए : कुलपति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



सासाराम। अपने जीवन शैली में बदलाव कर के और उचित खान-पान एवं स्वस्थ आदतों को अपना कर हम दृष्टि दोष की समस्या से खुद को बचा सकते हैं। यह बातें आज विश्व आप्टीमेट्री दिवस के अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट एवं अलाइड साइंसेज द्वारा आयोजित सेमिनार में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह ने कही। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों से कहा कि अपने ज्ञान एवं अनुभव को उच्च स्तर का बनाएं ताकि वे इन चुनौतियों का सामना कर रहे लोगों की गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान कर सके। उन्होंने सभी से अपील की कि हमारे शारीर की सभी ज्ञान इन्द्रियों में आंखें सबसे महत्वपूर्ण है। अतः उनकी सही देख-भाल हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उक्त सेमिनार में आंखों की बीमारियों से रोक-थाम, सही तरीके से जांच, उपचार एवं पुनर्वास की नयी तकनीकों पर वक्ताओं ने अपनी बात रखी। मुख्य वक्ता एन.टी.पी.सी. अस्पताल, पतरातू के मो० सद्दाम हुसैन ने अल्प दृष्टि पर अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि हम किस प्रकार से अल्प दृष्टि को पहचान सकते हैं और उसके उपचार तथा पुनर्वास के लिए क्या-क्या किया जा सकता है। अपने संबोधन में नारायण पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट एवं अलाइड साइंसेज के निदेशक डॉक्टर अवनीश रंजन ने कहा कि इस दिवस को मनाने का मकसद यह है कि आंखों की सही देख-भाल एवं इस क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों की सेवाओं के प्रति जनमानस का ध्यान आकर्षित किया जा सके ताकि उचित जांच और उपचार की जानकारी के अभाव में लोगों के आंखों की रौशनी खत्म ना हो। उन्होंने कहा कि हमारे अस्पताल में भी अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित एक उन्नत नेत्र रोग विभाग स्थापित है जहां सभी आधुनिक जांच एवं उपचार के विशेषज्ञ कार्यरत हैं और प्रतिदिन सैकड़ों लोग इस विभाग के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के जन संपर्क पदाधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी एक स्वास्थ्य देख-भाल कार्यकर्ता हैं इसलिए आप सभी को आंखों की देख-भाल के लिए लोगों के साथ जानकारी साझा करनी चाहिए साथ ही इससे खुद भी बचें एवं औरों को भी बचाने का प्रण लें। उन्होंने जानकारी दी कि विगत 15 वर्षों से हमारी संस्था नेत्र स्वास्थ्य के लिए ग्रामीण स्तर पर लगातार शिविर आयोजित कर जन जागरूकता फैला रही है साथ ही उनके आंखों की जांच कर के उचित सलाह भी दे रही है। सेमिनार में अनेक चिकित्सक गण, नारायण पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट एवं अलाइड साइंसेज के ऑप्टेमिट्री विभाग के विवेक यादव, सभी शिक्षक गण सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

शरीर की खुराक भोजन तो आत्मा की खुराक भजन : मनोहर दास

भजन से आत्मा को मिलती है तृप्ति : अवधेश चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। शरीर की खुराक भोजन तो आत्मा की खुराक भजन है। उक्त बातें राधेश्याम मंदिर शिवगंज कुटिया के महंत मनोहर दास ने शिवगंज निवासी स्व दरोगा सिंह के पुत्र शक्ति सिंह के बड़े पापा राजद नेता कृष्णा सिंह के चाचा स्व लक्ष्मण सिंह के ब्रह्म भोज के अवसर पर आयोजित भजन कीर्तन के अवसर पर कहा। उन्होंने कहा कि मनुष्य के तन बदलने (मृत्यु) के बाद लोगों को ब्रह्म भोज पर पुड़ी बुंदिया, सब्जी, रसगुल्ला आदि खिलाते हैं यह सब गोतिया,भाई बंधू दोस्त गांव घर के लिए है, पर भजन कीर्तन उस मृत आत्मा के लिए है। उन्होंने निर्गुण भजन से श्रोताओं का मन मोह लिया। मशहूर ब्यास अवधेश चौधरी ने श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा कि भजन कीर्तन से आत्मा को मिलती हैं त्रिपति। उन्होंने हरी के सुगनवा हरी में मिल जाई। आई गइले संदेश हमरा बलम जी के जैसे अनेकों भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने शक्ति सिंह को भजन कीर्तन कराने के लिए धन्यवाद दिया।

भजन कीर्तन के साथ देने वाले ढोलक पर नरेश चौधरी, तारसा पर इन्द्रदेव चौधरी, तथा झाल पर बालदेव, नन्हकू, गंगा, रमेश, बंमडी, गोरख, पार्षद प्रतिनिधि संतोष चौधरी, बड़क चौधरी, बासुदेव चौधरी सहित कई कलाकार थे। आगत अतिथियों का स्वागत, सिपाही सिंह, भोला सिंह,मनोज सिंह, शक्ति सिंह, क्रांति आदि ने किया।

मां मथुरासिनी महोत्सव पर निकली शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रजौली। मुख्यालय स्थित स्थानीय बाजार में शनिवार को माहुरी समाज की कुलदेवी मां मथुरासिनी की पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। महोत्सव में समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष और युवा श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। देशभर में मनाए जाने वाले इस महोत्सव में रजौली माहुरी मंडल ने विशेष योगदान दिया।



महोत्सव के मुख्य आयोजन का केंद्र रजौली नगर पंचायत स्थित उमा शंकर सेठ जी की धर्मशाला रहा, जहां मां मथुरासिनी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही श्रद्धालु पूजा स्थल पर एकत्रित होने लगे। पूजा के उपरांत गाजे-बाजे के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु हाथों में ध्वज और पताकाएं लिए मां मथुरासिनी के जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण पर निकले। शोभायात्रा में माहुरी समाज के महिला-पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हुए। इस दौरान बाजार में स्थित कई दुकानों को बंद कर समाज के लोगों ने महोत्सव में भाग लिया। पूजा के बाद भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। महोत्सव के अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देना था। महोत्सव में मौजूद श्रद्धालुओं ने समाज को एकजुट रखने और मिल-जुलकर रहने का संकल्प लिया। मां मथुरासिनी की कृपा से सभी स्वस्थ और सुखी रहें, इसी भावना के साथ आयोजन संपन्न हुआ। पूजा के मुख्य यजमान अरविंद कुमार सेठ और उनकी पत्नी राजनी सेठ रहे। महोत्सव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए रजौली इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

इस अवसर पर रजौली माहुरी मंडल के अध्यक्ष चंदन सेठ, सचिव संजय कंधवे, मीडिया प्रभारी ऋषभ अठघरा, पूर्व अध्यक्ष पंकज किशोर, संरक्षक नवीन कंधवे, नित्यानंद साह, पवन साह, जयप्रकाश चरणपहाड़ी, अंकित सौरभ अठघरा, हेमंत अठघरा, राजन वैश्यकियार, जीतेंद्र साह, अंशु साह, सागर साह, आशीष भदानी, अमित पवनचौदहा, मनोज पवनचौदहा सहित सिरदला, हरदिया, दिबौर, अमावां, अंधरवारी सहित विभिन्न क्षेत्रों के माहुरी समाज के लोग एकत्रित हुए और मां मथुरासिनी की पूजा-अर्चना कर समाज की एकता का परिचय दिया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी नित्यानंद साह की अध्यक्षता में समाज के लोग एकजुट नजर आए। महोत्सव में भाग लेने वाली श्रद्धालु रीना अठघरा, अनीता भदानी और बबीता साह ने बताया कि मां मथुरासिनी की पूजा शीतला माता के रूप में वर्षों से की जा रही है। वे हर साल इस महोत्सव में भाग लेती हैं और होली के अगले दिन से इसकी तैयारियों में जुट जाती हैं।

उन्होंने बताया, शीतलाष्टमी के दिन माता शीतला की पूजा करने से चेचक जैसी गंभीर बीमारियां घर में प्रवेश नहीं करतीं। इस परंपरा के तहत दो दिनों तक ठंडा और शीतल भोजन ग्रहण किया जाता है, जिससे अग्नि देव को भी विश्राम देने की परंपरा निभाई जाती है। यह रीति हमें हमारी पीढ़ियों से विरासत में मिली है। महोत्सव का आयोजन पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

4.23 लाख की योजनाओं का मंत्री ने किया उद्घाटन व शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। वेन प्रखंड अंतर्गत एकसारा पंचायत के विभिन्न गांवों में आज ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार द्वारा कुल 4,231,100 रुपये की लागत से निर्मित सात विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। ये योजनाएं मनरेगा और मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई थीं। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करते हुए इन योजनाओं का शुभारंभ किया गया। जिसमे हरदर बीघा में ब्रह्मस्थान से राकेश चैधरी के घर तक ईंट सोलिंग, शिवलिंग की मरम्मत एवं पीसीसी ढलाई का कार्य, कनकूबिगहा में स्कूल से पुल तक ईंट सोलिंग एवं मिट्टी भराई कार्य एवं कलेंदर सिंह से शशि प्रसाद तक मिट्टी भराई, नाला निर्माण एवं ईंट सोलिंग कार्य, एकसारा में आंगनबाड़ी के पास मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत सामुदायिक भवन के ऊपर सीढ़ी सहित कमरे का निर्माण सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, मुखिया प्रतिनिधि नीरज कुमार, मुखिया स्वीटी देवी, पंचायत सचिव सोनम सोनाली, मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह, शालिनी सिंह, ओमप्रकाश सिंह, सुनील पाल, शशि कुशवाहा, प्रेम कुशवाहा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



एक नजर

प्रोजेक्ट स्कूल की छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी

पकरीबरावां। बिहार दिवस पर प्रखण्ड के विद्यालयों में उत्सव का माहौल रहा। शनिवार को बिहार दिवस के अवसर पर प्रखण्ड मुख्यालय स्थित रामधन मुलको प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय पकरीबरावां की छात्राओं ने विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार के नेतृत्व में प्रभातफ़ेरी निकाली। विद्यालय परिसर से छात्राओं ने अपने हाथों में स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर मुख्य बाजार होते हुए प्रखण्ड कार्यालय पहुंचीं। वहां से पुनः वापस विद्यालय पहुंचीं। छात्राओं ने उन्नत बिहार, विकसित बिहार, भारत का है जो कंठहार, उसको कहते हैं बिहार सहित अन्य स्लोगन लगाए। इसके बाद विद्यालय में छात्राओं के बीच विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई गई। इस अवसर पर विकास कुमार उपाध्याय, श्रवण कुमार, सनोज पासवान, माला सिन्हा, श्रीकांत कुमार, जाहिद अनवर, अंशु कुमारी, निशा कुमारी, प्रियंका कुमारी, नीलम कुमारी, पूनम कुमारी, साहेबा बानो, राहुल रंजन, उषा, लिपिक कुमुद देवी, रात्रि प्रहरी गुपेश कुमार, आदेशपाल कालो देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

बिहार दिवस पर निकाली गई प्रभातफेरी

कौआकोल। बिहार दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रखण्ड के गायत्री प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय कौआकोल में प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने प्रभात फ़ेरी निकाली। प्रभातफेरी के माध्यम से बच्चों द्वारा हाथों में तख्तियां लिए लोगों को शिक्षा के प्रति एवं अपना बिहार के गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरुक करते नजर आए। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

रामनवमी जुलूस को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने की बैठक

नवादा। शनिवार को साहब कोठी मंदिर के प्रांगण में रामनवमी पूजा शोभा यात्रा बैठक संपन्न हुई । जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने किया । बैठक में रामनवमी पूजा शोभायात्रा के अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप जीतू ने बताया रामनवमी पूजा 6 अप्रैल को पूरे देश में मनाई जाएगी। नवादा जिला में रामनवमी पूजा शोभायात्रा की जिला कमेटी अलग-अलग प्रखंड में जाकर शोभा यात्रा को लेकर बैठक करेगी। रामनवमी पूजा शोभा यात्रा सचिव कैलाश विश्वकर्मा ने जानकारी दिया कि नवादा नगर में शोभायात्रा 8 अप्रैल को निकाली जाएगी। बैठक में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सुबोध लाल, बजरंग दल के जिला सहसंयोजक अनीश सिंह, भाजपा उपाध्यक्ष माधुरी बरनवाल, साहेब कोठी मंदिर के अध्यक्ष संजय भगत, अवध बिहारी प्रसाद, साकेत रावत, विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री वरुण सिन्हा, विजय प्रसाद गुप्ता, समेत दर्जनों लोगों ने जय श्री राम के नारे के साथ शोभा यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया।

शोकाकुल परिवार से मिले भाजपा नेता

नवादा। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रिका सिंह के निधन पर उनके पैतृक गांव देवधा में शोक सभा का आयोजन कर उनकी आत्मा की शांति के दो मिनट का मौन धारण किया गया। जिसमें उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्याम, सतीश कुमार सिन्हा, निरंजन सिंह, प्रताप रंजन, पूर्व जिला मंत्री मनोज कुमार, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी नन्द किशोर चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष, मुकेश कुमार, बमबम जी, मंगल एवं दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यालय मंत्री का हुआ स्वागत

पकरीबरावां। पकरीबरावां प्रखण्ड की दक्षिणी ग्राम पंचायत के पिण्डपडवा गांव निवासी सुदामा चौहान को भाजपा की जिला कमेटी में शामिल किये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी खुशी है। उन्हें कार्यालय मंत्री बनाया गया है। कार्यालय मंत्री बनाए जाने पर शनिवार को प्रखण्ड मुख्यालय में उनका स्वागत किया गया। उन्हें मिठाई खिलाकर, फूलों की माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। इस अवसर पर भाजपा के पकरीबरावां के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, धमौल के मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी, भाजपा नेता निरंजन कुमार, विजय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

'जय बिहार' एवं 'बिहार दिवस की हार्दिक बधाई' से गुलजार हुआ गांव अंकरी

नवादा। मेसकौर प्रखंड में स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अँकरी में बिहार दिवस के अवसर पर कई तरह के आयोजन हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. गोपाल प्रसाद के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने बिहार का नाम बिहार क्यों पड़ा, बिहार की स्थापना कब हुई, बिहार का गौरवपूर्ण इतिहास, वर्तमान आदि के साथ-साथ बिहार से संबंधित सामान्य जान, बिहार गान, बिहार गौरव से संबंधित भाषण आदि की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने ये प्रण किया कि आज अपने घर, मुहल्ले एवं फोन पर अपने मित्रों एवं अन्य रिश्तेदारों से आज दिन-भर कहेंगे-'जय बिहार' एवं 'बिहार दिवस की हार्दिक बधाई' उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में बारहवीं के छात्र सूरज कुमार, काजल कुमारी, नौवीं के छात्र प्रतीक कुमार, सुमीत कुमार, आशीष कुमार एवं अभिजीत कुमार के साथ-साथ धर्मराज कुमार, उमेश महतो, शशिभूषण कुमार एवं विनीत कुमार जैसे शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बिहार दिवस पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन नौवीं कक्षा के छात्र प्रतीक कुमार ने किया जबकि उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, अंकरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. गोपाल प्रसाद ने स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी के साथ बिहार राज्य गीत 'मेरे भारत के कंठहार' का सामूहिक सस्वर गायन किया।

उत्साहपूर्वक मनाया गया बिहार दिवस

हिलसा (नालंदा)। बिहार दिवस के अवसर पर हिलसा अनुमंडल प्रशासन द्वारा शनिवार को रामबाबू हाई स्कूल के मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) प्रवीण कुमार, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार मानव और अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार मौर्य सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एसडीओ प्रवीण कुमार ने बिहार की उपलब्धियों और विकास योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस वर्ष उन्नत बिहार, विकसित बिहार थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बिहार सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की जानकारी दी। सरकारी और निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बिहार गौरव गीत की प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम में देशभक्ति और सांस्कृतिक माहौल बना रहा। इसके अलावा, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

गांधी स्कूल प्रीमियर लीग डे /नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-1 का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नगर के गांधी इंटर विद्यालय में आयोजित गांधी स्कूल प्रीमियर लीग का पहला संस्करण का आरंभ हुआ। इस आयोजन का उद्घाटन नवादा जिले के प्रसिद्ध शिक्षाविद, समाजसेवी सह मॉडर्न समूह के निदेशक डॉ अनुज ने फीता काटकर किया। इस डे/नाइट टूर्नामेंट का आयोजन विवेक कुमार, शशि रंजन कुमार, नितीश कुमार, गौरव कुमार के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें 16 टीमें भाग ले रही है। प्रत्येक मैच 12-12 ओवर का होगा और फाइनल मैच 20 ओवर का रहेगा। उद्घाटन मैच कौवाकोल बनाम जहानाबाद था। इस मैच का आगाज करने पहुंचे डॉ अनुज ने सबसे पहले बारी-बारी से दोनों टीम के खिलाड़ियों का परिचय हाथ मिलाकर प्राप्त किया। फिर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आज नवादा जैसे छोटे शहर से भी निकल कर क्रिकेट में खिलाड़ी अपना नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। टूर्नामेंट के प्रायोजक में लाडो लल्ला प्रतिष्ठान का सहयोग प्रशंसनीय रहा। मैच के संचालन में अमन, मोनू ,सोनू बंटी, आयुष, सौरव, आशु, भोलू ,गौरव, रंजन, सूरज नीतीश आदि की सराहनीय भूमिका रही।।

मॉडर्न में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन आज


नवादा। बिहार एवं झारखंड के के प्रतिष्ठित शैक्षणिक स्थल, सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा के तत्वावधान में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन रविवार को किया जाएगा। विद्यालय के उपप्राचार्य सुजय कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि दसवीं कक्षा के बाद की शिक्षा एवं इनके मार्ग में आने वाली चुनौतियों के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य-निर्माण के उद्देश्य से सार्थक संवाद एवं परिचर्चा करने हेतु आज रविवार को प्रातः 11:30 बजे से 1:30 दोपहर तक न्यू एरिया, नवादा में स्थित न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के बहुद्देश्यीय सभागार में विद्यालय-प्रबंधन की ओर से एकदिवसीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार में नवादा शहर में उच्च शिक्षा के उपलब्ध अवसरों, इसकी गुणवत्ता एवं उपलब्धियां; इसकी तुलना में बड़े शहरों में उपलब्ध व्यवस्था की सच्चाई, इसके लिए अभिभावकों एवं बच्चों द्वारा चुकाई जा रही भारी कीमत और कोटा जैसे शहरों में अबाध गति से बढ़ते विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटनाएँ जैसे गंभीर मुद्दों पर सार्थक परिचर्चा की जाएगी और आपके पाल्य/पाल्या के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जएगा।

इस सेमिनार में नवादा जिला के किसी भी विद्यालय के दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक भी भाग ले सकते हैं और परिचर्चा का लाभ उठा सकते हैं।कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा दे चुके छात्र-छात्राओं के माता-पिता/अभिभावकों को इस सेमिनार में शामिल होने के लिए सादर अनुरोध किया जाता है।कक्षा दसवीं बोर्ड की परीक्षा दे चुके इच्छुक विद्यार्थी भी सेमिनार में भाग ले सकते हैं।

अपहरण कांड में आया नया मोड़ बालक ने खुद रची अपहरण की साजिश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। अपहरण के आरोप से जुड़े एक मामले में नया मोड़ आ गया है। सदर डीएसपी ने बताया कि बरामदगी के बाद घटनास्थल के निरीक्षण और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के अवलोकन से वादी द्वारा लगाए गए अपहरण के आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। डीएसपी के अनुसार, वादी के पुत्र ने अपने बयान में स्वीकार किया कि वह स्कूल नहीं गया था, बल्कि अपने दोस्त के साथ दीपनगर चला गया और फिर वहां से बस पकड़कर नानी के घर पहुंच गया। बच्चे ने यह भी खुलासा किया कि उसने अपनी बहन को 10 रुपये देकर कहा कि वह स्कूल चली जाए और मां से झूठ बोल दे कि उसे कोई लेकर चला गया है। नानी के घर पहुंचने के बाद उसने अपनी मा को फोन कर झूठी अपहरण की कहानी बताई। जांच के क्रम में सभी कानूनी प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। बच्चे का बयान माननीय न्यायालय में दर्ज कराया जा रहा है, जिसकी वीडियोग्राफी भी की गई है। मामले के सभी पहलुओं पर विस्तृत जांच जारी है।



बिहार दिवस पर विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हंडिया के परिसर में शनिवार को बिहार दिवस हर्षोल्लाह के साथ मनाया। इस अवसर पर प्रभात फेरी, रंगोली, चित्रकला, क्विज आदि का कार्यक्रम हुआ। जिसमें छात्रा अंजलि, आलिया, राधा समेत अन्य ने बजट का हिस्सा लिया। विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार झा ने छात्रों व शिक्षकों को बिहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षक नेहा कुमारी, सोनल कुमारी, सोनम, रजनी, पूजा वर्मा, सविता और शिक्षक अखिलेश, प्रमोद, रूपक, पंकज, संतोष समेत अन्य सम्मिलित होकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इधर राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज में छात्र-छात्राओं व विद्यालय परिवार के द्वारा रैली निकाली गई। इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। साइकिल रेस, निबंध, खेलकूद, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत अन्य रहे। यह सभी प्रतियोगिताएं 22 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम में सभी विद्यालय परिवार शामिल रहे हैं।





कक्षा में छात्रों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य : डॉ दीपक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिले के स्थानीय एसएस कॉलेज, में शैक्षणिक व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा वर्ग कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने को लेकर संकल्पित महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा कठोर निर्णय लिया गया है। जिसके तहत संचालित वर्ग में पचहत्तर फीसदी से कम उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा प्रपत्र भरने से वंचित कर दिया जाएगा। इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) दीपक कुमार ने बताया कि संचालित वर्ग में विद्यार्थियों के नहीं पहुंचने को विश्वविद्यालय ने गंभीरता से लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के निर्देशानुसार ही यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि हमारे महाविद्यालय में सभी विषयों में योग्य शिक्षक उपलब्ध हैं, जिनके द्वारा प्रतिदिन वर्ग संचालित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। बावजूद इसके, संचालित वर्ग में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम देखी जा रही है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिन विषयों में शिक्षक कम हैं , वहां भी शीघ्र ही प्रयाप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध करा दिए जाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन संचालित हो रहे वर्ग में उपस्थित होकर पढ़ाई-लिखाई करने की हिदायत दी, ताकि फार्म भरने के समय परेशानी न हो। पिछले एक दशक से देखा जा रहा है कि बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रतियोगिता परीक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए महाविद्यालय में नियमित रूप से होने वाले पठन-पाठन की उपेक्षा करते हैं, जो कि उनके गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए श्रेयस्कर नहीं , बल्कि यह उनके करियर निर्माण की बुनियाद को कमजोर करने का मुख्य कारण है।

बिहार दिवस पर लोगों ने किया रक्तदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। 113वीं बिहार दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स कंपलेक्स मलहचक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विदित हो की जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के नेतृत्व में तीन दिवसीय बिहार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को बिहार दिवस के शुभ अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वच्छ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय द्वारा रक्तदान करते हुए जिलेवासियों को संदेश दिया गया कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। रक्तदान एक नहीं अपितु अनेक जीवन बचाने में मदद करता है। नियमित रक्तदान एक श्रेष्ठ दान है। विधायक घोषी विधानसभा क्षेत्र रामबली यादव द्वारा भी रक्तदान किया गया एवं उन्होंने संदेश दिया कि रक्तदान से बड़ी कोई सामाजिक सेवा नहीं है। सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में यह रक्तदान शिविर काफी सफल रहा। कुल 25 लोगों ने रक्तदान शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया। उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, अमित मिश्रा, डीएवी की शिक्षिका रेखा सिंह, पूजा कुमारी, राहुल कुमार, कुंदन कुमार, निशांत कुमार, बैजनाथ कुमार, देवांशू दीपक, नारायण सिंह, प्रमोद कुमार यादव, संदीप कुमार, अंकित राज, विनय पासवान, अमित कुमार,पिंटू शर्मा, कृष्णा कुमार, अमर्त्य राज, राज रमेश, मिथिलेश कुमार, लालू कुमार, मनीष कुमार ने एक एक यूनिट रक्तदान किया। जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे अमित कुमार ने रक्तदान के उपरांत बताया कि यह उनका 23वां रक्तदान था।

अपने घर में ही शिक्षा की गुरूकुल पद्धति को उतारें: डॉ. नवल किशोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिले के बभना स्थित मानस विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल के अवसर पर छात्रों एवं अभिभावकों में हर्ष एवं खुशी का माहौल देखा गया। 'जहानाबाद को प्रेरणा प्रदान करने के लिए मानस तैयार है' इसी तरह की कुछ विद्यालय परिसर में स्लोगन लिखे बड़े से बैनर तले छात्रों एवं अभिभावकों में सेल्फी लेने की होड़ मची थी। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन डॉ नवल कुमार ने बताया कि मौके पर उपस्थित अभिभावकों ने एक स्वर से यह स्वीकारा कि अध्ययन के साथ अनुशासन केवल मानस विद्यालय बभना के परिसर में ही मौजूद है। इस अवसर पर शिक्षक, अभिभावक, छात्र सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए चेयरमैन डॉ. नवल किशोर ने कहा कि अभिभावकों के अन्दर जागृति का सख्त अभाव है, जिसे जगाने की तत्काल जरूरत है।



अविभावक अपने घर में ही शिक्षा की गुरूकुल पद्धति को उतारें। उन्होंने बताया कि आज हम तकनीक पर इतने निर्भर हो चुके हैं कि इनके बिना जीने की क्षमता कमजोर पड गई है। इस दौरान निदेशक अभिषेक आनन्द ने कहा कि वर्तमान परिवेश में हम शिक्षकों की भूमिका भी चुनौतीपूर्ण है। महान अध्यापक वो है जो अपने विद्यार्थी को अर्न्तदृष्टि दे, बेहतर मनुष्य बनने की प्रेरणा दे एवं तद्नुकुल उचित साधन मुहैया कराए। छात्रों से आहवान किया कि एक बेहतर नागरिक बने। उन्होंने अभिभावकों को आह्वान करते हुए कहा कि अपने बच्चों को घर-परिवार का महत्व बताकर पूरे समाज को जागृत करने की प्रेरणा देना होगा। नए सत्र में कक्षा 6 से स्किल सब्जेक्ट्स पर विशेष फोकस किया जाएगा जिससे कि बच्चे रोजगार - परक शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्होंने यह घोषणा किया कि क्लास टॉपर्स एवं 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले बच्चों को एक विशेष समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। प्राचार्य नीरज कुमार ने अद्भुत परीक्षा परिणाम के लिए सारे अभिभावकों छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सत्र मे मानस विद्यालय को क्रियाकलाप आधारित शिक्षण व्यवस्था से जोड़कर पूरी तरह सीबीएसई के निर्देश का पालन करते हुए कई नये मोडल का समावेश करेंगे। विद्यालय परिसर में शिक्षकों के अन्दर भी काफी संतुष्टी का भाव देखने को मिल रहा था। शिक्षक राजीवन नयन, नवीन दीक्षित, शेखर कुमार, प्रभात रंजन कुमार, राम शर्मा इत्यादि ने भी उपस्थित समूह को शुभकामना एवं बधाई दी।

जिले का चहुमुखी विकास ही मेरी प्राथमिकता : डॉ. अनुज

नवादा। शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ नवादा का चौहुमुखी विकास को ले जन जागृति फाउंडेशन के अध्यक्ष शिक्षाविद डॉ अनुज सिंह ने नवादा विधानसभा क्षेत्र के आंती गांव से जन जागृति अभियान शुरू की। जिसमे सैकड़ो की संख्या में समाजसेवियों व बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया। वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ न्यू एरिया के आवासीय परिसर से डॉक्टर अनुज ने जन जागरण अभियान को लेकर आती गांव निकल पड़े।

उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नवादा जिला भारत तथा बिहार के मानचित्र पर पिछड़े जिलों में शुमार है। यह नवादा वासियो के लिए अपमान का विषय भी है। नवादा वासियों को जागृत कर राजनीतिक तथा सामाजिक मजबूती के माध्यम से हम नवादा जिले को देश के मानचित्र पर अव्वल बनाना चाहते हैं लेकिन यह कल्पना तभी साकार होगी जब नवादा वासी मुझे दम- खम से मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि नवादा का एकमात्र उद्योग वारसलीगंज चीनी मिल भी बंद हो चुकी है। इस कारण नवादा के युवा बेरोजगारी की आग में जल रहे हैं। उन्होंने कहा हमने अपने प्रयास से एक बड़ी मॉडर्न शैक्षणिक समूह शिक्षण संस्थान की स्थापना की जिसमें हजारों बच्चे पढ़ कर रोजगार पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सामाजिक जन जागरण के माध्यम से एक-एक लोगों के घर में जाकर नवादा की बदहाली की चर्चा कर उनका समर्थन मांग रहे हैं। अगर नवादा वासी तहे दिल से जात-पात की भावना से ऊपर उठकर समर्थन देंगे तो निश्चित तौर पर उन्हें मैं एक नया नवादा बना कर दूंगा। मौका मिला तो नवादा भारत के मानचित्र पर अव्वल जिलों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि नवादा में चार चक्र में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारी कर ली गई है।

विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सेक्टर-ए स्थित काली मंडा के प्रांगण में शनिवार को जिला विधिक प्राधिकार नवादा के द्वारा विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आलोक कुमार पांडेय, नवादा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुमारी सरोज कृति, एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष, डीएफओ कृष्ण कुमार, सीओ मो. गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार भी मौजूद रहे। विधिक जागरुकता शिविर में एसडीओ द्वारा आगंतुकों को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। शिविर में आमलोगों को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति आलोक कुमार पांडेय ने कहा कि न्याय आपके द्वार हेतु विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा राज्य स्तर एवं जिला स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के जरूरतमंद लोगों के बीच न्याय का दीपक जलाना है। उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के आभाव में लोगों को मिलने वाली न्याय से वंचित रह जाते हैं। विधिक सेवा प्राधिकार समाज के अंतिम पंक्ति में रहे लोगों को न्याय दिलाता है। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार ने ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आम जनों के लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रकार के निःशुल्क विधिक सेवा, पीड़ित प्रतिकार योजना तथा मध्यस्था के संबंध में भी जानकारी दिया।



बिहार दिवस पर आत्मनिर्भर बिहार की तरफ बढ़ता एक और कदम

केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने किया आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए लाभार्थियों के बीच वर्टिकल्स के टूल कीट और मशीनों का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार दिवस के अवसर राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने एवं सतत प्रयासों को मूर्त रूप देने की दिशा में पहल करते हुए केन्द्रीय सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने ग्रामोद्योग विकास योजना द्वारा चयनित लाभुकों के बीच वर्टिकल्स के टूल कीट वितरित किया। बिहार दिवस के अवसर पर 22 मार्च को गया स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के जरिए केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने वहां उपस्थित लाभार्थियों के साथ-साथ राज्य के अलग-अलग जिलों से वर्चुअली जुड़े लाभुकों के बीच भी टूल किटों का वितरण किया गया।

गया स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में उपस्थित लाभुकों के बीच रोजगार सृजन के लिए अगरबत्ती बनाने की कुल 56 मशीनें वितरित की गईं। इसके अलावा पाम गुड़ निर्माण के लिए 45, इलेक्ट्रिक चाक 40, पेपर पत्ता-कटोरी बनाने की 16 मशीनें और मधुबनी जिले से जुड़े लाभुकों के बीच मसाला उद्योग के लिए 8 मशीनें दी गई। वर्चुअल मोड में जुड़े राज्य के अन्य 5 जिलों के लाभुकों के बीच इलेक्ट्रिक चाक भी वितरित की गई। इनमें पटना जिले के 20, मुजफ्फरपुर के 40, खगड़िया के 20, समस्तीपुर के 20, बेगूसराय के 20 लाभुकों को टूल किट दिए गए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने के लिए जो कदम बिहार में उठाए जा रहे हैं उसके जल्द ही स्वर्णिम नतीजे देखने को मिलेंगे। आयोग देश भर में ग्रामीण स्तर तक ग्रामोद्योगी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। इसमें आत्मनिर्भरता के लिए मधुमक्खी पालन, कुम्भकारी, चर्मकारी, तार गुड़ निर्माण, अगरबत्ती उद्योग, वेस्ट वुड एवं टर्न वुड क्राफ्ट जैसे अनेक ग्रामीण कुटीर उद्योग शामिल हैं। श्री मांझी ने कहा कि अत्यंत निर्धन कामगारों के कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षित कामगारों को संबंधित उद्योग से जुड़ी मशीनरी और टूलकिट का वितरण कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है ताकि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी बिहार का योगदान हो। कार्यक्रम के दौरान ये जानकार भी साझा की गई कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा बिहार राज्य में प्रशिक्षण के पश्चात 260 हितग्राहियों के बीच 2600 मधुमक्खी परिवार एवं मधु-बॉक्स, 320 कुम्मकारों को विद्युत चालित चाक, 100 चर्मकारों को जुता चप्पल रिपेयरिंग टूलकिट, अगरबत्ती निर्माण से जुड़े 56 कामगारों को पैडल ऑपरेटेड अगरबत्ती मशीन, ताड़ गुड़ निर्माण हेतु 45 टूल किट, पेपर प्लेट निमार्ण के 16 मशीन, मशाला प्रसंस्करण के लिए 08 मशीन, टर्न वुड के कार्य हेतु 20 मशीन एवं प्लम्बर के 20 टूल किट का वितरण किया जा चुका है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देशवासियों से खादी और स्वदेशी अपनाने का का आह्वान आजादी की लड़ाई के वक्त किया था उसी संकल्प को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सच्चे रूप में जमीन पर उतार रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कई बार लोगों से विशेषकर युवाओं से खादी वस्त्र खरीदने तथा स्वदेशी अपनाने की अपील की गयी है। इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इस कार्यक्रम के जरिए अपना संदेश दिया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के साथ गया के आयुक्त, जिलाधिकारी, जिला उद्योग केन्द्र, गया के महाप्रबंधक, स्थानीय बैंकों के अधिकारीगण, प्रभागीय वन अधिकारी, गया स्थित राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लि. के अधिकारी, कॉयर बोर्ड के अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र, गया के अधिकारी आदि के साथ-साथ स्थानीय विधायकगण एवं खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक डॉ० एम. एच. मेवाती भी उपस्थित थे।

कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के सहयोग से पार्टी को करूंगा मजबूत : राजेश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विधायक राजेश कुमार आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पहुंचे जहां पार्टी नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पहुंचे विधायक राजेश कुमार ने सबसे पहले आश्रम में पहुंचते ही आश्रम की सीढ़ियों पर शीश नवाकर प्रणाम करने के उपरांत प्रवेश किए। उसके बाद आश्रम में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के बाद उन्होंने सभी को बिहार स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने समस्त बिहारवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार की गौरवशाली और वैभवशाली परम्परा को ध्यान में रखकर कांग्रेस काल के स्वर्णिम दौर को वापस लाने का प्रयास करूंगा। प्रेस के संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने बिहार में संविधान की रक्षा और पार्टी की मजबूती के लिए मुझे चुना है जिसके लिए मैं प्रतिबद्ध हूं और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर सांगठनिक मजबूती के लिए मजबूती से कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं सभी को साथ रखकर काम करने में विश्वास रखता हूं। साथ ही कहा कि पटना आने पर सबसे पहले पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से उनके घर जाकर आशीर्वाद लिया। सभी के आशीर्वाद की ताकत और शीर्ष नेतृत्व से मिली जिम्मेदारी से मैं पार्टी को बिहार में मजबूत करूंगा। संविधान रक्षा और दलित, शोषित वंचित व पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए हमारे शीर्ष नेतृत्व की जो आशा है उसको बिहार में मजबूती से क्रियान्वित करूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी का हित मेरे लिए सर्वोपरि है और कार्यकर्ताओं के हक और सम्मान में ही फैसले लूंगा।

बिहार के 113वें स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। बिहार का 113वां स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को सर्वप्रथम पूर्वाहन 7:00 बजे टावर चौक से गांधी मैदान तक रन फॉर बिहार का आयोजन किया गया जिसके शुभारंभ सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण राहुल कुमार सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा किया गया। रन फॉर बिहार कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर टावर चौक से रवाना किया गया, जो गांधी मैदान के स्टेडियम में जाकर समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं की अच्छी भागीदारी देखी गयी। गांधी मैदान में जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, गया दीपक चंद्र देव ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर लोगों को संदेश दिया जा रहा है कि बिहार के गौरवशाली इतिहास को बनाए रखते हुए संकल्प लें कि सभी प्रकार से गया जिला को पूरे बिहार में अव्वल रखें। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में संरचनाओं का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार अपने ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं मोक्ष प्रदाता के रूप में जाना जाता है। इस राज्य ने सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक समन्वय स्थापित कर मानवता को प्रकाशित किया है। जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील किया कि बिहार की गरिमा को बरकरार रखना है तथा विकास के पथ पर अग्रसर हेतु सहयोग देने की अपेक्षा की है। कार्यक्रम में वरीय उप समाहर्ता, जिला नजारत शाखा राजीव रंजन, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुरभि बाला, डीपीओ शिक्षा असगर आलम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, स्वतंत्रता सेनानी राजेंद्र दुबे, समाजसेवी मोती करीमी, जितेंद्र कुमार, धर्मेन्द्र कुमार शामिल हुए।

दो समुदायों के बीच मारपीट, तीन आरोपित गिरफ्तार, गये जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। आंती गांव में दो समुदायों के बीच मारपीट के तीन आरोपी को गिरफ्तार कर आंती पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व आंती के पोखरा में मछली पकड़ने को लेकर दो समुदाय के बीच विवाद और मारपीट हुई थी जिसे लेकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सरोज कुमार मेहता के आवेदन पर आंती थाना कांड संख्या 37/25 दर्ज किया गया था। उसी मामले के प्रथम पक्ष के नामजद अभियुक्त टुलू पासवान पिता कृष्णा पासवान ग्राम आंती को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरे पक्ष के नामजद अभियुक्त मोहम्मद हसीन पिता स्व.मोहम्मद इदरीस एवं मोहम्मद तारिक अनवर पिता स्व. मोहम्मद सहरेयार ग्राम आंती को रफीगंज से गिरफ्तार किया गया है और अग्रेतर कार्रवाई करते हुए उक्त सभी को मेडिकल जांच उपरांत जेल भेजा गया है।

हत्याकांड में 7 अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोंच। कोंच थाना के मीठापुर में गेहूं के भूंजा को लेकर हुए मारपीट की घटना में एक व्यक्ति की मौत इलाज के क्रम में हो गया। उक्त मामले में डीएसपी टिकारी के नेतृत्व में प्राथमिकी अभियुक्त के सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार कोंच थाना के ग्राम मीठापुर में सगुनी पासवान (65) पिता रौदी पासवान ग्राम नैकी थाना रफीगंज, गेहूं के बाल को ग्राम मीठापुर में भूंज रहे थे। तभी गांव के ही रमेश मिस्त्री ने भूंजा मांगा। नहीं दिए जाने पर रमेश मिस्त्री व अन्य लोगों के सहयोग से मारपीट की घटना हुई जिसमें सगुनी पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मगध मेडिकल कालेज गया में इलाज कराया जा रहा था जिसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उक्त घटना में डीएसपी टिकारी सुशांत कुमार चंचल के नेतृत्व में छापेमारी कर सात अभियुक्तों में रमेश मिस्त्री, अभिषेक शर्मा, शिव कुमार, धनंजय शर्मा, कपिल मिस्त्री, राजेश शर्मा व पंकज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। डीएसपी टिकारी सुशांत कुमार चंचल ने कहा कि कोंच थाना कांड संख्या 205 /25 दर्ज किया गया। सभी अभियुक्तों से पूछताछ कर जेल भेज दिया गया। शेष अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी जारी है।

सीयूएसबी में मेमोरियल ड्राफ्टिंग पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी(गया)। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के मूट कोर्ट सोसाइटी ने 2024-2029 बैच के बीएएलएलबी और बीबीएएलएलबी लॉ छात्रों के कानूनी कौशल के पोषण के उद्देश्य से मूट कोर्ट प्रस्ताव विश्लेषण और मेमोरियल ड्राफ्टिंग पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में कार्यशाला 20 मार्च 2025 को शुरू हुई और 22 मार्च 2025 को समाप्त हो गई। कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में संसाधन व्यक्ति जेम्स मुक्कड्डुकवुंकल, आईएनएस एआरटी एडवोकेट्स एंड लीगल कंसल्टेंट्स के सह-संस्थापक और प्रबंध साझेदार, जो दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता भी हैं, की सम्मानित उपस्थिति ने शोभा बढ़ाई। कार्यशाला कार्यक्रम को छात्रों के लिए दो समूहों, समूह 1 और समूह 2 में विभाजित किया गया था। संसाधन व्यक्ति ने मूट कोर्ट के मूल परिचय के साथ शुरूआत की और मूट कोर्ट प्रस्ताव को समझाया उन्होंने मूटिंग की मूल बातें और मुकदमेबाजी, कॉरपोरेट, मध्यस्थता और कई अन्य क्षेत्रों में मूट के अनुप्रयोगों को व्यक्त किया।

गया जंक्शन पर आरपीएफ ने 11.39 करोड़ के सोने, चांदी और नकद रुपए पकड़े

तीन वर्ष पांच महीने में गया की आरपीएफ टीम ने और भी कई उपलब्धियां हासिल की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। गया जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अक्टूबर 2021 से अबतक की गई कार्रवाई के आंकड़े बताते हैं कि यदि आरपीएफ की टीम सजग नहीं रहती तो तस्करों की चांदी रहती। अपराधियों के हौसले बुलंद रहते। रेल संपत्ति लूटते रहते और ड्रग्स, शराब और वन्य जीवों के तस्कर बेखौफ होकर ट्रेनों से तस्करी करते हुए निकल जाते। ये तो आरपीएफ की टीम की सजगता और कर्तव्यपरायणता का परिणाम है कि 2021 के अक्टूबर महीने से मार्च 2025 (20.03.2025 तक) की अवधि में करोड़ों रुपए के सोने, चांदी और नकद रुपयों के अवैध परिवहन करते हुए 21 लोग पकड़े गए जिसमें सोना 18.881किग्रा, चांदी 46.995 किग्रा पकड़ा गया। जब्त सोने की कीमत 9 करोड़ 82 लाख चार हजार 26 रुपये आंकी गई है तो चांदी की कीमत 28 लाख 67 हजार तथा नकद एक करोड़ 27 लाख 53 हजार रुपए नकद पकड़े गए। मादक पदार्थों की जब्ती और गिरफ्तारियां की बात करें तो इस अवधि में करीब 164 किग्रा गांजा जब्त किया गया जिसकी सरकारी कीमत 17 लाख 66 हजार 900 रुपए आंकी गई जबकि नशे की दुनियां में इसकी कीमत काफी अधिक मानी जाती है। गांजा के 12 मामले में 16 लोगों को सलाखों को भेजा गया जबकि शराब के 169 मामले पकड़े गए जिसमें 107 तस्कर पकड़े गए। इस मामले जब्त 7325 लीटर शराब की कीमत 20 लाख 11 हजार 700 रुपए आंकी गई जबकि अवैध शराब माफिया बाजार में इसकी कीमत दोगुनी वसूलते सुने जाते हैं। जहां तक तस्करी की बात है तो कछुआ तस्करी के मामले भी पकड़े गए हैं। इस अवधि में 401 कछुए तस्करों के हाथ से मुक्त कराए गए। इसके तीन मामले में चार तस्कर गिरफ्तार किए गए। वन्य जीवों की रक्षा में आरपीएफ की टीम सजग रही। इन कछुए की कीमत करीब दो लाख 38 हजार है। आपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने 388 यात्रियों को 23.92 लाख के सामान सुरक्षित लौटाए। वहीं 64 बाल तथा 51 बालिकाओं को रेस्क्यू कराया गया। आपरेशन सेवा के तहत 66 पुरुष 29 महिला तथा दो बालक (97) लोगों को सेवा प्रदान की गई।टिकट चेकिंग अभियान की बात करें तो 149480 लोगों से करीब 8.72 लाख जुर्माना की राशि वसूली गई जिसका सीधा असर टिकट बुकिंग काउंटर की सेल पर पड़ा। इस अवधि में आरपीएफ की टीम द्वारा आरपीएफ पोस्ट गया के निरीक्षक प्रभारी अजय प्रकाश के नेतृत्व में आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए आठ देसी कट्टा और 13 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

आग से बचाव को लेकर चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी(गया)। अनुमण्डल अग्निशमन विभाग द्वारा आग से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। दीवार लेखन व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। शनिवार को प्रखण्ड क्षेत्र के मखपा ग्राम में विभाग के कर्मियों द्वारा आग से सुरक्षित रहने व आग लगने की स्थिति में बचाव करने के उपाय बताये गये। अग्निशमन कर्मियों द्वारा मॉक ड्रिल कर लोगों को जागरूक किया। फायर ऑफिसर ने बताया कि गर्मी का मौसम दस्तक देना शुरू कर दिया है। इस मौसम में आग लगने की संभावना ज्यादा होती है। ऐसी स्थिति में घरों में सुबह नौ बजे से पहले खाना पका लेना, खाना बनाने के दौरान सूती वस्त्र पहनना, गैस सिलिंडर को स्टोव से दूर रखना जैसे जरूरी एहतियात बरतने की अपील की गई। किसानों को सम्बोधित करते हुए फायर ऑफिसर ने कहा कि खेतों में खलिहान लगाने की स्थिति में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खलिहान के आसपास बिजली के तार न हो व पास में पम्पिंग सेट हो ताकि आग लगने की स्थिति में पम्प सेट चालू कर आग पर काबू पाया जा सके। मौके पर अग्निशमन कर्मी राजू कुमार, कुनील कुमार, आलोक कुमार, नीरज कुमार के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

बिहार दिवस पर गांधी मैदान में 3डी में कराया जा रहा राज्य के प्रमुख और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार दिवस के मौके पर पटना के गांधी मैदान में पहली बार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में आम लोगों के लिए 3डी में राज्य के प्रमुख और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए स्टॉल में वीआर उपकरण लगाए गए हैं। इसकी मदद से सामान्य लोग सभी स्थलों का आभासीय तरीके से भ्रमण कर सकेंगे। इसमें पटना का बापू टॉवर, सभ्यता द्वार, पटना साहिब का गुरुद्वारा के अलावा राजगीर का ग्लास ब्रिज, घोड़ा कटोरा, हाल में वहां बना जरासंध का अखाड़ा एवं पार्क, गुरुद्वारा, पावापुरी का जल मंदिर जैसे अन्य प्रमुख और लोकप्रिय स्थल शामिल हैं। मैदान के 1 लाख वर्ग फीट से अधिक के क्षेत्रफल में इसे लगाया गया है जहां अनेक विभागों के स्टॉल में राज्य सरकार के विभिन्न योजना को प्रदर्शित किया गया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में राज्य सरकार की सभी प्रमुख योजनाओं को प्रदर्श के माध्यम से दर्शाया गया है। साथ ही बिहार डायरी की बिक्री की भी व्यवस्था की गई है। अगर किसी ने बिहार डायरी नहीं खरीदी है तो वे यहां से खरीद सकते हैं। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण पुस्तक, पत्र-पत्रिका की बिक्री की भी व्यवस्था की गई है। इसके लिए अलग से बिक्री केंद्र बनाया गया है।

ट्रांसफर में हो रही देरी से शिक्षकों में आक्रोश

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिक्षकों ने चलाया अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों ने बिहार दिवस के दिन शिक्षा विभाग के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभियान चलाया। इसमें पूरे राज्य के लाखों सक्षमता पास और बीपीएससी शिक्षकों ने भाग लिया। अभियान का नेतृत्व कर रहे बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव, अनीश सिंह, रवि सिंह ने बताया कि प्रदेश के लाखों शिक्षक कई वर्षों से ट्रांसफर की बाट जोह रहे हैं, दिसम्बर के पहले सप्ताह में ही शिक्षा विभाग ने ट्रांसफर हेतु अभ्यावेदन भी ले लिया था, बाबजूद अब तक ट्रांसफर नहीं हो सका है। दिव्यांग शिक्षक दिलीप ने एक्स पर अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए लिखा कि उनकी पोस्टिंग घर से काफी दूरी पर कर दी गयी है, शिक्षा विभाग के ट्रांसफर पॉलिसी आने से घर के नजदीक नौकरी करने की आस जगी थी, लेकिन ट्रांसफर में हो रही देरी से परेशान हैं।

अब तक मात्र 225 शिक्षकों का ही हुआ है ट्रांसफर

लंबे समय से ट्रांसफर की मांग कर रहे 1 लाख 90 हजार शिक्षकों में से अबतक कैंसर से पीड़ित मात्र 225 शिक्षकों का ट्रांसफर हो सका है जबकि सबसे ज्यादा 1.60 लाख आवदेन दूरी के आधार पर ट्रांसफर हेतु आवदेन शिक्षा विभाग को मिले हैं। बताते चलें कि शिक्षा विभाग ने सक्षमता पास और बीपीएससी से नियुक्त शिक्षकों से दिसंबर में ही ट्रांसफर हेतु ई शिक्षाकोष के जरिये आवदेन लिए थे।

मार्च के अंत तक प्रक्रिया पूर्ण न होने पर आन्दोलन करेंगे शिक्षक

बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि मार्च के अंत तक ट्रांसफर की पूरी प्रक्रिया समाप्त होनी चाहिए वरना पूरे बिहार के शिक्षक आंदोलन को विवश होंगे। उन्होंने सरकार से मांग रखी कि ट्रांसफर चाह रहे सभी शिक्षकों को उनके पसंदीदा जगह पर पोस्टिंग की जानी चाहिए।

राजद के साथ गठबंधन का फैसला चुनाव के समय पार्टी नेतृत्व करेगा : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद राजेश राम शनिवार को पहली बार पार्टी कार्यालय सदाकत आश्रम पहुंचे थे। वहां उन्होंने पत्रकारों से भी बातचीत की। राजद के साथ चुनाव लड़ने के सवाल पर राजेश राम ने कहा कि अभी इस पर बात करने का सही समय नहीं है। चुनाव के समय इस पर पार्टी नेतृत्व फैसला लेगा। इस दौरान उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि कांग्रेस कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी,यह निर्णय चुनाव के समय ही लिया जाएगा। इससे पहले पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचते ही उन्होंने सीढ़ियों पर झुककर प्रणाम किया और पार्टी के बड़े नेताओं की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। राजेश राम ने कहा कि अभी उनका पूरा ध्यान पार्टी को फिर से मजबूती प्रदान करने पर है। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सिंह के साथ रिश्ते पर कहा कि उनसे किसी प्रकार का मनमुटाव नहीं है। अखिलेश सिंह के शायरीवाले पोस्ट पर जवाब देते हुए राजेश राम ने कहा कि इसका दायरा बहुत बड़ा है।

मां तारा नगरी केसपा में यज्ञ की तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



टिकारी। मां तारा नगरी केसपा ग्राम में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं मां तारा महोत्सव की तैयारी पूरी कर लिया गया है। इस यज्ञ का आयोजन 23 मार्च से प्रारंभ होकर 29 मार्च तक है। यज्ञ की शुरूआत जलभरी कार्यक्रम से होगी। जलभरी कार्यक्रम में लगभग सात सौ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। सभी भक्तगण श्री धरणीधर प्लस टू विद्यालय, केसपा के समीप स्थित तालाब से पवित्र जल लेकर मां तारा देवी मंदिर प्रांगण में आयेंगे। इस शोभा यात्रा के दौरान दर्जनों घोड़े एवं बैंड बाजा के कलाकार शामिल रहेंगे। यज्ञ के सफल संचालन के लिए कामता शर्मा की अध्यक्षता में यज्ञ समिति का गठन किया गया है। मुजफ्फरपुर के कलाकारों द्वारा मां तारा देवी मंदिर के प्रांगण में यज्ञशाला का निर्माण कार्य संपन्न हुआ एवं भक्तों की सहूलियत के लिए सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। मंदिर प्रांगण में कई अस्थाई दुकानें खुल चुकी है। धर्मगुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के मार्गदर्शन में यज्ञ संपन्न किया जाएगा। यज्ञ को लेकर आसपास के गांव में उल्लास का वातावरण है। आज संपूर्ण गांव एक परिवार के रूप में नजर आ रहा है। धार्मिक आयोजन से समाज में भाईचारा और प्रेम बढ़ता है। यज्ञ के सफल आयोजन के लिए जितेंद्र शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, अमिताभ कुमार, सुमन कुमार, विक्रम कुमार, प्रमोद कुमार और राजीव शर्मा सहित दर्जनों लोग कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण हिमांशु शेखर ने कहा है कि महर्षि कश्यप की तपोभूमि मां तारा नगरी केसपा में पहली बार चैत्र नवरात्र की अष्टमी 5 अप्रैल को मां तारा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के चर्चित कलाकार कमल वास एवं अभिषेक तिवारी अपनी भक्तिमय संगीत की प्रस्तुति करेंगे।

आज बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। बिहार दिवस के शुभ अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने गया जी की पावन धरती से बिहारवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें बिहार के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और संघर्षशील विरासत की याद दिलाता है। बिहार ज्ञान, तप, त्याग और बलिदान की भूमि रही है। यहीं से भगवान बुद्ध ने शांति और अहिंसा का संदेश दिया और चाणक्य ने अपनी नीति और विद्वता से देश को दिशा दी। महावीर, गुरुगोविंद सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लोकनायक जयप्रकाश नारायण जैसे महान विभूतियों ने इस पावन भूमि को और भी गौरवान्वित किया है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि आज बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। शिक्षा, उद्योग, कृषि और तकनीक के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा और सामाजिक उत्थान के माध्यम से बिहार को और समृद्ध बनाने में योगदान दें। अंत में उन्होंने सभी बिहारवासियों के सुख-समृद्धि और शांति की कामना करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर एक सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में अपना योगदान दें। बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह, सुनील बंबईया, भाजपा नेता संतोष ठाकुर, अशोक प्रसाद भारती, महेश यादव, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता, आदि शामिल रहे।

शाहाबाद रविदास टोला में आग लगने से दो भाइयों के घर जले, हजारों की संपत्ति का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के शाहाबाद पंचायत के रविदास टोली में देर रात्रि में अचानक आग लगने से दो घर पूरी तरह जल गए। अगलगी में बालेश्वर मोची और नागेश्वर मोची का घर में रखे हजारों रुपए का सामान जल गया। दोनों आपस में भाई है। हो हल्ला होने पर आसपास के लोगों ने आग बुझाई तब तक घर का सारा सामान जल कर खाख हो गया। ऐसे में पीड़ित परिवार अब दाने दाने के मोहताज हो गये हैं वही भाकपा माले ने पीड़ित परिवार के लिए सरकार से आपदा विभाग से मिलने वाली सहायता राशि देने की मांग की है। आग लगने से कपड़े, खाने-पीने सहित दोनों घर में रखे सभी सामान जल गए।

झारखण्ड स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०
Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.
E-mail-dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in(A Govt. of Jharkhand undertaking) Mob.No.947159065
कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् हैः–

वनागार का नाम	समय	मार्च– 2025
1	2	3
चैनपुर वनागार चैनपुर	प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाहन से 1:00बजे अपराह्न तक।	26-03-2025

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/–
प्रमण्डलीय प्रबन्धक

PR 349017 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज

संपादकीय

यह कैसा फैसला?

अदालतें इंसाफ के लिए होती हैं। एक आम नागरिक यही मानता है कि वह कोर्ट जाएगा तो उसे न केवल न्याय मिलेगा बल्कि दोषी को सजा भी मिलेगी। लेकिन यदि अदालतें ही न्याय का रास्ता भटकाने की कोशिश करें, अपराध की अपने हिसाब से व्याख्या करें तो कोर्ट की संवेदनशीलता और न्याय प्रतिबद्धता पर सवाल उठना लाजिमी है। ऐसा ही एक मामला हाल में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले से सामने आया है। नाबालिग से बलात्कार के मामले में हाई कोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा के फैसले पर कई सवाल उठ रहे हैं। अपने फैसले में उन्होंने कहा कि किसी नाबालिग लड़की के स्तनों को पकड़ना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना या उसे घसीटकर पुलिया के नीचे ले जाने की कोशिश करना रेप या रेप की कोशिश का मामला नहीं बनता है। यही नहीं जस्टिस मिश्रा ने केस को अपराध की तैयारी और वास्तविक प्रयास के बीच का अंतर बताया। साथ ही निचली अदालत के द्वारा तय गंभीर आरोप में संशोधन का आदेश दिया। अदालत ने 3 आरोपियों के खिलाफ दायर क्रिमिनल रिवीजन पिटीशन स्वीकार कर ली। अदालत ने आरोपी आकाश और पवन पर ढ्ढक्ष्ट की धारा 376 (बलात्कार) और पॉस्को अधिनियम की धारा 18 के तहत लगे आरोपों को घटा दिया। अब उन पर धारा 354 (ड्ड) (नंगा करने के इरादे से हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और क्कह्लष्ठस्ह्र अधिनियम की धारा 9/10 (गंभीर यौन हमला) के तहत मुकदमा चलेगा। निचली अदालत को नए सिरे से सम्मन जारी करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि कासगंज की एक महिला ने 12 जनवरी, 2022 को कोर्ट में एक शिकायत दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि 10 नवंबर 2021 को वह अपनी 14 साल की बेटी के साथ कासगंज के पटियाली में देवरानी के घर गई थीं। उसी दिन शाम को अपने घर लौट रही थीं। रास्ते में गांव के रहने वाले पवन, आकाश और अशोक मिल गए। रास्ते में पवन और आकाश ने लड़की के प्राइवेट पार्ट को पकड़ लिया। आकाश ने उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास करते हुए उसके पायजामे की डोरी तोड़ दी। हैरानी की बात यह है कि पॉस्को मामले में सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट कह चुका है कि किसी बच्चे के यौन अंगों को छूना या 'यौन इरादे' से शारीरिक संपर्क से जुड़ा कोई भी कृत्य पॉक्सो एक्ट की धारा 7 के तहत यौन हमला माना जाएगा। इसमें महत्वपूर्ण बाद इरादा है न कि त्वचा का त्वचा से संपर्क। हैरानी की बात है कि इस स्पष्ट फैसले के बाद भी हाईकोर्ट ने दुष्कर्म की नई व्याख्या कैसे की? जिससे आरोपी को ही मदद मिलेगी। भाजपा सांसद सांसद और राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा का यह कहना सही है कि अगर जज ही संवेदनशील नहीं होंगे, तो महिलाएं और बच्चियां क्या करेंगी? सांसद ने यह भी कहा कि जजों को समझाया जाना चाहिए कि वे ऐसे फैसले नहीं दे सकते। यह पूरी तरह गलत है, और मैं इसके खिलाफ हूं। इसके पूर्व बॉम्बे हाईकोर्ट की एडिशनल जज पुष्पा गनेडीवाला ने जनवरी, 2021 में यौन उत्पीड़न के एक आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि किसी नाबालिग पीड़िता के निजी अंगों को स्किन टू स्किन संपर्क के बिना टटोलना पॉक्सो में अपराध नहीं मान सकते। हालांकि बाद में इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया था। लगता है कि हाई कोर्ट ने इस नजीर को भी नजर अंदाज किया। यह मानना कि जब तक त्वचा से त्वचा का संपर्क नहीं हो, तब तक कोई कृत्य दुष्कर्म नहीं माना जा सकता, यौन अपराधियों को अपराध का स्पेस देने जैसा है। यह नैसर्गिक न्याय की अपेक्षा के अनुकूल तो कतई नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी और संघ

संघ के स्वयंसेवकों से पूछिए कि संघ आपको क्या सिखाता है तो कहेंगे कि जिस तरह हम परिवार की चिंता करते हैं उसी तरह देश की करें। दूसरी बात यह बताएंगे कि कोई हमारा सहयोग करे न करे, साथ आए न आए उसका प्रयास करते हुए भी राष्ट्र की सेवा, आमजन की सेवा, उन्हें समुन्नत शिक्षित करते हुए देश को परम वैभव तक ले जाना है। स्वयंसेवक से जब आप राजनीति पर प्रश्न करेंगे तभी शायद कोई उत्तर मिलेगा और अनेक उत्तर भी नहीं देंगे।

अवधेश कुमार

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार देश के शीर्ष पर बैठे किसी व्यक्ति या प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर इतने विस्तार से बातचीत की है। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ तीन घंटे के अपने लंबे पॉडकास्ट में अनेक विषयों बातचीत की जिनमें संघ भी एक महत्वपूर्ण विषय था। अगर साक्षात्कार लेने वाला दुराग्रह या पूर्वाग्रह न पाले तो सकारात्मक दृष्टि से उसके साथ बातचीत संभव है और इससे सही परिप्रेक्ष्य लोगों के समक्ष आता है। हाल के दिनों में प्रधानमंत्री ने तीसरी बार संघ पर अपना मत प्रकट किया है और सबमें सुसंगती है , स्वर एक ही है। पिछले 21 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 100 वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा था कि वेद से विवेकानंद तक भारत की महान परंपरा और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक संस्कार यज्ञ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से चला रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मेरे जैसे लाखों लोगों को आरएसएस ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है। उसके पहले 12 अक्टूबर, 2024 को संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने पर सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत के एक वीडियो का लिंक साझा करते हुए उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया था कि राष्ट्र सेवा में समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस आज अपने 100 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अविरल यात्रा के इस ऐतिहासिक पड़ाव पर समस्त स्वयंसेवकों को मेरी हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनायें। मां भारती के लिए यह संकल्प और समर्पण देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ ही विकसित भारत को साकार करने में भी ऊर्जा भरने वाला है। फ्रिडमैन के साथ उन्होंने संघ की विचारधारा ,उत्पत्ति, संगठन की कला और उससे जुड़े संगठनों के विराट स्वरूप पर बातचीत की है। राजनीतिक विश्लेषक मानेंगे कि प्रधानमंत्री लोकसभा चुनाव के दौरान एक वक्तव्य से पैदा संभ्रम को समाप्त कर पूरे संगठन परिवार में सही संदेश स्थापित करने की दृष्टि से ऐसा कर रहे हैं। देखने वालों की दृष्टि है किंतु संघ के स्वयंसेवक और संगठन परिवार के कार्यकर्ता इसे संपूर्ण जीवन लगा देने वाले एक वरिष्ठ स्वयंसेवक के सही





मंतव्य के रूप में ही लेंगे। वास्तव में जिन्हें संघ समझना हो वे इसे उस रूप में लेंगे तो समस्या नहीं आएगी। अभी भी आप संघ के बारे में प्रत्यक्ष साकार से परे दुराग्रह, वैचारिक विरोध य घृणा के कारण लिखने - बोलने के आलोक में देखेंगे तो सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। प्रधानमंत्री के पूरे वक्तव्य का मूल समझना हो तो उनकी इस पंक्ति को आधार बनाना होगा कि आरएसएस आपके जीवन में एक स्पष्ट दिशा प्रदान करता है जिसे वास्तव में जीवन का उद्देश्य कहा जा सकता है। दूसरी बात, राष्ट्र सब कुछ है और लोगों की सेवा करना भगवान की सेवा के समान है यह वैदिक युग से कहा गया, हमारे ऋषि मुनियों ने जो कहा, विवेकानंद जी ने जो कहा उसका संघ प्रतिनिधित्व करता है। आरएसएस पर निष्पक्षता से अध्ययन करने वाले उनके इस बात से शत- प्रतिशत सहमत होंगे। संघ को संघ की दृष्टि से समझने की कोशिश करने वाले प्रधानमंत्री के इस मत को भी स्वीकार करेंगे कि संघ को समझना इतना आसान नहीं है। इसके काम की प्रकृति को वास्तव में समझने के लिए प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने अपने बारे में स्पष्ट किया कि उनके जीवन में एक दिशा, राष्ट्र की सेवा और लक्ष्य को पाने की प्रेरणा, संकल्प तथा काम करने की अंतःशक्ति केवल संघ के स्वयंसेवक होने के कारण मिले जो बाद में अध्यात्म और संतों के कारण सशक्त होते हुए आगे बढ़ा। उनका कहना था कि मुझे ऐसे पवित्र संगठन से जीवन के मूल्य हासिल करने का सौभाग्य मिला है। संघ के माध्यम से मुझे एक उद्देश्यपूर्ण जीवन मिला, फिर मुझे संतों के बीच कुछ समय बिताने का सौभाग्य मिला जिसने मुझे एक मजबूत आध्यात्मिक आधार दिया, मुझे अनुशासन और उद्देश्यपूर्ण जीवन मिला। वास्तव में यह आम सक्रिय स्वयंसेवकों के सामूहिक अनुभवों की श्रेष्ठ अभिव्यक्ति है। संघ के स्वयंसेवकों से पूछिए कि संघ आपको क्या सिखाता है तो कहेंगे कि जिस तरह हम परिवार की चिंता करते हैं उसी तरह देश की करें। दूसरी बात यह बताएंगे कि कोई हमारा सहयोग करे न करे, साथ आए न आए उसका प्रयास करते हुए भी राष्ट्र की सेवा, आमजन की सेवा, उन्हें समुन्नत्त शिक्षित करते हुए देश को परम वैभव तक ले जाना है। स्वयंसेवक से जब आप राजनीति पर प्रश्न करेंगे तभी शायद कोई उत्तर मिलेगा और अनेक उत्तर भी नहीं देंगे। राजनीति हम पर इतना हाबी है कि उसके बाहर हम सोचने और देखने की आसानी से कल्पना नहीं करते इसलिए यह चरित्र समझ में नहीं आता। प्रधानमंत्री मोदी ने इसलिए संघ के विविध कार्यों को भी फ्रिडमैन के माध्यम से दुनिया के समक्ष रख दिया है।

अब विश्व समुदाय को महसूस होगा कि वाकई 100 वर्षों में इस संगठन ने मुख्यधारा के ध्यान से दूर रहकर अनुशासन और भक्ति के साथ स्वयं को देश सेवा, मानवता की सेवा में समर्पित किया है और इसी कारण आज विश्व में इससे बड़ा कोई संगठन नहीं और न इतने बड़े संगठन परिवार बनने की कोई सोच सकता है। उदाहरण के लिए उन्होंने संघ के अनुषांगिक संगठनों में सेवा भारती की चर्चा की जो 1 लाख 25 हजार सेवा परियोजनाएं बिना सरकारी सहायता केवल समाज की मदद से चला रहा है। यह उन झुग्गी - झोपड़ियों और बस्तियों में बच्चों को पढ़ाने, उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने, स्वच्छता के साथ अन्य प्रकार की मदद देने का काम करते हैं जहां सबसे गरीब लोग रहते हैं। दूसरे, वनवासियों के बीच संघ का बनवासी कल्याण आश्रम आज जंगलों में पूरा समय लगाकर जनजातियों की सेवा के काम करने में लगा है जो 70 हजार से ज्यादा एकल विद्यालय चलता है। उन्हें धन कैसे मिलता है तो प्रधानमंत्री के अनुसार अमेरिका के कुछ लोग 10 से15 डॉलर दान देते हैं और उन्हें कहा जाता है कि एक कोका कोला नहीं पीयो उतना पैसा विद्यालय को दो और फिर एक महीने कोका कोला छोड़ दो और उस पैसे को एकल विद्यालय को दो। यह बाहर से समझ नहीं आएगा । जरा सोचिये कि इतनी संख्या में एकल शिक्षक इतने बच्चों को वर्षों से शिक्षित कर रहे हैं तो कितने छात्र इससे निकले होंगे और उन्हें आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है। इसी तरह स्वयंसेवकों ने शिक्षा में क्रांति के लिए विद्या भारती की स्थापना की जिसके इस समय लगभग 25 हजार विद्यालय हैं जिनमें 30 लाख से ज्यादा छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आसानी से कल्पना की जा सकती है कि इतने वर्षों में कितने करोड़ छात्र निकले होंगे और वहां से प्राप्त समग्र शिक्षा के साथ जीवन मूल्य,कौशल आदि से वो समाज पर बोझ न बनाकर परिवार और राष्ट्र की सेवा का समन्वय बनाते हुए काम कर रहे होंगे। जानकारों को पता है कि समाज जीवन का कोई क्षेत्र नहीं जहां संघ नहीं- महिला, युवा, छात्र, मजदूर सभी क्षेत्रों में संघ संगठनों के माध्यम से सक्रिय है। आज छात्रों के बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल भारत नहीं विश्व का सबसे बड़ा संगठन है तो भारतीय मजदूर संघ 50 हजार यूनियन चलाता है वह भी दुनिया का सबसे बड़ा मजदूर संघ है। अन्य संगठनों से अलग इसकी दृष्टि वही है। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि वामपंथी विचारधाराओं ने दुनिया के मजदूर एक हो जाओ का नारा देते हुए बताया कि पहले आप एक हो जाओ और हम बाकी कुछ संभाल लेंगे। संघ प्रशिक्षित स्वयंसेवकों के मजदूर संघों का नारा दिया, 'मजदूर दुनिया को एक करो'। आप सोचिए जो लोग संघ को विभाजनकारी मानते हैं उसने इस छोटे से शब्द के द्वारा कितना बड़ा बदलाव सोच और व्यवहार में लाया होगा।निश्चित रूप से प्रधानमंत्री स्तर के व्यक्ति द्वारा संघ के बारे में इस तरह बात करने के बाद राजनीतिक कारणों से उसके विरोध में खड़े लोगों को छोड़ दें तो विश्व भर के थिंक टैंक, बुद्धिजीवी, पत्रकार, नेता, एक्टिविस्ट, समाजसेवी, एनजीओ चलाने वाले आदि नई दृष्टि से मूल्यांकन करेंगे। उन्होंने जो कुछ कहा वह अमूर्त नहीं है जिसे देखा और समझ न जा सके। प्रधानमंत्री के बोलने के बाद संपूर्ण विश्व में संघ को देखने की जो दृष्टि बनेगी उसके आलोक में योजनानुसार भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में प्रचार, सुदृढ़ीकरण, कार्य विस्तार के लिए संघ की कार्ययोजना हो। स्वयंसेवकों व कार्यकर्ताओं का भी दायित्व है कि प्रधानमंत्री के कथनों का स्वरूप विस्तार से साकार दिखे उसके लिए सतत कार्य में लगे रहें।

अध्यात्म

भगवान के सामने जो मन में सोचा है वह सब मिलेगा



एक गाँव में माँ-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी माँ से कहने लगी कि गाँव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊँगी। माँ ने कहा कि वहाँ बहुत भीड़ होगी कहीं गिर जाओगी तो चोट लगेगी। लड़की ने माँ की बात नहीं सुनी और मेला देखने चल पड़ी।

माँ ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। माँ ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गाँववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई।

लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई।

गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि माँगो तुम क्या माँगती हो?

लड़की मन में सोचने लगी कि क्या माँगू? अन्न माँगू या धन माँगू या अपने लिए अच्छा वर माँगू या खेत माँगू या महल माँगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा।

लड़की घर पहुँची तो माँ ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

ट्रम्प के टैरिफ से दुनिया में नया टेरर

जिद्दी ट्रंप किसी मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को नहीं मानते। न यही बताते कि पुराने अमेरिकी प्रशासनों ने ऐसे देशों को क्यों ऊंची दर से शुल्क लगाने दिया। वो अड़ी में हैं। हाल ही में व्हाइट हाउस में ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच प्रेस कांफ्रेन्स के दौरान कैमरों पर जो अप्रिय विवाद दिखा उसकी चहुंओर निंदा हुई। शांति की कीमत के बदले ट्रंप की यूक्रेनी खनिज भंडारों पर कब्जे की मांग यकीनन निंदनीय है। ट्रंप की नीयत ही बदनीयत लगती है। कहीं वो दुनिया को नए ट्रेड वार में धकेल उससे भी कमाने का रास्ता तो नहीं खोज रहे?

ऋतुपर्ण दवे

अमेरिका में इस बार चुनाव के दौरान ही ट्रंप के आक्रामक तेवर बता रहे थे कि वो न केवल नया कुछ करेंगे बल्कि सभी राष्ट्रपतियों से बड़ी लकीर खीचेंगे। 13 जुलाई 2024 को उन्हें मारने की कोशिश के दौरान चली गोली जो कान छूते निकली और पूरे चुनावी रुख को बदल डाला। कहीं मौत और ट्रंप के बीच का सेकेंड्स से भी कम का ये फासला ही सख्त तेवरों की वजह तो नहीं? उनके मुंह से तब निकले फाइट, फाइट, फाइट शब्द अब हकीकत में दुनिया के लिए चुनौती बन रहे हैं। ट्रंप कड़े और बड़े फैसले लेकर सबसे 'फाइट' कर रहे हैं। क्या उनका दूसरा कार्यकाल अमेरिका और दुनिया में नया इतिहास रचेगा? सबसे ज्यादा परेशानी और हैरानी उनकी हालिया टैरिफ घोषणाओं से है जो दुनिया में चिंता का सबब है।

आखिर टैरिफ है क्या? जिससे ट्रंप की घोषणा के बाद बड़ा वैश्विक भूचाल आया? यह दूसरे देशों से आयातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला टैक्स है। जिसका भुगतान आयातक करते हैं। किसी वस्तु पर 10 फीसदी टैरिफ का मतलब भारत से अमेरिका पहुंची 5 डॉलर की उस वस्तु पर 0.50 डॉलर का अतिरिक्त टैक्स है। इससे आयातित वस्तु का दाम बढ़ता है और खरीददार सस्ते घरेलू उत्पाद ढूंढने लगते हैं। नतीजन आयात करने वाले देश को अपनी अर्थव्यवस्था बढ़ाने में सहयोग मिलता है। लेकिन ट्रंप का नजरिया अलग है। वो इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था बढ़ाने, नौकरियों की रक्षा करने और कर राजस्व बढ़ाने के तौर पर देखते हैं।

दुनिया के अमीरों में शुमार दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट जिनके बारे में कहा जाता है कि वो दुनिया के शेयर बाजार की चाल को नियंत्रित करते हैं भी ट्रंप के इस कदम से नाखुश हैं। बफेट टैरिफ नीतियों को युद्ध जैसा कदम मानते हैं। महंगाई और उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ने की आशंकाएं जताते हैं। इससे दीर्घकालीन अवधि में आर्थिक प्रभावों पर दुष्प्रभाव तथा आम उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ने की आशंका जताते हैं। बफेट की टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह ट्रंप के चीन, कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा के बाद आई। इससे ग्लोबल ट्रेड वॉर और बढ़ा जो निवेशकों की गहरी चिंता का सबब है।

टैरिफ पर अमेरिका और चीन आमने-सामने हैं। चीन चेतावनी दे चुका है कि वो इससे निपटने खातिर तैयार है। अमेरिकी दबाव का मुकाबला करेगा। चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ते ही दुनिया की दो दिग्गज अर्थव्यवस्थाओं के मध्य व्यापार युद्ध के आसार झलकने लगे हैं। चीनी विदेश मंत्री वांग का बयान कि यदि कोई देश केवल अपने हित आगे बढ़ाने लगे तो दुनिया में जंगल का कानून लागू हो सकता है। उन्होंने याद दिलाया कि अमेरिका को फेंटेनाइल महामारी से निपटने में बीजिंग का सहयोग नहीं भूलना चाहिए। क्या वाशिंगटन इस उदारता का बदला अकारण टैरिफ बढ़ा ले रहा है? सच है कि चीन लंबे समय से



विश्व का कारखाना बना हुआ है। 1970 के आखिर में जैसे ही चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था दुनिया के लिए खोली तबसे सस्ते श्रम और बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश के चलते ऊंचाइयां छूता चला गया। शायद ट्रंप को यही चीनी सफलता चुभ रही हो? दुनिया की निगाहें ट्रंप के टैरिफ युद्ध खासकर चीन की मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री पर है कि उसे कितना नुकसान पहुंच सकता है।

दूसरी ओर ट्रंप इस बार अपने व्यापारी मित्रों, सहयोगियों और सलाहकारों से ज्यादा घिरे दिखते हैं। टैरिफ उनके इकोनॉमिक प्लान्स का हिस्सा है। इससे अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग और रोजगार बढ़ेंगे। गौरतलब है कि उनके खास मित्र एलेन मस्क भारत में संभावनाओं को खोज ही रहे थे कि ट्रंप की सत्ता वापसी हुई। माना कि मस्क की टेस्ला कार की कीमत एक करोड़ होगी उस पर भारत में उतना ही टैरिफ लगेगा जिससे यहां कीमत दो करोड़ हो जाएगी। यदि दबाव के चलते कहीं शून्य टैरिफ वाली स्थिति बनी तो वही कार एक करोड़ में भारत में मिलेगी। इससे भारतीय कार बाजार को जबरदस्त चुनौती तय है।

यकीनन बात बहुत बिगड़ चुकी है। भारत समझता है कि ट्रंप जब कनाडा, यूरोपीय देशों और चीन को भी नहीं बख्श रहे तो भारतीय हितों व सम्मान की रक्षा खुद करनी होगी। वहीं ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के पहले संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए ऐतिहासिक भाषण दिया। इसमें भारत का नाम फिर उन देशों के साथ लिया जिन्होंने अपनी ऊंची शुल्क दर से नरम अमेरिकी नीति का फायदा उठाया। अमेरिका आगामी दो अप्रैल से इन देशों पर 'जैसे को तैसा' या 'आंख के बदले आंख' की तर्ज पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएगा। जो देश जितना टैरिफ अमेरिकी कंपनियों पर लगाएगा, अमेरिका भी उतना ही अपने यहां लगाएगा। इससे भारतीय एक्सपोर्ट महंगा होगा। खाद्य पदार्थ, टेक्सटाइल्स, कपड़े, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, जेम्स एंड ज्वेलरी, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटोमोबाइल सामग्रियां अमेरिकी बाजार में महंगी होंगी। नतीजन भारतीय उत्पाद वहां अभी जैसे नहीं टिक पाएंगे।

1951 में अमेरिकी संविधान में 22वें संशोधन के बाद कोई भी व्यक्ति दो बार राष्ट्रपति रह सकता है। ट्रंप आखिरी टर्म में वो कर गुजरना चाहते हैं जो इतिहास बने। वहीं उनके व्यापारी मित्र अपने व्यापारिक हितों में लिपटे दिखते हैं। ट्रंप की मंशा को समझना आसान भी नहीं क्योंकि वो खुद नहीं जानते कि अगले पल क्या कर गुजरेंगे?

जिद्दी ट्रंप किसी मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को नहीं मानते। न यही बताते कि पुराने अमेरिकी प्रशासनों ने ऐसे देशों को क्यों ऊंची दर से शुल्क लगाने दिया। वो अड़ी में हैं। हाल ही में व्हाइट हाउस में ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच प्रेस कांफ्रेन्स के दौरान कैमरों पर जो अप्रिय विवाद दिखा उसकी चहुंओर निंदा हुई। शांति की कीमत के बदले ट्रंप की यूक्रेनी खनिज भंडारों पर कब्जे की मांग यकीनन निंदनीय है। ट्रंप की नीयत ही बदनीयत लगती है। कहीं वो दुनिया को नए ट्रेड वार में धकेल उससे भी कमाने का रास्ता तो नहीं खोज रहे?

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

पारिवारिक मामलों को शान्तिपूर्ण तरीके से निपटा लें। व्यवसाय में आप तय लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर पायेंगे। रुका हुआ काम आज हल हो सकता है।

वृषभ

तनाव की वजह से शरीर में शिथिलता रहेगी। उच्च अधिकारियों को विभागों में परिवर्तन जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

मिथुन

दाम्पत्य जीवन में परस्पर सम्मान बनाये रखें। विद्यार्थी करियर को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है।

कर्क

विद्यार्थी नये कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं का आनन्द उठायेंगे। सहयोगी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं।

सिंह

तकनीक से जुड़े कार्यक्षेत्र में धन लाभ होगा। छोटे बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। उलझनों के बावजूद सभी काम समय के अनुसार ही पूर्ण होंगे।

कन्या

ऑफिस में सहकर्मियों का दबाव झेलना पड़ सकता है। आप अपनी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पायेंगे। छोटी सी गलती बड़ी बन सकती है।

तुला

वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। मित्रों की जरूरतों का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों का आसानी से निर्वहन कर पायेंगे।

वृश्चिक

मेहनत का सन्तोषजनक परिणाम प्राप्त होगा। तुरन्त लाभ की आशा करेंगे तो निराश होना पड़ेगा। विद्यार्थियों को अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

धनु

सामाजिक गतिविधियों में आप व्यस्त होने वाले हैं। सन्तान के सहयोग से लाभ मिलेगा। आर्थिक रूप से सक्षम रहेंगे। नये व्यावसायिक अनुबन्ध मिल सकते हैं। परिजन आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे।

मकर

कार्यक्षेत्र में आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आय और व्यय में उचित समन्वय बना रहेगा। शोध कार्यों के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। आत्मनिरीक्षण के लिये दिन उत्तम है।

कुंभ

कार्यशैली में कुछ बदलाव ला सकते हैं। नया व्यापार शुरू करने में आसानी होगी। किसी पर भी अत्यधिक विश्वास न करें। बिना माँगे किसी को सलाह न दें।

मीन

पति-पत्नी के बीच अहम् में टकराव हो सकता है। तनाव का नकारात्मक असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय सावधानी रखें।

जिले में धूमधाम से मना बिहार दिवस, कार्यक्रमों की रही धूम

स्कूलों में भी आयोजित हुए कार्यक्रम, निकाली गई प्रभात फेरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय, वीरपुर। जिले में शनिवार को बिहार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय में प्रभात फ़ेरी निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल हुए। प्रभात फ़ेरी पुलिस लाइन से शुरू होकर नगर निगम चौक होते हुए गांधी स्टेडियम में संपन्न हुई। इस दौरान स्कूली बच्चे निर्धारित ड्रेस कोड में शामिल हुए और हाथों में स्लोगन लिखे बैनर लिए थे। आयोजन के दौरान जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था की गई थी, वहीं बरौनी डेयरी के महाप्रबंधक द्वारा प्रतिभागियों के लिए राबड़ी और लस्सी की व्यवस्था की गई।

विभिन्न स्टॉल व प्रदर्शनियों का आयोजन

गांधी स्टेडियम में डीएम तुषार सिंगला एवं विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने बिहार दिवस समारोह का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल और निजी रेस्टोरेंट द्वारा आयोजित व्यंजन मेले का निरीक्षण किया।

इस दौरान सरकारी योजनाओं के लाभुकों को लाभान्वित किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थे:

सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों की धूम

बेगूसराय। बिहार दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले भर के सरकारी विद्यालयों में विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने प्रभात फ़ेरी निकालकर बिहार की संस्कृति, इतिहास और गौरव का संदेश दिया। जिले के जनता प्लस टू विद्यालय, चांदपुरा और उच्च माध्यमिक विद्यालय, सांख समेत सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यक्रमों की धूम रही। प्रभात फ़ेरी में सैकड़ों छात्र-छात्राएं पारंपरिक परिधानों में सजे हुए हाथों में रंग-बिरंगे पोस्टर और बैनर लिए 'जय बिहार' और 'शिक्षित बिहार, विकसित बिहार' जैसे नारे लगाते हुए पूरे जोश के साथ सड़कों पर उतरे। यह फ़ेरी विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए पुनः विद्यालय पहुंची।इस अवसर पर जनता प्लस टू विद्यालय, चांदपुरा के शिक्षक नंदन मिश्रा ने कहा कि 'बिहार दिवस हमारे लिए सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि अपनी पहचान और संस्कृति को सम्मान देने का दिन है। बच्चों ने जिस उत्साह और जोश से भाग लिया, वह वास्तव में प्रेरणादायक है।' वहीं, उच्च माध्यमिक विद्यालय, सांख के प्रधानाध्यापक जेपी ज्योति ने कहा कि ''हमारा उद्देश्य है कि बच्चों को बिहार की संस्कृति और इतिहास से जोड़ें और उनमें गर्व की भावना पैदा करें।''विद्यालयों में भाषण, निबंध लेखन, संगीत, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों को बिहार के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा से अवगत कराना था, ताकि उनमें राज्य के प्रति सम्मान और गर्व की भावना जागृत हो सके।

इस आयोजन में जनता प्लस टू विद्यालय, चांदपुरा के प्रधानाध्यापक आदित्य कुमार, शिक्षक अमित कुमार, पंकज कुमार, विक्की कुमार, शिवआशीष कुमार, मीरा कुमारी, फिरोज यासमीन, कृष्णा पासवान, खुशबू कुमारी, मणिकांत कुमार, शशिकांत कुमार, मंजुला कुमारी, शिवम कुमार, पल्लवी कुमारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बिहार दिवस के इस भव्य आयोजन ने पूरे जिले में देशभक्ति और गौरव का माहौल बना दिया।

बिहार दिवस पर किया गया पौधरोपण

वीरपुर। बिहार दिवस के अवसर पर शनिवार को वीरपुर प्रखंड क्षेत्र के नौला, डीह, भवानंदपुर, वीरपुर पूर्वी-पश्चिमी, गेंहरपुर, जगदर और पर्रा पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्कूली बच्चों ने प्रभात फ़ेरी निकालकर समाज में लिंगानुपात को लेकर जागरूकता फैलाई। इस दौरान अशिक्षा के कारण किए जा रहे भेदभाव को खत्म करने के नारे लगाए गए। इसके साथ ही, उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने जल-जीवन-हरियाली से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया। प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय और थाना परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण किया गया। इस अभियान का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार, सीओ भाई वीरेंद्र कुमार और थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने किया।

एक नजर

बीएड कॉलेज विक्रमपुर में धूमधाम से मनाया गया बिहार दिवस

बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। तारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, विक्रमपुर में शनिवार को बिहार दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्य अगम कुमार, प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह एवं प्रो. इंचार्ज कुमार सौरभ ने दीप प्रज्वलित कर की। मुख्य वक्ता कुमार सौरभ ने बिहार के गौरवशाली अतीत और समृद्ध इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हर बिहारी को अपने राज्य की उपलब्धियों पर गर्व होना चाहिए। कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड (सत्र 2023-25 एवं 2024-26) के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। पूरे आयोजन को सफल बनाने में बीएड एवं डीएलएड के सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अनियंत्रित स्कूटी की टक्कर से वृद्ध की मौत, सड़क जाम

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पहसारा-बगरस पथ पर इनैया के पास मुरही फैक्ट्री के नजदीक शनिवार को अनियंत्रित स्कूटी की टक्कर से एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान डफरपुर पंचायत के वृंदावन निवासी गौरीशंकर सिंह उर्फ ढोरो सिंह (65 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह अपने खेत की सिंचाई के लिए साइकिल से जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कूटी ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गौरीशंकर सिंह दूर तक घिसटते चले गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें बेगूसराय स्थित एक निजी क्लीनिक ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। वृंदावन और इनैया गांव के लोगों ने सड़क पर शव रखकर पहसारा-बगरस पथ को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी उच्चाधिकारियों को बुलाने और मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बेगूसराय भेज दिया।

बरौनी में चला सघन वाहन जांच अभियान

बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर बरौनी थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिससे अवैध रूप से वाहन चलाने वालों में हड़कंप मच गया। शनिवार और रविवार को अपराध नियंत्रण एवं तस्करी पर रोकथाम के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया। बरौनी थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ठाकुर ने बताया कि इस दौरान अवध-तिरहुत सड़क पर सघन जांच की गई, जिसमें 70 मोटरसाइकिलों की जांच की गई। इनमें से 8 मोटरसाइकिलों के कागजात अधूरे पाए गए, जिन पर जुर्माना लगाया गया। जांच के दौरान मोटरसाइकिल की डिक्की, चारपहिया वाहन और दस्तावेजों की भी गहन जांच की गई। मौके पर एसआई जितेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, आलोक कुमार, सुभाष कुमार, आलमगीर, अजय कुमार, सोनू कुमार और सशस्त्र पुलिस बल मौजूद रहा।

बखरी में बिहार दिवस पर प्रभात फेरी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी। बिहार दिवस के अवसर पर शनिवार को अनुमंडल प्रशासन द्वारा भव्य प्रभात फ़ेरी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को एसडीएम सन्नी कुमार सौरव और बीडीओ महेश चंद्र ने अंबेडकर चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फ़ेरी बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए अनुमंडल परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान स्कूली बच्चे तख्तियों पर बिहार दिवस से संबंधित स्लोगन लिखकर नारेबाजी कर रहे थे। उनके उत्साह ने पूरे माहौल को बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और विकास की दिशा में प्रेरित कर दिया। इसके अलावा, दोपहर में रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में अनुमंडल प्रशासन के अधिकारियों समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। मौजूद लोगः एसडीएम सन्नी कुमार सौरव, बीडीओ महेश चंद्र, नगर कार्यपालक अधिकारी प्रफुल्ल चंद्र यादव, बीएओ ओमप्रकाश यादव, सपा जिलाध्यक्ष दिलीप केसरी, अधिवक्ता गौरव कुमार, शिक्षक प्रेम किशन मन्नू, पवन कुमार सुमन, मंतोष यादव, नंदन रजक, नंदलाल राम, बसंत कुमार, विकास मिश्रा समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

छीनेगांव में मां काली व ग्राम देवी प्रतिष्ठात्मक शतचंडी यज्ञ का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बड़हरा (भोजपुर)। बड़हरा प्रखंड के छीनेगांव गांव में मां काली एवं ग्राम देवी प्रतिष्ठात्मक सतचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन 30 मार्च से 7 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियों में ग्रामीण उत्साहपूर्वक जुटे हुए हैं।



आयोजन की शुरुआत 30 मार्च को जल यात्रा के साथ होगी। 31 मार्च को पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश संपन्न होगा। 1 अप्रैल को देवी पूजन एवं अरणी मंथन, 2 अप्रैल को मंडप पूजन एवं दुर्गा पाठ, 3 अप्रैल को मूर्ति संस्कार और ग्राम भ्रमण होगा। 4 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा, 5 अप्रैल को मंडप पूजन, कीर्तन व रामायण दुगोला और 6 अप्रैल को पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा।

31 मार्च से 4 अप्रैल तक प्रवचन सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें वाराणसी से पधारने वाले श्रवण दास जी महाराज और हरिद्वार के बैकुंठ नाथ जी महाराज कथा वाचन करेंगे। श्रद्धालु उनके मुख से धार्मिक प्रवचन सुनने का लाभ उठा सकेंगे।

7 अप्रैल को भव्य देवी जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बलिया जिले के सुप्रसिद्ध गायक सुरेंद्र सिंह और आरा जिले के सुरेश तिवारी के बीच दुगोला कार्यक्रम होगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

मंदिर जीर्णोद्धार पर एक करोड़ से अधिक खर्च का अनुमान

मंदिर समिति के अनुसार, इस अवसर पर मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं, जिसमें एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत आने का अनुमान है। आयोजन को भव्य रूप देने के लिए झूला, चरखी सहित विभिन्न दुकानों की बुकिंग शुरू हो चुकी है, जिससे श्रद्धालु पूजा-अर्चना के साथ-साथ मेले का आनंद भी उठा सकेंगे।

इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक माहौल बना रहेगा

विश्व जल दिवस पर जल गुणवत्ता परीक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

संदेश (भोजपुर)। विश्व जल दिवस के अवसर पर शनिवार को संदेश प्रखंड में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के तत्वावधान में जल गुणवत्ता परीक्षण पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन वॉटर फॉर पीपल एवं ग्रामवाणी के सहयोग से किया गया, जिसमें जल परीक्षण की विधि एवं प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई।



इस दौरान संदेश, चिल्हौस और खंडौल पंचायत से 51 बोतल जल संग्रह कर जांच के लिए लोक स्वास्थ्य नियंत्रण कार्यालय, भोजपुर भेजा गया। मौके पर मौजूद केमिस्ट शुभंकर विश्वास एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अंजार आलम ने जल परीक्षण प्रक्रिया के महत्व और उसके प्रभाव पर प्रकाश डाला।

जल संरक्षण व जन-जागरूकता पर चर्चा

इस अवसर पर फैयाज इकबाल ने 'दस्तक अभियान' के तहत जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर चर्चा की। वहीं, देवराज पंकज ने मोबाइल वाणी के टोल-फ्री नंबर 9266609111 के माध्यम से जल आपूर्ति से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने और समस्याओं को दर्ज कराने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

ज्ञात हो कि 'दस्तक दल अभियान' के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 'हर घर नल का जल' योजना को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छता, उपभोक्ता शुल्क, शिकायत निवारण एवं जल गुणवत्ता जांच जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ समुदाय तक पहुंचाई जा रही हैं।

ग्रामीणों में दिखा उत्साह

कार्यक्रम में रितिक कुमार, गौरव कुमार, वार्ड सदस्य, स्वच्छता पर्यवेक्षक, पंप ऑपरेटर सहित दर्जनों ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्रामीणों ने जल गुणवत्ता परीक्षण और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता को लेकर गहरी रुचि दिखाई।

माहुरी वैश्य मंडल ने धूमधाम से मनाया मां मथुरासिनी पूजनोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। माहुरी वैश्य मंडल पटना द्वारा मां मथुरासिनी पूजनोत्सव धूमधाम से विजय नगर स्थित संगम मैरिज हॉल, बेली रोड में आयोजित किया गया। इस वर्ष पूजा समिति के अध्यक्ष अजीत कपसिमें की अध्यक्षता में यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ।



माहुरी समाज की कुल देवी मां मथुरासिनी की पूजा चैत्र शीतलाष्टमी के अवसर पर विधि-विधान से की गई। सुबह 9 बजे शोभा यात्रा संगम मैरिज हॉल से आरंभ होकर जगदेव पथ होते हुए पुनः संगम मैरिज हॉल में संपन्न हुई। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया।

इस सफल आयोजन में संरक्षक बिनोद कुमार भदानी, अध्यक्ष अजीत कैप्सिमे, सचिव राहुल भदानी, कोषाध्यक्ष विक्रम चरण पहाड़ी और महिला अध्यक्षा नमिता लोहांनी सहित समाज के कई सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सजीव भदानी, अजय लोहानी, उदय आरमराम, सतीश आरमराम, अश्विनी लोहानी, सलिल कपसिमें, हेमंत लोहानी, पूनम, संगीता, शालिनी चरण पहाड़ी, अर्चना, सीमा और रूपम रानी आदि ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

गांधी मैदान में बिहार दिवस पर कृषि पवेलियन का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार दिवस (22-26 मार्च 2025) के अवसर पर गाँधी मैदान में माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने कृषि पवेलियन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार दिवस ''उन्नत बिहार, विकसित बिहार'' थीम पर मनाया जा रहा है। 30 हजार वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित कृषि पवेलियन में भागलपुरी कतरनी चावल, शाहाबाद का सोनाचुर चावल, सोनामोती गेहूँ सहित पारंपरिक एवं प्रसंस्कृत उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है। कृषि ज्ञान वाहन और चलंत मिट्टी जाँच प्रयोगशाला किसानों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध करा रही है।



उन्होंने बताया कि कृषि रोडमैप से प्रदेश में कृषि उत्पादन बढ़ा है। प्रदर्शनी में जलवायु अनुकूल कृषि, सूक्ष्म सिंचाई, छत पर बागवानी, मखाना, मशरूम, औषधीय पौधों की खेती जैसे आधुनिक तरीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। कृषि ड्रोन एवं स्प्रेयर उपकरणों की भी प्रदर्शनी लगाई गई है। उन्होंने आशा जताई कि यह आयोजन किसानों और आमजन को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने में सहायक होगा।

रेडक्रॉस सोसायटी बनी निजी स्वार्थ की संस्था : डॉ. पंकज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जिले में पिछले 10 वर्षों से कार्यरत अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आईएमए के सचिव और सोसायटी के भूमिदाता डॉ. पंकज कुमार सिंह ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर संस्था के पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए।

डॉ. पंकज ने बताया कि उनके दादा स्व. रामचंद्र सिंह और परिजनों ने 1 बीघा 4 कट्ठा 10 धुर भूमि निःशुल्क दान दी थी। इसके अलावा मणियप्पा निवासी स्व. रामसागर सिंह ने भी 1 बीघा 3 कट्ठा जमीन दान में दी, जिस पर वर्ष 1983 में रेडक्रॉस अस्पताल का निर्माण हुआ।

उन्होंने आरोप लगाया कि आज रेडक्रॉस सोसायटी कागजों पर चल रही है और कुछ लोगों ने इसे अपनी निजी संस्था बना लिया है। संस्था के आजीवन सदस्यों को नजरअंदाज कर, डीएम सीमा त्रिपाठी के कार्यकाल में एक कमिटी बनाई गई जिसमें कुछ चुनिंदा लोगों को पदाधिकारी बना दिया गया।

डॉ. पंकज ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी के बायलॉज के अनुसार हर 2-3 साल में चुनाव होना चाहिए, लेकिन पिछले 10 वर्षों से कोई चुनाव नहीं हुआ। वार्षिक जनरल बॉडी मीटिंग भी नहीं होती, सिर्फ गिने-चुने लोग बैठक कर खानापूर्ति कर लेते हैं।

उन्होंने मांग की कि मणियप्पा रेडक्रॉस अस्पताल को उसके मूल स्वरूप में लाया जाए, ताकि उनके दादा द्वारा जमीन दान करने का उद्देश्य पूरा हो सके। अन्यथा, यदि संस्था इस उद्देश्य से काम नहीं करती, तो उनकी जमीन वापस की जाए।

विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से जिला सचिव जीवनंद मिश्रा सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरौनी। ईस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड के जिला सचिव एवं रेलवे में तकनीशियन के पद पर कार्यरत जीवनंद मिश्रा को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। शुक्रवार को 69वें रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के महाप्रबंधक छत्रशाल सिंह द्वारा वर्ष 2024-25 में विशिष्ट कार्य के लिए उन्हें विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जीवनंद मिश्रा को गरहरा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कब बुल बुल उत्सव, अखिल भारतीय डायमंड जुबली जंबूरी त्रिची (तमिलनाडु) सहित रेलवे से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में सफल नेतृत्व के लिए विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बी.के. सिंह, पीएफए सह मुख्य राज्य आयुक्त नीरज वर्मा, मंडल रेल प्रबंधक सोनपुर विवेक भूषण सूद, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी जे.पी. सिंह, अजित कुमार यादव, सहायक कार्मिक अधिकारी एवं सहायक राज्य सचिव प्रभात कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जीवनंद मिश्रा के इस उपलब्धि पर गरहरा-बरौनी के जिला आयुक्त स्काउट डॉ. कमल कुमार भगत, प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ सुनील कुमार पांडे, थाना प्रभारी सुमंत चौधरी, अविनाश कुमार अमर, रामनिरंजन सिंह, एडीसी मनोज कुमार सिंह, डीओसी मनीष कुमार, सहायक सचिव शशिकांत, दयानंद मिश्र, बंदना मिश्रा, अंजली मिश्रा, पंकज कुमार राकेश, खुशबू सिन्हा, मंडल दूरसंचार अभियंता कुलदीप कुमार, सहायक मंडल इंजीनियर विकास चंद्र दत्ता, सीमांत कुमार, भानु कुमार और राजीव कुमार समेत दर्जनों लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

रेलवे सेवा में उत्कृष्ट योगदान

विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्राप्त कर जीवनंद मिश्रा ने रेलवे सेवा और स्काउट गाइड गतिविधियों में अपने सराहनीय योगदान का परिचय दिया है। उनके इस सम्मान से रेलवे कर्मचारियों और स्काउट एंड गाइड संगठन में हर्ष और गर्व का माहौल है।

कुत्तों के आतंक से लोग परेशान, आधा दर्जन लोग घायल

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक चरम पर पहुंच गया है। अलग-अलग गांवों में कुत्तों ने हमला कर छह से अधिक लोगों को घायल कर दिया। सभी घायलों का इलाज पीएचसी नावकोठी में किया गया। घायलों में नावकोठी के ललन साह की पुत्री तपस्या कुमारी, सिसौनी के नथुनी ठाकुर का पुत्र राम बालक ठाकुर, रजाकपुर के जनार्दन पोद्दार का पुत्र सतीश पोद्दार, मुरारी कुमार की पुत्री स्वाति कुमारी और हसनपुर बागर के देवराज पासवान का पुत्र हर्षवर्धन कुमार शामिल हैं। चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि सभी खतरे से बाहर हैं, लेकिन लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

मिथिला राजनैतिक स्तर पर अभी भी सुदृढ़ नहीं : डॉ अशोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। मैथिली साहित्य के बहुचर्चित साहित्यकार व साहित्य अकादमी में मैथिली का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ. अशोक कुमार झा 'अविचल' ने कहा कि मिथिला राजनैतिक स्तर पर अभी भी सुदृढ़ नहीं है, जिसका खामियाजा हमेशा मैथिली भाषा, साहित्य एवं क्षेत्र को होता रहता है।

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के मैथिली विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो दमन कुमार झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को 'मैथिली भाषा कें शास्त्रीय भाषाक मान्यता प्रदान करबाक औचिय' विषय पर आयोजित व्याख्यान-माला में मैथिली साहिय के बहुचर्चित साहित्यकार व एलबीएसएम कॉलेज, जमशेदपुर के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा 'अविचल' ने कहा कि शास्त्रीय भाषा को मान्यता तभी प्राप्त होती है, जब वह इन चार मापदंडों पर खरा उतरता है। प्रारंभिक ग्रन्थ या अभिलिखित इतिहास की प्राचीनता, मौलिक साहित्यिक परम्परा, प्राचीन ग्रन्थ अथवा साहित्य और भाषा एवं साहित्य आधुनिक भाषा से भिन्न हो। इन चार बिंदुओं पर विचार आवश्यक है। डॉ. अविचल ने मैथिली भाषा के साक्ष्य की विवेचना करते हुए कहा कि तिलकेश्वर स्थान, सहरसा के शिव मंदिर, में प्राप्त शिलालेख आज प्रमाण रूप में उपलब्ध हैं। राम कथा मैथिली की प्राचीनता का स्वतः प्रमाण है, जिसमें सीता- हनुमान संवाद मानुषी भाषा में किया गया है। प्राचीनता का स्पष्ट प्रमाण सिद्ध साहित्य से भी प्राप्त होता है, जिसकी रचना 750 ईस्वी के आस-पास मानी जाती है। इसी कड़ी में महाकवि विद्यापति के देसिल बयना की चर्चा करते हुए स्वीकारा कि जब तक आम जन मैथिली भाषा का प्रयोग पूर्णरूपेण नहीं करेंगे और मैथिली भाषा के प्रति सचेत नहीं रहेंगे, तब तक मैथिली भाषा की स्थिति तदनुकूल रहेगी।

व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए प्रो. दमन कुमार झा ने कहा कि डॉ अशोक अविचल इसी विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं, और अपनी योग्यता से पूरे झारखण्ड राज्य में मैथिली भाषा साहित्य की अलख जगाने में तत्पर हैं। साहित्य अकादमी में मैथिली का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ अविचल साहित्य के साथ- साथ भाषा आंदोलन में भी अपनी अनिवार्यता सिद्ध करते रहे हैं। मौके पर विभागीय शिक्षक प्रो. अशोक कुमार मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि मैथिली भाषा को शास्त्रीयता की श्रेणी में लाने से ही मैथिली भाषा व साहित्य एवं क्षेत्र का विकास संभव है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में मैथिली पीठ की स्थापना होने से उच्च शोध की दिशा प्रशस्त होगी जिससे मैथिली का सर्वोत्तम विकास हो सकेगा।

इस व्याख्यान माला में डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ अभिलाषा कुमारी, शोधार्थी दीपेश कुमार, नेहा कुमारी, राजनाथ पंडित, अम्बालिका कुमारी, प्रवीण कुमार, मनोज कुमार पंडित,पवन कुमार महतो, प्रियंका कुमारी, शालिनी कुमारी , शीला कुमारी, मिथलेश कुमार चौधरी, राहुल राज गुप्ता, मनोज कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्र -छात्राएं एवं विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मना बिहार दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



मोतिहारी/फ़ेनहारा/पिपराकोठी(पूर्वी चम्पारण)। बिहार दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग के सौजन्य से पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी से स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात फ़ेरी निकाली गई जिसे जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, उप महापौर एवं बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा प्रभात फ़ेरी में भाग लेने वाले सभी बच्चों सहित जिला वासियों को बिहार दिवस की शुभकामनाएं दी गई। वही फेनाहारा से हमारे संवाददाता के अनुसार, गुरुकुल फ़ेनहरा विद्यालय के द्वारा बिहार दिवस एवं विश्व जल दिवस के अवसर पर सुबह में प्रातः 8:00 बजे पूर्वाह्न से प्रभात फ़ेरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें फ़ेनहरा थानाध्यक्ष सानू गौरव के द्वारा बहुत ही सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया। प्रभात फ़ेरी कार्यक्रम में फ़ेनहरा थाना के सब-इंस्पेक्टर नेहा कुमारी तथा पुलिसकर्मी कमलेश कुमार, अमोद कुमार, पवन कुमार आदि गणमान्य लोगों ने शिरकत की । बिहार दिवस एवं विश्व जल दिवस के अवसर पर गुरुकुल विद्यालय के निदेशक ओम प्रकाश मंडल, गुरुकुल विद्यालय के प्रिंसिपल शफाली कुमारी के साथ-साथ गुरुकुल विद्यालय के सोनाली कुमारी, परवेज आलम, सरफुद्दीन अंसारी, शोभा कुमारी, सुमित कुमार, अब्दुर्रहमान, भोला सिंह, नेहा कुमारी, शाहीन परवीन , अनिता कुमारी, ममता कुमारी आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ - साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बिहार दिवस एवं विश्व जल दिवस की प्रभात फ़ेरी कार्यक्रम में उपस्थित थेद्य पिपरा कोठी से हमारे संवाददाता के अनुसार, प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालय में बिहार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूलों के बच्चों ने प्रभातफ़ेरी निकाल समृद्ध बिहार का नारा दिया। प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों ने प्रभात फ़ेरी निकाली। उसके बाद रंगोली प्रतियोगिता, वादविवाद प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिता में भाग लिया। इस क्रम में राजकीय मध्य विद्यालय पंडितपुर, राजकीय बुनियादी विद्यालय, मध्य विद्यालय तेनुआ आदि जगहों पर बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया। और बिहार दिवस को सेलीब्रेट किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज शर्मा, प्रणव कुमार, इको क्लब प्रभारी प्रभुनंदन ठाकुर ने बताया की बिहार में कई ऐसे महापुरुष पैदा लिए, जिन्होंने प्रदेश का नाम रौशन किया है। उनसे सभी बच्चों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। बच्चों ने प्रभातफ़ेरी से लौटकर विद्यालय प्रांगण में विभिन्न थीम पर आकर्षक रंगोली बनाया वा पेड़ लगाकर बिहार दिवस को यादगार बनाया।

सदर विधायक व घोषी विधायक ने एंटी रेबीज क्लिनिक का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



जहानाबाद। बिहार दिवस के अवसर पर जिले के सदर अस्पताल परिसर में राष्ट्रीय रेबीज कंट्रोल कार्यक्रम के तहत एंटी रेबीज क्लिनिक का उद्घाटन सदर विधायक सुदय यादव एवं घोसी विधायक रामबली सिंह यादव के द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के साथ-साथ टीकाकरण केंद्र का भी रिनोवेशन कार्य पूर्ण होने पर उन लोगों के द्वारा केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। एंटी रेबीज क्लीनिक में रेबीज बीमारी से बचाव हेतु लोगों को टीकाकरण किया जाए जाएगा। टीकाकरण का समय प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 तक रहेगा। इस क्लीनिक में कुत्तों द्वारा काटे गए जख्म की सफाई के लिए बाउंड वॉशिंग एरिया भी बनाया गया है। टीकाकरण के साथ-साथ रेबीज क्लीनिक में उक्त बीमारी से बचाव एवं उपचार से संबंधित सलाह भी प्रदान की जाएगी। साथ ही साथ उक्त क्लिनिक को कंप्यूटर कृत भी किया गया है। ताकि लोगों का एआरभी टीकाकरण का डाटा उपलब्ध रहेगा। टीकाकरण केंद्र में भ्रमण के क्रम में टीका का भंडारण, बच्चों को टीकाकरण में यूविन पोर्टल पर एंट्री तथा बच्चों का डोज, बीमारियों से बचाव आदि के बारे में भी उनके द्वारा जानकारी ली गई। उक्त उद्घाटन के समय डॉक्टर देवेंद्र प्रसाद सिविल सर्जन जहानाबाद, डॉ प्रमोद कुमार जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी जहानाबाद, मो0 खालिद हुसैन जिला कार्यक्रम प्रबंधक, आलोक कुमार जिला एपिडेमियोलॉजीस्ट, धीरज कुमार जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर तथा सदर अस्पताल के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

इतिहास को संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी : ई. जयप्रकाश सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



एकमा (सारण)। रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आमडाढ़ी, एकमा में शनिवार को बिहार दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कॉलेज के सचिव ई. जयप्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में बिहार दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बिहार का इतिहास गौरवशाली रहा है और इसे संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बिहार दिवस 2025 की इस बार की थीम ''उन्नत बिहार, विकसित बिहार'' के अनुसार हमलोग उस पथ पर गतिमान हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं की चर्चा की। वक्ताओं ने बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व सामाजिक धरोहरों की जानकारी देते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि वे बिहार की उन्नति में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। गीत-संगीत व नृत्य के माध्यम से बिहार की संस्कृति को जीवंत किया गया। प्राचार्य डॉ. सत्यप्रकाश दास ने बिहार के गौरवशाली अतीत व वर्तमान की झलक प्रस्तुत की। संगीत शिक्षक उमाशंकर सिंह ने बिहार गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश दास, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, ठाकुर सिंह, प्रो. विजय कुमार, प्रो. राजकुमार वर्मा, प्रो. राजकुमार राजभर, प्रो. सुनीता कुमारी, प्रो. कंचन भारती, अजीत कुमार, अनूप कुमार, नागेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

दिल्ली के एनआईए में बिहार दिवस का शुभारंभ, पुस्तक विमोचन के साथ शानदार आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली/पटना । बिहार दिवस 2025 का भव्य आयोजन शनिवार को दिल्ली हाट, एनआईए में हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला और औद्योगिक प्रगति को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना था। इस अवसर पर पारंपरिक लोक संगीत, नृत्य, नाटक और एक विशेष पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बिहार की संस्कृति, महिलाओं, इतिहास और उद्योगों पर केंद्रित पुस्तकों का अनावरण किया गया।
इस महत्वपूर्ण अवसर पर बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, उद्योग विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी और तकनीकी विकास निदेशक शेखर आनंद उपस्थित रहे। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा, सबसे पहले, समस्त देशवासियों को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आज पूरा देश बिहार का 113वां स्थापना दिवस मना रहा है। यह उत्सव हमारी गौरवशाली विरासत और सांस्कृतिक पहचान को देश-दुनिया तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। बिहार दिवस को इस वर्ष दिल्ली, मुंबई, गोवा, सिलीगुड़ी, गैंगटॉक, सूरत, गुवाहाटी, चंडीगढ़, पुणे और बेंगलुरु सहित कई प्रमुख शहरों में मनाया जा रहा है। उद्योग विभाग के प्रयासों से आयोजित इस उत्सव से देश-विदेश के आगंतुकों को बिहार की कला, शिल्प और लोक परंपराओं को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत बिहार के पारंपरिक लोक नृत्य - झिझिया, झूमर, जट-जटिन और विदापत नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां हुईं। इसके साथ ही मैथिली, भोजपुरी और मगही लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।
कार्यक्रम में बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और औद्योगिक विकास यात्रा पर आधारित विशेष पुस्तकों का विमोचन किया गया। इनमें प्रमुख रूप से ल्औद्योगिक विकास और प्रगति पहल 2024-25 तथा ल्मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजनाः सपनों को मिल रही नई पहचानङ्क शामिल थीं। ये पुस्तकें बिहार के ऐतिहासिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास को उजागर करती हैं। उद्योग विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी ने कहा, बिहार सरकार के सहयोग से आयोजित 'बिहार उत्सव 2025' का आयोजन 16 मार्च से 31 मार्च तक दिल्ली हाट, आईएनए में किया जा रहा है। इस मेले में बिहार की पारंपरिक कलाओं जैसे हथकरघा, खादी, मधुबनी पेंटिंग, टिकुली कला, सूजनी कढ़ाई, सिकी शिल्प और अन्य हस्तशिल्पों का भव्य प्रदर्शन किया गया है।

बिहार दिवस पर सांसद ने दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। आज सांसद, सभापति रक्षा संबंधी स्थाई समिति, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार राधा मोहन सिंह ने बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आर्थिक-सामाजिक प्रगति के शिल्पकार बिहार के निवासियों एवं प्रवासी बिहारी वर्ग को मैं 'बिहार दिवस' के अवसर पर अपनी और पार्टी की ओर से बधाई देता हूं। इस अवसर पर मैं कहना चाहता हूँ कि 'राष्ट्र निर्माण एक सतत प्रक्रिया है। श्री सिंह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं बिहार की एनडीए सरकार की कर्मठता के कारण बिहार मजबूत बन रहा है, जिसमें आप सभी को महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी हैद्य उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने जारी विज्ञप्ति के मध्यम से दी।

बिहार दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



मोतिहारी। महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण के तत्वावधान में बिहार दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी सौरव जोरवाल, उप महापौर लालबाबू प्रसाद गुप्ता, एडीएम पीजीआरो शैलेंद्र भारती, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडे,अनुमंडल पदाधिकारी श्वेता भारती, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर प्रेक्षा गृह में बड़ी संख्या में उपस्थित बाल कलाकारों, जिला के नामचीन कलाकारों एवम नगर वासियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी को बिहार दिवस की शुभकामना दी।जिलाधिकारी ने कहा कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में गीत संगीत का बड़ा महत्व है। आज जो बच्चे यहां अपनी प्रस्तुति देंगे कल के दिन में यही बच्चे देश के स्तर पर जिला का नाम रौशन करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिला के विभिन्न प्रखंडों के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय कलाकारों ने भी अपने गायन एवं प्रदर्शन से उपस्थित श्रोताओं के दिलों दिमाग पर अमित छाप छोड़ी। कार्यक्रम पर संचालन डॉक्टर सतीश कुमार साथी एवं आदित्य मानस के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पुरे सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिहार की लोक भाषा से जुड़ी हुई गीतों की प्रस्तुति छाई रही।

बिहार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)। बिहार दिवस पर अनुमंडल मुख्यालय में शिक्षा विभाग के सौजन्य से कई कार्यक्रम हुए। इससे पहले पूर्व मंत्री सह विधायक इं राणा रणधीर सिंह, एसडीओ अविनाश कुमार,डीएसपी मो. मोहिबुल्लाह अंसारी तथा कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी आदित्य राज ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। बीते रात्रि अनुमंडल परिसर को बिजली की जगमगाती रोशनी से सजाया गया था।

बिहार दिवस पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर। बिहार दिवस के मौके पर जिले के टेहटा बाजार स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल टेहटा के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली रंगोली बनाकर लोगो को हतप्रद कर दिया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि उनका लक्ष्य है की बिहार दिवस के मौके पर पूरे देश में बिहार का नाम रोशन हो इसी को लेकर उनके विद्यालय के बच्चों ने बिहार दिवस के मौके पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया है। उन्होंने बताया कि इस मौके पर बेहतर रंगोली बनाने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया, बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों में रिंकू, रिया, अनामिका, बिना, रिया, अनामिका, वीणा, आयुष, विल्सन, कन्हैया, प्रियांशु, स्वीटी छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

डेटा विश्लेषण और उसकी व्याख्या में नैतिकता का पालन करना जरूरी : प्रो. प्रसून दत्त

अनुसंधान में डेटा विश्लेषण के लिए तकनीकी का सार्थक उपयोग आवश्यक-डॉ. मोहम्मद शहादत हुसैन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। आईसीएसएसआर दिल्ली प्रायोजित मीडिया अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा दस दिवसीय कार्यशाला में डेटा विश्लेषण से सम्बंधित तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ द्वतृतीय दिवस के प्रथम तकनीकी सत्र के वक्ता डॉ. शहादत हुसैन , वरिष्ठ सहायक प्रोफ़ेसर, समाज कार्य विभाग, विद्यांत हिंदी पीजी कॉलेज, लखनऊ विश्वविद्यालय और तृतीय तकनीकी सत्र के वक्ता बुद्ध परिसर के निदेशक कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह थे। स्वागत कार्यशाला निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा एवं संचालन कार्यशाला सहायक निदेशक डॉ. सुनील दीपक घोडके ने कियाद्य मीडिया अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सत्रों के कार्यक्रम से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। वक्ता डॉ. शहादत हुसैन ने अनुसंधान में डेटा विष्लेषण के महत्व के बारे में बताया। समाजिक विज्ञान में इसके महत्व और सामाजिक जनसांख्यिकीय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। एसपीएसएस के डेटा विश्लेषण, सांख्यिकीय मॉडल का निर्माण और व्यवसाय व स्वास्थ्य सेवा के बारे में चर्चा कीद्यकार्यशाला के तीसरे सत्र में प्रो प्रसून दत्त सिंह ने डेटा विश्लेषण और उसकी व्याख्या में नैतिकता पर जोर दी। कार्यशाला में मीडिया अध्ययन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनील दीपक घोडके ने सभी आमंत्रित वक्ताओं तथा शोधार्थियों का धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यशाला के आगामी सत्रों को लेकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

पीड़ित परिवार को चार लाख का चेक वितरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अरेराज (पूर्वी चम्पारण)। गोविन्दगंज विधायक सुनील मणि तिवारी ने जैसे ही सीबू कुमारी के माता को चार लाख का चेक हाथ मे दिया बेटी की याद मे मां की आंखों से आंसू छलक पड़े,तथा वो फफक -फफक कर रोने लगी रोती हुई मां को विधायक ने ढांढ़स बढ़ाया विदित हो कि सरेया गांव के अमावस सहनी की बच्ची सीबू कुमारी की मौत गंडक नदी मे डूबने के कारण हो गयी थी। मौके पर अंचल अधिकारी उदय प्रताप सिंह के अलावा अंचल नाजिर एवम राजस्व कर्मचारी के अलावा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जिला संयोजक संजय पाण्डेय के अलावा भारतीय जनता पार्टी के और भी कार्यकर्ता मौजूद थे।

अर्थ ऑवर कार्यक्रम में गैरजरूरी बिजली उपकरण बंद रखने की अपील



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दनियावां(पटना)। दनियावां विद्युत उपकेंद्र के कनीय विद्युत अभियंता क्राउन विकास कुमार ने वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर इंडिया द्वारा अर्थ ऑवर कार्यक्रम के आयोजन में प्रखंड के उपभोक्ताओं से अपील की है। उन्होंने शनिवार,को रात्रि 8:30 से 9:30 बजे तक पर्यावरण संरक्षण व ऊर्ज़ा बचत के उद्देश्य से गैर-आवश्यक बिजली उपकरण व लाइटें बंद रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि व मित्रों को भी इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित करने को कहा।उन्होंने इस भागीदारी में जुड़कर इसे अभियान को सफल बनाने को कहा।

उन्नत बिहार विकसित बिहार विषय पर संगोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रक्सौल(पूर्वी चम्पारण)। राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले शहर के खेमचंद ताराचंद महाविद्यालय में उन्नत बिहार विकसित बिहार विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रोफ़ेसर प्राचार्य डॉक्टर संत साह ने किया।कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार सिंह ने किया। वही मुख्य वक्ता थे मोतिहारी मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर अमित कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में केबीसी विजेता सुशील कुमार। प्राचार्य ने कहा बिहार को विकसित करने के लिए अपने संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के लिए सीखना होगा। अनुपायेगी कार्यों से अपने को बचाना होगा। दुर्गुणों जैसे शराब जुआ आदि बुरी लतों से छुटकारा पाना होगा। डॉ अमित कुमार ने कहा कि हमारा अतीत गौरवशाली रहा है, परंतु सिर्फ उसके गुणगान से काम चलने वाला नहीं है। हमें वर्तमान को देखते हुए उन्नत बिहार के लिए नई टेक्नोलॉजी को अपनाना होगा। वही सुशील कुमार ने कहा कि वृक्षारोपण करता हूं 7000 पीपल के पेड़ लगाएं जिसमें से 2000 बड़े हो चुके हैं। गौरैया के संरक्षण के लिए घोसला बांट रहा हूं हजारों चंपा के फूल लगाया और इस तरह बिहार को विकसित बनाने में अपनी भूमिका निभाई है।प्रो0 शंभू सुलभ ने कहा बच्चों को सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित करना होगा।कार्यक्रम में ज्योति सिंह, रंजना सिंह, सुरभी सिंह, लक्ष्मी, मनीषा और मुस्कान ने स्वागत गान गाया। मौके पर डॉक्टर अनामिका, डॉक्टर जीसु पासवान, डॉक्टर धनु कुमार, डॉक्टर सफीउल्लाह, डॉक्टर हजारी प्रसाद, डॉक्टर प्रदीप कुमार श्रीवास्तव,डॉ प्रकाश चंद्र शर्मा, अकाउंटेंट चंचल कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पहली बार 9 मई को चकिया शहर में निकलेगी 51 दूल्हों की बारात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



चकिया (पूर्वी चम्पारण)। आगामी 9 मई को आदर्श सामूहिक विवाह के बैनर तले होने वाले 51 जोड़ी वर-वधू के सामूहिक विवाह को लेकर तैयारी बैठक शनिवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन के निकट संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में सामूहिक विवाह को लेकर सभी बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 51 घोड़े व गाजा, बाजा के साथ धूमधाम से बारात निकाली जाएगी, जो शहर के निर्धारित मार्गों का भ्रमण करते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर पहुंचेगी। जहां जयमाला के बाद विवाह के आगे की रश्म होगी। विवाह सम्पन्न होने पर विदाई में पलंग, कुर्सी, टेबल, आयरन, पंखा, अल मीरा, ट्रंक आदि जरूरत की सामग्री दी जाएगी सहित अन्य बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता सभापति पवन सर्राफ ने की। मौके पर ओम प्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश चौधरी, शत्रुघ्न प्रसाद, सुनील सिंह, अशोक जायसवाल, चंदन सिंह, दीनानाथ साह, मनोज यादव, मनोहर साह, सुनील ठाकुर, रोशन कुमार, फिरदौस, कौशर, अशोक यादव, राजू, केसर सिंह, पिंटू श्रीवास्तव, मनोज चौधरी, मनोज बजाज, नीरज चनानी, विनोद ओझा बिल्टू राम सहित अन्य मौजूद थे।

बिहार दिवस पर बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी, नीली रोशनी से सजे सरकारी भवन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



एकमा (सारण)। जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नगर पंचायत एकमा बाजार व एकमा प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को बिहार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार, अंचलाधिकारी राहुल शंकर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेंद्र बैठा, बीपीआरओ अंगेश कुमार यादव, एसडीपीओ एकमा-राजकुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी साजन कुमार, बीएचएम वाहिद अख्तर, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार व रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार आदि के निर्देशन में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। इसी क्रम में एकमा प्रखंड व नगर क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में बिहार दिवस उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया। एकमा बीआरसी पर बीईओ योगेंद्र बैठा व कन्या मध्य विद्यालय के एचएम अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में, उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एचएम मोहम्मद तौकीर अंसारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनीता पांडेय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोला डोमन राय के प्रधानाध्यापक कुमार रश्मि रंजन, कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय के संचालक उपेंद्र कुमार यादव आधार के नेतृत्व में बिहार दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभातफ़ेरी निकाली गई। इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी तरह से लगभग सभी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों के निर्देशन में बिहार दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फ़ेरी व प्रतियोगिताएं, पेंटिंग वं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। गौसपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक कमल कुमार सिंह ने बताया कि बिहार दिवस पर जल जीवन हरियाली, दहेज प्रथा, मद्य-निषेध एवं सरकार द्वारा संचालित सात निश्चय आदि की जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। उधर सरकारी निर्देशानुसार शनिवार की शाम में नगर पंचायत भवन, प्रखंड, अंचल, थाना, अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय, सीएचसी सहित लगभग सभी सरकारी स्कूल भवनों को नीली सजावटी बल्ब की रोशनी से सजाया गया।

तीन अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस की कार्रवाई जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पालीगंज (पटना)। पालीगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस ने लंबित मामलों की समीक्षा शुरू कर दी है। इसी क्रम में घूरना बीघा गांव से नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेस एक्ट के तहत दर्ज कांड संख्या 471/21 में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामबली यादव, जयराम यादव (दोनों पिता स्व. जमुना यादव) और टीमल यादव (पिता स्व. गनौरी यादव) के रूप में हुई है।

प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)। थाना क्षेत्र के सूर्यपुर पंचायत के झखरा बंगाली कॉलोनी में युवक मंजीत कुमार की धारदार हथियार के वार से हत्या मामले में दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित झाखरा कॉलोनी के वांछित अभियुक्त रामचन्द्र दास उर्फ रामा दास व सोनू कुमार दास उर्फ चरणजीत को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मामले का मुख्य अभियुक्त को तीन दिन पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आरोपितों ने मिल कर 13 मार्च की रात्रि बेलवतिया निवासी राजेन्द्र बैठा के 20 वर्षीय पुत्र मंजीत कुमार की हत्या कर फेंक दिया था। घटना के बाबत मृतक के पिता राजेंद्र बैठा के आवेदन पर पांच ज्ञात और चार पांच अज्ञात को आरोपित करते हुए एफआईआर दर्ज किया गया था। जिसमें झखरा कोलनी के किरण दास, मिंटू कुमार दास, किशन कुमार दास, सोनू कुमार दास और रामचंद्र दास उर्फ रामा दास सहित चार पांच अज्ञात शामिल थे। घटना के बाद से सभी आरोपित घर छोड़ फरार थे। पुलिस सभी आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही थी। जिसमें मुख्य आरोपित को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं छापेमारी कर शनिवार को दो अन्य को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने बताया कि प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या की गई थी। जिसमें तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

अनुसंधान की सटीकता में सुधार के लिए नवीन प्रयोगात्मक डिजाइन जरूरी : डॉ पीएस पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पूसा। डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के पंचतंत्र सभागार में भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसायटी के 75वें वार्षिक सम्मेलन का शनिवार को समारोह पूर्वक समापन किया गया। जिसक शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं आगत अतिथि सहित विवि के कुलपति ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत सम्मान व कुलगीत प्रसारण के उपरांत मुख्य अतिथि मराठवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र के कुलपति डॉ. इंद्रमणि मिश्रा ने कहा कि एआई और डिजिटल प्रौद्योगिकियों को अपनाने से कृषि प्रथाओं में स्थिरता लाई जा सकती है और निर्णय लेने की प्रक्रिया में सुधार किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने अप्रत्याशित व अनिश्चित जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के मद्देनजर बेहतर अनुकूलन रणनीतियों को बढ़ावा देने में सांख्यिकी के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा किया। इस अवसर पर डॉ इंद्रमणि ने कहा कि



ज्ञान, विज्ञान व अनुसंधान की धरती पूसा की पावन धरा पर आकर वे स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति डॉ पांडेय ने डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में जो कामयाबी हासिल की है वो देश भर के विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरणा दायक है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि शिक्षा में क्षमता विकास से जुड़े नीतियों के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसमें समानता, सुगमता, प्रचार, प्रासंगिकता, गुणवत्ता और क्षमता निर्माण शामिल हैं। डॉ. पांडेय ने की आवश्यकता पर बल दिया जैसे कच्चे कॉलम डिजाइन, सुडोकू-आधारित डिजाइन और क्षेत्र परीक्षणों में नैनो-स्केल इनपुट को शामिल करना। उन्होंने ने एआई-आधारित टूल्स उदली, गोरिएक्ट और चैट जीपीटी, की क्षमता पर चर्चा किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के नए प्रौद्योगिकियों के विकास से जुड़े प्रयासों का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम को भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसायटी के अध्यक्ष डॉ पद्म सिंह एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ एसडी शर्मा ने भी संबोधित किया। इस सबसे पहले अधिष्ठाता डॉ. अमरेश चंद्रा ने स्वागत संबोधन में कांफ्रेंस के सत्रो की विस्तृत जानकारी दी। जिसमें तीन दिवसीय कान्फ्रेंस के दौरान आधुनिक आणविक उपकरणों को अपनाना, प्रयोगात्मक डिजाइन और डेटा प्रबंधन के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता, सहित सटीक वर्षा सिंचित कृषि के माध्यम से शुष्क क्षेत्र के किसानों की आय में वृद्धि पर ध्यान केंन्द्रन विषय पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बेस्ट पेपर के लिए डॉ राकेश मणि शर्मा को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक शिक्षा डॉ उमाकांत बेहरा निदेशक प्रसार डॉ मयंक राय, डीन इंजीनियरिंग डॉक्टर राम सुरेश वर्मा, डॉ महेश कुमार, डॉ शिवपूजन सिंह, डॉ कुमार राज्यवर्धन सहित शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

अलग-अलग मामले में चार दोषी करार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। सिविल कोर्ट के एडीजे चार आनंद भूषण ने ओबरा थाना की एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। एपीपी सुरजमल शर्मा ने बताया कि धर्मपुर निवासी अभियुक्त छोटु कुमार, रतवार टोले निवासी व्यास पासवान एवं अखिलेश पासवान को दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया है। सज़ा के बिंदु पर सुनवाई के तिथि - 25.03.25 निर्धारित किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक ओबरा थाना क्षेत्र रजवार निवासी शम्भू मेहता ने 05.01.22 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि अभियुक्तों ने पटवन में उपजे विवाद को लेकर सोनू कुमार को मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया था। बीएचयू बनारस में इलाज के दौरान सोनू कुमार की मृत्यु हो गई थी।

थाना निरीक्षक के स्थानांतरण पर विदाई सामरोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। आरपीएफ बैरक परिसर में एक शानदार विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आरपीएफ थाना निरीक्षक प्रभारी विनोद कुमार सिंह, एएसआईपी के ओझा, प्रधान आरक्षी कृष्ण कुमार और आरक्षी विकास कुमार के स्थानांतरण को लेकर सभी ने मिलकर सम्मान प्रकट किया। इस समारोह का संचालन एएसआई वृजेश कुमार पांडेय ने कुशलता से किया। उपस्थित आरपीएफ कर्मियों, रेलकर्मियों और स्थानीय लोगों ने स्थानांतरित अधिकारियों को अंगवस्त्र, फूलों की माला और स्मृति चिह्न (मोमेंटो) भेंटकर उनके योगदान को याद किया। लोक गायक अखिलेश यादव और शिक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में उनकी टीम ने विदाई गीत प्रस्तुत किए, जिन्होंने उपस्थित लोगों की आंखें नम कर दीं। लोगों ने निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के कार्यकाल की जमकर तारीफ की, खासकर सुरक्षित रेल यात्रा के लिए उनके जागरुकता अभियान और स्थानीय समुदाय के साथ आत्मीय संबंधों की चर्चा हुई। स्थानांतरित निरीक्षक ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हर



कार्य में स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिला, जिसके कारण ही उनके कार्यकाल में अप्रत्याशित घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सका। समारोह में स्टेशन अधीक्षक एस के पांडेय, स्टेशन प्रबंधक सुनील शर्मा, पीडब्ल्यूआई राम भजन सिंह, पूर्व मुखिया शाहजादा शाही, लड्डू खां, डॉ. तूलसी यादव, एसआई कुशो कुमार, सोनाली, सहायक उप निरीक्षक नीतेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक इंदल कुमार मंडल, प्रधान आरक्षी मेजर प्रमोद कुमार, राधेश्याम यादव, आरक्षी नरेंद्र कुमार, संजय कुमार, मिथलेश कुमार, उपेंद्र कुमार, भाजपा नेता सुबोध सिंह, शुभम कुमार, संतोष यादव, भीम बिहारी विश्वकर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

बैठक में किसानों को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ओबरा (औरंगाबाद)। भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय गया के तहत रबी वितरण वर्ष 2025- 26 के अंतर्गत गेहूं के क्रय को बढ़ाने हेतु मंडल कार्यालय गया के अंतर्गत आने वाले राजस्व जिला औरंगाबाद के खाद उत्पादन संगठन एवं किसानों के बीच रतनपुर गांव में उत्पादन संगठन एवं किसानों के बीच जागरूकता एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर औरंगाबाद में खोले गए गेहूं क्रय केंद्र पर चर्चा की गई। बैठक मे औरंगाबाद जिला के खाद उत्पादन समिति संगठन के प्रतिनिधि किसानों के साथ-साथ भारतीय खाद्य निगम की तरफ से उप महाप्रबंधक महामंडल कार्यालय गया एवं गेहूं क्रय केंद्र के प्रभारी ने भाग



लिया। उप महाप्रबंधक विनय कुमार द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा किसानों के लाभ हेतु इस रबी वितरण वर्ष में समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल हो गया है। गया के मंडल प्रबंधक गया मंडल द्वारा आगामी गेहूं क्रय केंद्र बढ़ोतरी मे खाद उत्पादन संगठन एवं अन्य सरकारी संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान की प्रमुख्यता को रेखांकित किया। अन्य अधिकारियों ने भी किसानों एवम अन्य हितधारकों को किसान पंजीकरण एवं गेहूं अधिप्राप्ति हेतु आवेदन की प्रक्रिया से अवगत कराया। गेहूं क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा मौके पर सभी हितधारकों को अवगत कराते हुए पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी 48 घंटे के अंदर भारतीय खाद्य निगम द्वारा आधार से जुड़े पंजीकृत बैंक खाता मे भुगतान किया जाएगा।

बिहार दिवस पर विद्यालयों में विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता और सेमिनार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज। बिहार दिवस पर करमी उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय विशंभरपुर, कन्या मध्य विद्यालय रफीगंज, आरबीआर उच्च विद्यालय सहित कई अन्य शिक्षण संस्थानों में विज्ञान प्रदर्शनी, विभिन्न प्रतियोगिताओं और सेमिनारों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन कार्यक्रमों के पीछे विज्ञान शिक्षक सुधीर कुमार मिश्रा का अथक प्रयास और सभी शिक्षकों का सहयोग रहा, जबकि विद्यालय के प्रधानाध्यापक देव कुमार चौधरी के कुशल नेतृत्व में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इन स्कूलों के बच्चे लगातार दो वर्षों से इंस्पायर अवार्ड में अपने इनोवेटिव आइडियाज के लिए चयनित हो रहे हैं, और इस बार भी करमी उच्च विद्यालय से दो छात्रों–अभिषेक कुमार (कक्षा 8) और गायत्री कुमारी (कक्षा 6)–का साइंस इनोवेटिव आइडिया के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि स्कूल के लिए गर्व का विषय बन गई है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने अपने मॉडल्स और प्रयोगों से सभी को प्रभावित किया, वहीं सेमिनार में बिहार की प्रगति और शिक्षा के महत्व पर चर्चा हुई।

राजकीय मध्य विद्यालय बभंडी में मना बिहार दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। राजकीय मध्य विद्यालय बभंडी में शनिवार को बिहार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह एवं सभी शिक्षकों ने दीप जलाकर की। इससे पूर्व प्रभात फ़ेरी निकाला गया। इस दौरान विभागीय आदेशानुसार विद्यालय में रंगोली, पेंटिंग, टीएलएम का प्रदर्शन, बच्चों को सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं बिहार गौरव वाचन कराया गया। यह उत्सव 22 मार्च से 24 मार्च तक मनाया जाएगा। 24 मार्च को खेलकूद, गणित ओलंपियाड, बच्चों का स्थानीय स्तर पर भ्रमण कराया जाएगा। इस



मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक सुनील कुमार, सैयद मो दायम, लक्ष्मी प्रसाद, शशिकांता सिंह, ज्योति प्रभा कुजूर, वीरेंद्र कुमार, सरस्वती कुमारी, प्रेमलता, हरिओम, आरकेश कुमार, हिमांशी यादव, प्रतिमा कुमारी आदि मौजूद रहे।

धर्माश रंजन को डायरेक्टर ऑफ द ईयर फॉर एक्सीलेंस इन स्कूल डेवलपमेंट एवार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समस्तीपुर। यह 'होली मिशन हाई स्कूल, समस्तीपुर' के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है कि विद्यालय के 'प्रबंध निदेशक धर्माश रंजन' को 13वें 'वर्ल्ड लीडर्स समिट, यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड' लंदन' द्वारा 'डायरेक्टर ऑफ द ईयर फॉर एक्सीलेंस इन स्कूल डेवलपमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि 'विट जेडलिका (प्रेसिडेंट ऑफ लिवर लैंड)' थे, जिन्होंने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में 'वीरेंद्र शर्मा (पूर्व सांसद, यू.के.), डॉ. रूबी ढल्ला (पी.एम. कैंडिडेट, कनाडा), भगवान जी चैहान (पूर्व मेयर, ब्रेंट)' सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे। इसके साथ ही, 'विज्ञान, कला एवं सामाजिक विज्ञान' के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान



देने वाले अन्य विशिष्ट लोगों को भी सम्मानित किया गया। सन 2011 से धर्माश रंजन के नेतृत्व में' होली मिशन हाई स्कूल ने 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासन' के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और अथक प्रयासों के कारण विद्यालय 'आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, छात्र-केंद्रित वातावरण और नैतिक मूल्यों' को बढ़ावा देने वाला एक आदर्श संस्थान बन गया है। आज यह विद्यालय न केवल 'समस्तीपुर बल्कि पूरे बिहार में शिक्षा, संस्कृति और अनुशासन की उत्कृष्टता का प्रतीक' माना जाता है। इस सम्मान के मिलने से 'समस्त जिलेवासियों एवं होली मिशन परिवार में हर्ष की लहर है।' सभी धर्माश रंजन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। यह 'होली मिशन हाई स्कूल, समस्तीपुर' के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है कि विद्यालय के 'प्रबंध निदेशक धर्माश रंजन' को ''13वें 'वर्ल्डस लीडर्स समिट, यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड' लंदन' द्वारा ''डायरेक्टर ऑफ द ईयर फॉर एक्सीलेंस इन स्कूल डेवलपमेंट'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि 'विट जेडलिका (प्रेसिडेंट ऑफ लिवर लैंड)' थे, जिन्होंने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में 'वीरेंद्र शर्मा (पूर्व सांसद, यू.के.), डॉ. रूबी ढल्ला (पी.एम. कैंडिडेट, कनाडा), भगवान जी चैहान (पूर्व मेयर, ब्रेंट)' सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे। इसके साथ ही, 'विज्ञान, कला एवं सामाजिक विज्ञान' के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अन्य विशिष्ट लोगों को भी सम्मानित किया गया।

'सन 2011 से धर्माश रंजन के नेतृत्व में' होली मिशन हाई स्कूल ने 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासन' के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और अथक प्रयासों के कारण विद्यालय 'आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, छात्र-केंद्रित वातावरण और नैतिक मूल्यों' को बढ़ावा देने वाला एक आदर्श संस्थान बन गया है। आज यह विद्यालय न केवल 'समस्तीपुर बल्कि पूरे बिहार में शिक्षा, संस्कृति और अनुशासन की उत्कृष्टता का प्रतीक' माना जाता है। इस सम्मान के मिलने से 'समस्त जिलेवासियों एवं होली मिशन परिवार में हर्ष की लहर है।' सभी धर्माश रंजन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं।

बिहार दिवस पर याद किए गए डॉ सच्चिदानंद सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार दिवस के आयोजन के क्रम में आधुनिक बिहार के निर्माता डॉ सच्चिदानंद सिन्हा जो भारतीय संविधान सभा के प्रथन अध्यक्ष थे, की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनकी सेवाओं को स्मरण किया गया। डॉ सच्चिदानंद सिन्हा जयंती समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष सरदार गुरूदयाल सिंह ने कहा कि कृतज्ञ राष्ट्र को उनकी महती सेवाओं के लिए स्मरण कर उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए पर दुर्भाग्यवश राज्य सरकार ने बिहार दिवस के आयोजन पर भी उनकी स्मृति में कोई आयोजन नहीं किया।



समारोह की अध्यक्षता अधिवक्ता सुनील कुमार सिन्हा ने की। मौके पर महादलित आयोग के पूर्व सदस्य तूफानी राम, मृत्युजंय कुमार सिंह, माधव जी, पत्रकार अभिताभ वर्मा, राजेश कुमार तथा लाइब्रेरी से जुड़े छात्रों ओम प्रकाश कुमार, सुरभी मिश्रा, सिम्पी कुमारी, अर्चना कुमारी, कृति चौहान, सोनाली कुमारी, सलोनी कुमारी, मुस्कान कुमारी, शिवानी जयसवाल, उजाला कुमारी, स्वीटी विश्वास, ज्योति कुमारी, ललिता कुमारी, काजल सोनी, आस्था रंजन, निशा भारती, आदिती राज, पायल राय, स्नेहा कुमारी, नितु कुमारी, अंजली कुमारी, संजीव कुमार, कुशेश्वर कामत और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

स्वस्थ एवं समृद्ध समाज निर्माण में रोटरी क्लब की भागीदारी महत्वपूर्ण : डॉ अमृता

समस्तीपुर एवं श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट ने किया निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समस्तीपुर। बिहार दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ समस्तीपुर एवं श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को रूपनारायण पुर, बेला स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस हेल्थ कैंप के माध्यम से स्थानीय लोगों का निःशुल्क न्यूरोपैथी जांच, मास डेंसिटी जांच, रक्त परीक्षण किया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार लोगों को महत्वपूर्ण सलाह, एहतियाती सुझाव, आर्थराइटिस किट और निःशुल्क दवायें भी प्रदान की गयी। इस कैंप में समस्तीपुर के रोटरी क्लब के अनुभवी चिकित्सकों यथा सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. जी.सी. कर्ण, डॉ. सी.बी. सिंह, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. कुमार देवाशीष, डॉ. सुषमा शिखा और डॉ. शशिकांत कुमार, आदि सहित ख्यातिलब्ध चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर सबसे पहले रोटरी क्लब समस्तीपुर के प्रेसिडेंट व कैंप के संयोजक सहित आगत अतिथियों ने फीता काट कर कैंप का उद्घाटन किया। तदुपरान्त ग्रामीणो व जनप्रतिनिधियों ने माला, शाल एवं पुष्पगुच्छ से चिकित्सकों व अतिथियों का अभिनंदन किया। इसी क्रम में रोटेरियन डॉ अमृता कुमारी ने ग्रामीणों से चिकित्सक टीम का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर समाज निर्माण में रोटरी क्लब का योगदान आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। समय समय पर हम इस तरह के आयोजन करते रहते हैं। ताकि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों और आखिरी जरुरत मंद को भी स्वास्थ्य सेवायें मिल सके। वहीं अपने संबोधन में रोटरी समस्तीपुर के प्रेसिडेंट रोटेरियन सीबी सिंह ने कहा कि इस कैंप के माध्यम से हम चाहते हैं सर्वे भवन्तु सुखिनरू सर्वे सन्तु निरामया का सिद्धांत साकार हो। ताकि सभी लोग स्वस्थ रहें और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य के प्रति लोगों में व जागरूकता फैले। वहीं कैंप के संयोजक रोटेरियन डॉ. मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हर व्यक्ति तक उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाओं का लाभ पहुँचाना है। मौके पर आरसी समस्तीपुर सेक्रेट्री रजनीश अग्रवाल, रोटेरियन विमल केडिया, अरुण कुमार, सुजीत खेमका, अजीत पॉल, अलावा स्थानीय पैक्स अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश झा, जिला परिषद सदस्य सत्य प्रकाश कुशवाहा, चंदौली मुखिया शैलेश झा, मुखिया निरंजन साह, सरपंच राम बाबू ठाकुर, पंसस प्रतिनिधी सुरेश सिंह, मुकेश झा, राजीव झा, रमेश झा, जय प्रकाश सिंह, चुन्नू झा, ललन कुमार राय, सुरेश झा सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पारामेडिकल कॉलेज में नशा उन्मूलन पर सेमिनार सह जागरुकता कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समस्तीपुर। समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से, कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज, सिंधिया खुर्द, समस्तीपुर, जो कि एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, पटना के अंतर्गत संचालित है, नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सेमिनार सह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यशाला मुस्कान जिला नशा मुक्ति केंद्र, समस्तीपुर के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जो कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत संचालित होता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और समाज को



नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा नशामुक्ति के उपायों की जानकारी प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक, सोशल सिक्योरिटी सेल, समस्तीपुर, जिला नशा मुक्ति केंद्र, समस्तीपुर की विशेषज्ञ टीम, एस. एल. सी. ए. के राज्य समन्वयक, श्री मनोज कुमार, नशामुक्ति क्षेत्र के जाने-माने विशेषज्ञ और परामर्शदाता एवं विभिन्न गणमान्य अतिथियों और विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। इस कार्यशाला में नशे का मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और आर्थिक प्रभाव, नशामुक्ति के लिए सरकारी योजनाएं एवं पुनर्वास कार्यक्रम, आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने कहा, ''हमारे संस्थान का मुख्य उद्देश्य न केवल शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि समाज के कल्याण के लिए भी कार्य करना है। यह कार्यशाला हमारे छात्रों को नशे के खतरों से अवगत कराएगी और उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी।'' इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन एस. के. मंडल ने कहा कि गारीब एवं मेधावी छात्रों हेतु इस संस्थान में प्रवेश के लिए हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। सत्र 2025 में प्रवेश हेतु इस परीक्षा का कार्यक्रम निम्नानुसार घोषित किया गया है: राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथिः 31 मार्च 2025, प्रवेश पत्र जारी होने की तिथिः 23 अप्रैल 2025, प्रवेश परीक्षा की तिथिः 27 अप्रैल 2025, परिणाम घोषित होने की तिथिः 13 मई 2025 एवं दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश साक्षात्कार की तिथिः 19 मई 2025 से प्रारंभ है। इस प्रवेश परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को मेरिट सूची के आधार पर संस्थान में प्रवेश दिया जाएगा। इस परीक्षा के माध्यम से बी.एससी. नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम, बी.फार्म, डी.फार्म, बैचलर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी, बैचलर ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी, डी.एम.एल.टी., ओटी असिस्टेंट और ड्रेसर कोर्स में प्रवेश प्राप्त किया जा सकता है। एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, पटना समाज कल्याण और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत है।

विद्युत चोरी में सात लोग धराए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर। विद्युत चोरी मामले में सात लोगों को पकड़ा गया हैं जिनके विरुद्ध जुर्माना लगाया गया हैं। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के बंगरे गांव की हैं, जहां विद्युत विभाग के छापेमारी में पकड़े गए लोगों से 73285 रूपये जुर्माना लगाया गया हैं। छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे विधुत सहायक अभियंता शिवरतन लाल और कनीय विधुत अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि विद्युत उर्ज़ा की चोरी पर रोकथाम को लेकर विशेष अभियान



चलाया गया जिसमें बंगरे गांव के श्याम सुंदर मेहता मीटर बाईपास कर विधुत उर्ज़ा चोरी करते पकड़े गए। इसके अलावा मुकेश कुमार मेहता, रामजी महतो, मीना देवी , संजीत कुमार, सुंदरी देवी एवं संजीत साव पकड़े गए। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि विद्युत उर्ज़ा की चोरी मामले में सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

बच्चों के खेल के विवाद में किराएदार ने बुजुर्ग महिला का सिर फोड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। बाबूगंज मोहल्ला टीचर कॉलोनी में एक दुखद घटना सामने आई, जिसमें राजेंद्र भगत की 60 वर्षीया पत्नी शांति देवी को उनके बगल में रहने वाले किरायदार ने बच्चों के खेल के विवाद में मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर ने शांति देवी के सिर पर प्रहार किया, जिससे उनका सिर फट गया और खून बहने लगा। घायल महिला के पति राजेंद्र भगत ने बताया कि बच्चे आपस में खेल रहे थे, और इसी छोटी-सी बात को लेकर किरायदार ने उनकी पत्नी पर हमला कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत सक्रियता दिखाई और घायल शांति देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज ले जाया गया। वहाँ मौजूद डॉक्टर अरविंद कुमार केसरी ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया और उनकी स्थिति को स्थिर करने का प्रयास किया। इस घटना से मोहल्ले में तनाव का माहौल बन गया है, और लोग इस तरह की हिंसा पर आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस को सूचना दी गई है, लेकिन अभी तक इस मामले में आगे की कार्रवाई की जानकारी नहीं मिली है।

बिहार दिवस पर जहानाबाद को विकसित बनाने का आह्वान

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। 113वें बिहार दिवस के अवसर पर जिले के इनडोर स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी अलंकृत पांडे ने बिहार की प्राचीन संस्कृति और विकास यात्रा को स्मरण करते हुए कहा कि प्रदेश में रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जिले के विकास के लिए शुरू की गई योजनाओं पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में जहानाबाद विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

जिले के विकास को मिलेगी नई दिशा

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं। इनमें मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निर्माण, राजाबाजार में आरओबी, नया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, और एरोड्रम से एसएस कॉलेज तक सड़क निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद जहानाबाद जिला शिक्षा, स्वास्थ्य और खेलकूद के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

सम्मान व सहायता वितरण कार्यक्रम

कार्यक्रम में सदर विधायक सुदय यादव, घोसी विधायक रामबली प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि धर्मपाल यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रानी देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय देव, जदयू जिला अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी कपिल देव सिंह को जिलाधिकारी ने अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

स्टॉल व सहायक उपकरणों का वितरण

कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें जीविका, स्वास्थ्य विभाग, यातायात पुलिस सहित कई अन्य विभाग शामिल थे। इस दौरान दिव्यांगजनों को ई-रिक्शा समेत अन्य सहायक उपकरण भी प्रदान किए गए।

बिहार दिवस के इस भव्य आयोजन में जिलेवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आनंद उठाया।

मुजफ्फरपुर में गोल इंस्टीट्यूट मेडिको गेट टुगेदर कार्यक्रम संपन्न

मुजफ्फरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। गोल इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित ''मेडिको गेट टुगेदर'' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (ट्रस्ख्रएक्र), मुजफ्फरपुर के वे छात्र शामिल हुए जिन्होंने गोल इंस्टीट्यूट से मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर अपने सपने को साकार किया। इस अवसर पर गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह, सहायक निदेशक श्री रंजय सिंह, आर एंड डी प्रमुख आनंद वत्स सहित कई प्रतिष्ठित डॉक्टर एवं मेडिकल छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह और सहायक निदेशक श्री रंजय सिंह ने बड़ी संख्या में सफल मेडिकल छात्रों को एक साथ देखकर हर्ष जताया।

एक नजर

10 लाख बकाया पर जल मीनार का बिजली कनेक्शन कटा

बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बरौनी प्रखंड कार्यालय के ग्राउंड स्थित जल मीनार का बिजली कनेक्शन शनिवार को काट दिया गया। जल मीनार पर 10 लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया था। कई बार नोटिस देने के बावजूद भुगतान नहीं होने पर नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा यह कार्रवाई की गई। इसी क्रम में पिपरा देवस क्षेत्र में भी बिजली कटौती अभियान चलाया गया। 2000 रुपये से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। विद्युत कार्यपालक अभियंता रंजन कुमार देव के आदेश पर यह कार्रवाई हुई। इस अभियान में सहायक विद्युत अभियंता विष्णु कांत पंडित, मुन्ना कुमार, लाइनमैन दीपक कुमार, सुपरवाइजर संदीप कुमार महेश्वरी, कुलदीप कुमार राज, मानव बाल, नीरज कुमार, राम कुमार और चंदन कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मजदूरी मांगने पर मजदूर की पिटाई, हत्या की कोशिश का आरोप

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। टेकनपुरा गांव में मजदूरी मांगने पर एक मजदूर की पिटाई कर उसे घायल कर दिया गया। जख्मी की पहचान उदय सिंह के पुत्र संजीत कुमार के रूप में हुई। उसे पीएचसी नावकोठी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। संजीत कुमार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें गांव के ही स्व. बोढ़न सिंह के पुत्र रामराज सिंह पर गाली-गलौज, रंगदारी में 2 लाख रुपये मांगने, खेत पर कब्जा करने की धमकी देने और गले में गमछा डालकर हत्या करने के प्रयास का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने बताया कि वह 10 महीने 20 दिन तक आरोपी के यहां मजदूरी करता रहा, लेकिन पिछले 4 महीने से मजदूरी नहीं दी जा रही थी। जब पैसे की मांग की गई, तो रामराज सिंह ने मारपीट कर गला घोंटने की कोशिश की। शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी फरार हो गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

बिहार दिवस पर निकली प्रभात फेरी, हुए विभिन्न कार्यक्रम

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल और उच्च माध्यमिक विद्यालयों सहित सभी सरकारी कार्यालयों में बिहार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षकों के नेतृत्व में प्रभात फ़ेरी निकाली गई। छात्र-छात्राएं ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'', ''बिहार का गौरवशाली इतिहास'', ''गणराज्य का संदेश दिया है बिहार ने'' जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर पूरे क्षेत्र में घूमे। इसके अलावा पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और चेतना सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बिहार के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी गई। सभी स्कूलों और सरकारी कार्यालयों को नीली रोशनी वाले बल्बों से सजाया गया।

लायन राकेश कुमार मिश्रा को मिला उत्कृष्ट सचिव का सम्मान

छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भागलपुर में आयोजित लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322ई के सम्मान समारोह में लायंस क्लब छपरा के सचिव लायन राकेश कुमार मिश्रा को उत्कृष्ट सचिव का सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान लायंस इंटरनेशनल 322ई के पूर्व जिला गवर्नर डॉ. एस.के. पांडेय व डॉ. अनिल कुमार द्वारा दिया गया। समारोह में श्री मिश्रा के समाजसेवा व संगठन में किए गए सराहनीय कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। मृदुभाषी व सरल स्वभाव के धनी राकेश कुमार मिश्रा छात्र जीवन से ही विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे हैं और निरंतर समाज सेवा में योगदान दे रहे हैं। सम्मान प्राप्त करने पर लायंस क्लब ऑफ छपरा के अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार सिंह, डॉ. मकेश्वर चौधरी, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. बबन कुमार सिंह, डॉ. उज्ज्वल कुमार वर्मा, डॉ. अमित रंजन, डॉ. मनोज कुमार संकल्प, सुशील कुमार वर्मा, विक्की आनंद, श्वेतांक राय पप्पू, प्रमोद कुमार मिश्रा व अन्य सदस्यों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं।

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बिहार में तीन नए बैंकिंग आउटलेट खोले

मधेपुरा, बक्सर, सुपौल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बिहार के सिंघेश्वरस्थान (मधेपुरा), सिमरी (बक्सर) और सुपौल में तीन नए बैंकिंग आउटलेट खोले हैं। इसके साथ ही, बिहार में बैंकिंग आउटलेट की संख्या 267 और देशभर में 1079 हो गई है। बैंक के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा कि इन नए आउटलेट्स के जरिए स्थानीय निवासियों को वित्तीय सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। बैंक बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा, आवर्ती जमा, आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद जैसी सेवाएं प्रदान करेगा। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक विशेष रूप से कम आय वाले व्यक्तियों के लिए संयुक्त देयता समूह (ख्रब्रक्र) मॉडल के माध्यम से माइक्रो-बैंकिंग ऋण सुविधाएं भी देगा। इससे छोटे उद्यमियों और जरूरतमंदों को बिना संपार्श्विक के ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी। ग्राहक बैंकिंग आउटलेट, माइक्रो एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई जैसी डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। बैंक ''डिजी ऑन-बोर्डिंग'' सुविधा के तहत बिना शाखा गए भी खाता खोलने की सुविधा दे रहा है।

23 को शहादत दिवस पर विचारगोष्ठी और वार्षिक सम्मेलन का आयोजन

कोंच (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के कोरप पंचायत अंतर्गत भीखनपुर गांव में उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शहादत दिवस पर विचारगोष्ठी व वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 23 मार्च को होगा जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त आशय की जानकारी शनिवार के शाम साढ़े सात बजे देते हुए मोर्चा के सम्मानित अध्यक्ष जयनंदन शर्मा ने बताया कि शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की संयुक्त शहादत दिवस समारोह का आयोजन 23 मार्च दिन रविवार को सुबह के दस बजे से आयोजित है जिसमें शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण, झंडातोलन और विचारगोष्ठी कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

झारखण्ड, सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रक्षेत्र), जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा।
अति आवश्यक सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् जिन लाभुकों को 02 (दो)/05 (पांच)/10 (दस) दुधारू गाय/भैंस के लिए चयन किया गया है, उनके खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से योजनानुसार प्रथम चरण की सरकारी अनुदान राशि स्थानान्तरित की गई है उनकी सूची निम्नवत् है।

02 (दो) गाय/भैंस की योजना हेतु प्रथम चरण में उनके नाम के सामने अंकित लाभुक अंशदान की राशि स्वयं द्वारा स्वयं कं नाम के अंकित बैंक खाते में जमा किया जाना है तथा 05 (पांच)/10 (दस) गाय/भैंस की योजना हेतु उनके नाम के सामने अंकित लाभुक अंशदान की राशि स्वयं अथवा बैंक ऋण के माध्यम से 07 (सात) दिनों के अंदर, नाम के सामने अंकित बैंक खाता में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। खाता में जमा की गई लाभुक अंशदान की राशि की पर्ची अथवा बैंक ऋण स्वीकृति पत्र की प्रति जिला गव्य विकास कार्यालय, सोनपुरवा, गढ़वा में जमा करना सुनिश्चित करेंगे ताकि सरकारी अनुदान की राशि एवं लाभुक अंशदान की राशि को मिलाकर योजना का कियान्वयन किया जा सके। यदि वैसे लाभुक जो प्रथम चरण का लाभुक अंशदान की राशि/बैंक ऋण की राशि अपने नाम के सामने अंकित बैंक खाता में जमा नहीं करते हैं तो उनकी गाय कय करने की अर्हत्ता पूरी नहीं मानी जायेगी तथा उनके स्थान पर अन्य लाभुकों को मौका देते हुए प्रथम चरण के अनुदान की राशि स्थानांतरित करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

इसे अति आवश्यक समझा जाय।

क0	आवेदक का नाम	पति/पिता का नाम	ग्राम	प्रखण्ड	आधार सं0	बैंक का नाम	खाता संख्या	डी0बी0टी0 की राशि (सरकारी अनुदान)	लाभुक अंशदान की राशि (रू)में	अभिव्यक्ति
1	रंभा देवी	जमेन्द्र दूबे	आछोडिह	मझिआंव	417930567180	BOM, Garhwa	60514814737	51113.00	17037.00	
2	अराधना सिंह	पंकज कुमार सिंह	हरिगांवा	मझिआंव	728382092219		60513520588	51113.00	17037.00	
3	इसरत खातुन	शेख अफाक आलम	घुरूआ खुर्द	मझिआंव	408859880242		60515148628	51113.00	17037.00	
4	सरिता देवी	प्रवीण कुमार	मोरबे	मझिआंव	448422669060		60508026312	51113.00	17037.00	
5	मीना देवी	रघुरेश्वर प्रसाद	खरसोता	मझिआंव	485435313683		60513986219	51113.00	17037.00	
6	लिलावती देवी	रामप्रताप यादव	पुरहे	मझिआंव	945416171130		60512368613	51113.00	17037.00	
7	दीपा सिंह	राकेश कुमार सिंह	बटौआ	विशुनपुरा	504331996269		60515547123	51113.00	17037.00	
8	इंगला देवी	सुरेश सिंह	सोनडीहा	विशुनपुरा	918227150359		60515547010	51113.00	17037.00	
9	अनिता देवी	कृष्णा विश्वकर्मा	संध्या	विशुनपुरा	559083668881		60515147793	51113.00	17037.00	
10	अंजली देवी	रामनरेश उरांव	पतिहारी	विशुनपुरा	837179246483		60507038012	51113.00	17037.00	
11	चंद्रावती देवी	महेन्द्र बेदिया	दर	विशुनपुरा	851720154845		60506633657	51113.00	17037.00	
12	सिमा देवी	जितेन्द्र कु0 सिंह	पिपरी खर्दु	विशुनपुरा	340511449726		60509135105	51113.00	17037.00	
13	रोशनी कुमारी	नन्दलाल प्र0 केशरी	रक्सी	रमकण्डा	852595829270	Indian bank, Garhwa	7684534829	51113.00	17037.00	
14	सीमा देवी	सुरेन्द्र कु0 प्रसाद	गोबरदाहा	रमकण्डा	452661117232		7879508832	51113.00	17037.00	
15	नाजिया बीबी	मन्सुर अंसारी	उदयपुर	रमकण्डा	986359927873		7880081996	51113.00	17037.00	
16	पुजा देवी	संतोष विश्वकर्मा	रमकण्डा	रमकण्डा	634329072669		7879989593	51113.00	17037.00	
17	ममता कुमारी	राजेश पाल	विराजपुर	रमकण्डा	251155953723		7881516601	51113.00	17037.00	
18	अकली देवी	मोहन यादव	पटसर	रमकण्डा	253100499142		7692715873	51113.00	17037.00	
19	तर्मिला देवी	सोनु सिंह	रमकण्डा	रमकण्डा	403746568625		7697068192	51113.00	17037.00	
20	उषा देवी	संजय साव	उदयपुर	रमकण्डा	749319061250		7691451207	51113.00	17037.00	
21	बसंती कुंवर	स्व उदय मेहता	पतीला	कांडी	482429128474	BOM, Garhwa	60508502598	51113.00	17037.00	
22	हुसनारा बीबी	इमामुद्दीन खां	सड़की	कांडी	876511064401		60520959014	51113.00	17037.00	
23	सीमा देवी	निर्मल कु0 विश्वकर्मा	डुमरसोता	कांडी	831196710074		60510243390	51113.00	17037.00	
24	सुधा देवी	विनोद कु0 पाण्डेय	पिपरडीह	कांडी	683689455308		60510338328	51113.00	17037.00	
25	अनीता देवी	श्रीराम पाण्डेय	पिपरडीह	कांडी	523358817736		60510244746	51113.00	17037.00	
26	किरण देवी	अनील प्रसाद	नैनाबार	कांडी	810398022353		60508698104	51113.00	17037.00	
27	सुनिता देवी	मनोज कु0 पाण्डेय	पतहरिया	कांडी	631214739944		60508540170	51113.00	17037.00	
28	पूजा कुमारी	आशिष कु0 साह	टाटीदीरी	धुरकी	452867872336	Indian bank, Garhwa	7690023679	51113.00	17037.00	
29	देवंती देवी	रघुनाथ सिंह	कदवा लेखनी	धुरकी	405449262667		7873984137	51113.00	17037.00	
30	हिरमन देवी	उपेन्द्र कु0यादव	कदवा	धुरकी	813245179041		7463179434	51113.00	17037.00	
31	पान्ती देवी	हरिनारायण यादव	परासपानी खुर्द	धुरकी	874692564913		7870229722	51113.00	17037.00	
32	समिना खातुन	सहादत अंसारी	धुरकी	धुरकी	678922734131		7868342618	51113.00	17037.00	
33	तैबुन बीबी	लीयाकत हुसैन	तोरेलावा	खरौंधी	543557379841		7923788128	51113.00	17037.00	
34	सिम्फोजा मिंज	सुशील कच्छप	भंडरिया	भंडरिया	785656098926		7934611497	51113.00	17037.00	
35	माया कुमारी	आकाश कु0 चौधरी	फकीराडीह	भंडरिया	223664561448		7799268764	51113.00	17037.00	
36	निकहत सबा	अकल हसनात जावेदन	करचाली	भंडरिया	486147434524		7928951453	51113.00	17037.00	
37	सुनिता देवी	राजेश्वर यादव	मदगडी क	भंडरिया	898184633177		7886202690	51113.00	17037.00	
38	चिंता देवी	बजरंग यादव	जनेवा	भंडरिया	337885033451		7936883549	51113.00	17037.00	
39	जीतनी देवी	शंखा सिंह	विजका	भंडरिया	963070632968		7937402377	51113.00	17037.00	
40	सुषमा देवी	राजदेव दिक्षीत	तेवाली	भंडरिया	428676075316		7697589319	51113.00	17037.00	
41	अनिता देवी	सकेन्द्र प्रजापति	डोल	चिनियां	605949342244	BOM, Garhwa	60506952324	51113.00	17037.00	
42	सनपतिया देवी	संजय सिंह	चपकली	चिनियां	429869776023		60507114267	51113.00	17037.00	
43	मानमति देवी	बनारसी सिंह	नगसीलि	चिनियां	958612124650		60479217547	51113.00	17037.00	
44	पुष्पा यादव	गबोश्वर यादव	कठौतिया	चिनियां	348783867221		60511238801	51113.00	17037.00	
45	प्रवीण कौशन	मो0 यासीन मंसूरी	चिनियां	चिनियां	657533767856		60507313320	51113.00	17037.00	
46	आशा देवी	विनोद प्रसाद	चिनियां	चिनियां	474514589555		60514109510	51113.00	17037.00	
47	विमला देवी	छठु साव	मझिगांवा	रंका	911887103589		60509632662	51113.00	17037.00	
48	अनिता देवी	सुधीर कुमार	रंका	रंका	451615161473	Indian bank, Garhwa	7864659244	51113.00	17037.00	
49	रिंकी दुबे	अजय दूबे	कंचनपुर	रंका	921443656883	BOM, Garhwa	60510091901	51113.00	17037.00	
50	सकुन्तला देवी	संयज कुमार गुप्ता	सिरोईकला	रंका	354680519256	Indian bank, Garhwa	7862072076	51113.00	17037.00	
51	रीता देवी	सहदेव चौधरी	विश्रामपुर	रंका	609746281306	BOM, Garhwa	60506301916	51113.00	17037.00	
52	ललिता देवी	प्रवेश चौधरी	भिखही	डंडा	658532542151		60506952313	51113.00	17037.00	
53	कुन्ती देवी	बली चौधरी	भिखही	डंडा	552646982448		60507114289	51113.00	17037.00	
54	ललिता देवी	राजनाथ चौधरी	भिखही	डंडा	629708920304		60506952460	51113.00	17037.00	
55	सुशीला देवी	संतोष चौधरी	बोंगासी	डंडा	342497732461		60508158500	51113.00	17037.00	
56	गीता देवी	मनोज चौधरी	छपरदागा	डंडा	HTR1531102		60519982967	51113.00	17037.00	
57	शिव कुमारी देवी	विजय प्रजापति	कुन्दरहे	बरडीहा	576531810513	BOM, Garhwa	60510091774	51113.00	17037.00	
58	सकुन्ती देवी	मोती मेहता	लेमरी	बरडीहा	870268246093		60510554305	51113.00	17037.00	
59	प्रवंती देवी	मनोज कुमार राम	जतरो बंजारी	बरडीहा	286689136501		60510554430	51113.00	17037.00	
60	ललिता देवी	विजय यादव	लोका	बरडीहा	629279673748		60510441675	51113.00	17037.00	
61	रूबी कुमारी	जितेन यादव	सलगा	बरडीहा	645350353326		60510093001	51113.00	17037.00	
62	विमली देवी	स्व0 राजेन्द्र प्रजापति	उगरा	बड़गड़	875499264493		60511240015	51113.00	17037.00	
63	मंजू कुंवर	स्व0 रामकवल राम	परसवार	बड़गड़	605129214716		60477068470	51113.00	17037.00	
64	संजू देवी	गणेश प्रसाद	टेहरी	बड़गड़	562748599666	BOM, Garhwa	60516454861	51113.00	17037.00	
65	फुलवंती देवी	सुदामा सिंह	बरकोल खुर्द	बड़गड़	773031375680		60516278907	51113.00	17037.00	
66	कमला देवी	प्रमेश्वर सिंह	रामर	बड़गड़	289924282612	BOM, Garhwa	60520769432	51113.00	17037.00	
67	संपती कुंवर	स्व0 संतोष भुईहर	मुटकी	बड़गड़	643303278399		60477067986	51113.00	17037.00	
68	जसिन्ता कच्छप	सावन कच्छप	टेंगारी	बड़गड़	414579758918		60482544976	51113.00	17037.00	
69	शीला देवी	कृष्णा प्र0 कुशवाहा	मेराल	मेराल	905407968846		60506522153	51113.00	17037.00	
70	सविता देवी	विनोद राम	रेजो	मेराल	534739160360		60506952302	51113.00	17037.00	
71	शहनाज खातुन	हजरत हुसैन	बाना	मेराल	656772819552		60506325257	51113.00	17037.00	
72	सरिता देवी	ओमप्रकाश राम	मेराल	मेराल	466695394774		60511291468	51113.00	17037.00	
73	सुनीता देवी	अनिल कुमार ठाकुर	रेजो	मेराल	233922604134		60506952448	51113.00	17037.00	
74	नुरैशा बीबी	रेयाज अंसारी	बाना	मेराल	717363278237		60506325406	51113.00	17037.00	
75	प्रतिमा देवी	जितेन्द्र पाण्डेय	मसुरिया कला	गढ़वा	379722434840		60507114223	51113.00	17037.00	
76	सोविंदा देवी	बिरबल कु0 कुशवाहा	जाटा	गढ़वा	659917378835		60505609057	51113.00	17037.00	
77	आरती पाण्डेय	आशुतोष कु0 पाण्डेय	कल्याणपुर	गढ़वा	450387102017		60466843502	51113.00	17037.00	
78	बेबी कुमारी	शशीकान्त पाण्डेय	कुण्डी	गढ़वा	563468492866		60510728920	51113.00	17037.00	
79	खुशबु बीबी	मो0 इस्तेयाक अंसारी	पंचपड़वा	गढ़वा	339846092225		40294329202	51113.00	17037.00	
80	देवंती देवी	कुश पाण्डेय	कामता	गढ़वा	687997847969		60506301870	51113.00	17037.00	
81	शांति देवी	राजेन्द्र प्र0 यादव	कोणमंडरा	भवनाथपुर	552877875431	Indian bank, Garhwa	7870546978	51113.00	17037.00	
82	उर्मिला देवी	ब्रहमदेव राउत	बुका	भवनाथपुर	866317504658	Canera bank, Bhawnathpur	110216529503	51113.00	17037.00	
83	संजु कुमारी	नन्दलाल प्र0 यादव	मकरी	भवनाथपुर	859154764343	Indian bank, Garhwa	7866420850	51113.00	17037.00	
84	कविता देवी	अवधेश प्र0 यादव	अरसली द	भवनाथपुर	785612948862	Canera bank, Bhawnathpur	110203757949	51113.00	17037.00	
85	रीना देवी	अरविन्द पाल	मकरी	भवनाथपुर	507528629432	Indian bank, Garhwa	7873501333	51113.00	17037.00	
86	नीरज देवी	मनोज कुमार राम	मकरी	भवनाथपुर	863908937015		7868096909	51113.00	17037.00	
87	शीला देवी	गोखुल कुमार	केतरी	केतार	780131707201		7695997987	51113.00	17037.00	
88	अनिता देवी	सुरेश कुमार	केतार	केतार	455715204515		7868775776	51113.00	17037.00	
89	हृदया देवी	मंतु प्रसाद	पाचाडुमर	केतार	980310795430		7866157184	51113.00	17037.00	
90	अलका देवी	भोला संकर प्रसाद	पाचाडुमर	केतार	218033552645	Indian bank, Garhwa	7875985843	51113.00	17037.00	
91	किरण कुमारी	अलखदेव गुप्ता	छातकुड	केतार	701889436266		7922946336	51113.00	17037.00	
92	पूनम देवी	विकास यादव	विलासपुर	नगर उंटारी	607690785266	BOM, Garhwa	60508155893	51113.00	17037.00	
93	खुशबुन बीबी	रोवायत अंसारी	कधवन	नगर उंटारी	500308296297		60513867281	51113.00	17037.00	
94	रूकमनी देवी	महेन्द्र प्रसाद	भोजपुर	नगर उंटारी	963998531823		60510245456	51113.00	17037.00	
95	सुलेखा देवी	श्रीकान्त कुमार	कोरेया	नगर उंटारी	908662636635		60510553980	51113.00	17037.00	
96	सबीता देवी	महेन्द्र यादव	विलासपुर	नगर उंटारी	685177521771		60511130657	51113.00	17037.00	
97	द्रोपती देवी	राजेश्वर चौबे	भोजपुर	नगर उंटारी	249434160592		60507885140	51113.00	17037.00	
98	अनिशा कुमारी	रामाशिष प्रसाद	डंडई	डंडई	292431570621	Indian bank, Garhwa	7863068933	51113.00	17037.00	
99	मालती देवी	राजेन्द्र प्रसाद	रारो	डंडई	969615544567		7868253284	51113.00	17037.00	
100	चिंता देवी	संतोष कुमार गुप्ता	सुअरजंघा	डंडई	935473719300	Indian bank, Garhwa	7868255703	51113.00	17037.00	
101	सबीता देवी	सुभाष साह	रारो	डंडई	568277638272		7862368712	51113.00	17037.00	
102	चंदा देवी	अशोक प्र0 गुप्ता	डंडई	डंडई	742762114626		7873107734	51113.00	17037.00	
103	अनिता देवी	राजेन्द्र चौधरी	जरही	डंडई	538185534885		7493618752	51113.00	17037.00	
104	अंजू देवी	मदन साह	कर्णपुरा	रमना	584096607861	BOM, Garhwa	60475661189	51113.00	17037.00	
105	लालती देवी	जयपुकाश गुप्ता	कर्णपुरा	रमना	902076809728		60510337969	51113.00	17037.00	
106	अंजली कुमारी	अभय कु0 गुप्ता	कर्णपुरा	रमना	324047957334		60513841604	51113.00	17037.00	
107	अनिता देवी	राजेश कुमार गुप्ता	कर्णपुरा	रमना	554971581794		60475618837	51113.00	17037.00	
108	प्रियंका कुमारी	चन्द्रमणि दुबे	कबीसा	रमना	947784884256		60516618094	51113.00	17037.00	
109	चंदा देवी	स्व0 प्यारी साव	करूई	मझिऑव	314650934995		60514677131	61335.00	6815.00	
110	मुन्नी देवी	स्व0 बुधन चौधरी	सोनपुरवा	मझिऑव	816431594054		60508571732	61335.00	6815.00	
111	माया देवी	रामदेवी शर्मा	दारीदह	कांडी	918078766909		60511045285	61335.00	6815.00	
112	काजल कुमारी	रविशंकर सिंह	पतहरिया	मेराल	687825221614		60508540294	61335.00	6815.00	
113	मंजु कुमारी	स्व0 टोला उरांव	बाना	मेराल	690134186897		60511488965	61335.00	6815.00	
114	पुनम देवी	रामबाबु साह	अरसली द0	भवनाथपुर	483292072355	Indian bank, Garhwa	7869317272	61335.00	6815.00	
115	बिंदा कुंवर	स्व0 लल्लू चौधरी	बारोडीह	नगरउंटारी	392317533835	BOM, Garhwa	60510578542	61335.00	6815.00	
116	संगीत कुमारी	स्व0 बैजनाथ साह	रोरा	डंडई	661011897598	Indian bank, Garhwa	7436565397	61335.00	6815.00	
117	श्रीमति देवी	स्व0 लक्ष्मण विश्वकर्मा	रारो	डंडई	830361252300		7869792463	61335.00	6815.00	
118	मंजू देवी	अवधेश राम	जाहरसरई	मझिआंव	273849521691	BOM, Garhwa	60514847093	51113.00	17037.00	
119	आरती देवी	राकेश पासवान	करकटा	मझिआंव	600932016892		60515364138	51113.00	17037.00	
120	अनिता देवी	अवधेश राम	खरसोता	मझिआंव	860616736902		60514451067	51113.00	17037.00	
121	रीना देवी	सुदामा बैठा	पुरहे	मझिआंव	529892629875		60515178765	51113.00	17037.00	
122	गिरजा देवी	सुनील पासवान	मझिगांवा	विशुनपुरा	323271992626		60515547258	51113.00	17037.00	
123	रूपवंती देवी	धमेन्द्र राम	पतिहारी	विशुनपुरा	472716546154		60514723203	51113.00	17037.00	
124	शशि रवि	अरूण कुमार रवि	बरवा	रमकण्डा	647145984539	Indian bank, Garhwa	7882529664	51113.00	17037.00	
125	अनिता देवी	शिवशंकर राम	पटसर	रमकण्डा	281935773844		7879796067	51113.00	17037.00	
126	ममता देवी	श्रवण राम	पतिला	कांडी	410692096197	BOM, Garhwa	60509218639	51113.00	17037.00	
127	रिना देवी	कमलेश कु0 पासवान	हरिगांवा	कांडी	685977761968		60510997926	51113.00	17037.00	
128	कमोदा देवी	रमाकान्त राम	सरकोनी	कांडी	848730765261		60511122807	51113.00	17037.00	
129	सुमन कुमारी	राकेश कु0 राम	हरिहरपुर	कांडी	320012194568		60509219519	51113.00	17037.00	
130	सीमा देवी	नरेश राम	कदवा	धुरकी	821980532761	Indian bank, Garhwa	7933948375	51113.00	17037.00	
131	कलावती देवी	संतोष नायक	जनेवा	भंडरिया	253522713756		7936849019	51113.00	17037.00	
132	खखिया देवी	विनोद राम	चिनियां	चिनियां	255168881111	BOM, Garhwa	60516357776	51113.00	17037.00	
133	राजो

संक्षिप्त समाचार

बिहार दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

गुठनी /सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्कूली बच्चों ने मनाया और ज्ञान की भूमि बिहार के संदर्भ में झांकिया निकाली। गुठनी प्रखंड मुख्यालय से स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली, जिसे बीडीओ डॉ. संजय कुमार, सीओ डॉ. विकाश कुमार व प्रभारी थानाध्यक्ष गणेश चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी में प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के 800 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। हाथों में बिहार दिवस के बैनर और पोस्टर लिए बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ शहर का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय सह उच्च माध्यमिक विद्यालय गुठनी,बाबा बाल नाथ मध्य विद्यालय चिताखाल,कन्या मध्य विद्यालय गुठनी सहित कई अन्य विद्यालय के बच्चे शामिल रहे। मौके पर प्रधानाध्यापक दिनेश चौहान, अंजनी कुमार, शिक्षक रामाकांत सिंह, अरुण गुप्ता, गणेश चौधरी, पवन कुमार, बीआरपी राजेन्द्र भक्त सहित कई लोग शामिल थे।



सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगर के वार्ड 11 में निमार्णाधीन पीसीसी सड़क में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है। मुहल्ले वासियों ने जिलाधिकारी, नगर आयुक्त को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि पीसीसी निर्माण में निर्धारित मानदंडो की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। आरोप है कि यतीमखाना से इंद्रा चौक के समीप मुख्य सड़क तक पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इस सड़क निर्माण में पूराने सड़क को बिना खुरचे या उखांडे हीं उसपर मीट्टी डालकर नये सिरे से सड़क निर्माण कराया जा रहा है। जिससे सड़क की उंचाई भी बढ़ रही है। यह खुलेआम माननीय न्यायालय के आदेश की भी अवहेलना की जा रही है। मुहल्ले के रेयाजुद्दीन अहमद, प्रमोद चौधरी, मो. नन्हें , अमन आसिफ ने दिये गये आवेदन में जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

राजद ने फूंका सीएम का पूतला

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राज्य व्यापी कार्यक्रम के तहत जिला राजद द्वारा समाहरणालय के मुख्य द्वार पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया। राजद के मुख्य प्रवक्ता प्रभु यादव ने बताया की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक सरकारी कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान का अपमान किया है। इस अपमान के विरोध में समाहरणालय के मुख्य द्वार पर पुतला दहन किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी, प्रधान महासचिव अमर यादव, युवा राजद जिलाध्यक्ष संजय यादव, किसान प्रकोष्ठ के इंद्रजीत यादव, महिला नेत्री शकुंतला देवी, आदित्य यादव, तनवीर अहमद, मोहन चौरसिया, शंकर चौधरी, सोनू खान, शत्रुघ्न प्रसाद, कदीर अंसारी, शेख भोला आदि भी मौजूद रहे।



स्कूली बच्चों व जीविका दीदिओ ने निकाली प्रभात फेरी

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार दिवस के अवसर पर शनिवार को विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं जीविका दीदियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी मतीसरा बालिका कुंवर उच्च विद्यालय से निकलकर मुख्य सड़क होते हुए अनुमंडल मुख्यालय परिसर पहुचीं। इस दौरान स्कूली बच्चों ने हम सब ने ठाना है संयुक्त बिहार बनाना है आदि नारे लगाए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास और इसके समृद्धि के बारे में जानकारी दी। एसडीएम ने महात्मा गांधी के सत्याग्रह, देश प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद एवं संविधान निर्माण व संविधान सभा के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित सच्चिदानंद सिन्हा आदि के बारे में भी जानकारी दिए। एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि बिहार सरकार ने विगत कई वर्षों से निर्णय लिया कि 22 मार्च की तिथि को बिहार दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि करीब नौ वर्ष के अंतराल के बाद रविवार को लौरिया के साहू जैन विद्यालय में नंदनगढ़ महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश स्तर के कलाकरों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। मौके पर बीडीओ सूरज कुमार सिंह, प्रभारी बीईओ राजेश कुमार यादव, शिक्षक बिरेन्द्र कुमार सिंह, व्यास पांडेय आदि उपस्थित थे।



बिहार दिवस के अवसर पर निकाली गई प्रभात फेरी

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राजकीय उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बिहार दिवस पर प्रभात फेरी निकाली।रैली को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हाफीजुर रहमान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।छात्र-छात्राओं ने ष्बिहार की जय और बेटा-बेटी एक समानष के नारे लगाए।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हाफीजुर रहमान ने बताया कि 22 मार्च 1912 को बिहार राज्य की स्थापना हुई थी।इससे पहले यह बंगाल का हिस्सा था। बिहारवासियों के लिए यह गौरव का दिन है। मौके पर शिक्षक मुरारी प्रसाद, अफरोज आलम समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



65.8 किलो गांजा के साथ दो तस्कर धराये, बोलेरो जप्त

नरकटियागंज/मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारत नेपाल मुख्य मार्ग पर इनरवा थाना के सेमरवारी पुल के समीप से पुलिस ने एक बेलोरो से 65.8 किलो गंजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान चनपटिया थाना के बाड़ी टोला निवासी बाबूसाहेब कुमार एवं इनरवा थाना के खमहिया इनरवा निवासी अशोक राम के रूप के हुई है। मामले में एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर इनरवा थानाध्यक्ष जयकुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर करवाई की गई। इस कार्रवाई में एक बोलेरो से 65.8 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों के विरुद्ध कांड संख्या दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।



जिलाधिकारी ने किया बिहार दिवस समारोह का उदघाटन

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय सभागार में बिहार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिलास्तरीय, प्रखंडस्तरीय अधिकारियों सहित शिक्षकों, छात्राओं द्वारा कई प्रस्तुतियां दी गयी। जिला पदाधिकारी श्री राय ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 22-24 मार्च तक बिहार दिवस मनाया जाता है। बिहार दिवस सिर्फ बिहार में ही नहीं अपितु विदेशों में भी मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार का गौरवशाली अतीत रहा है। बिहार के अतीत को भुलाया नहीं जा सकता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बिहार की निरंतर प्रगति हो रही है। समाज के तमाम लोगों के द्वारा उत्कृष्ट कार्य किये जा रहे हैं। उत्कृष्ट कार्यों की बदौलत आज बिहार प्रगति के पथ पर सीधे अग्रसर है। उन्होंने कहा कि तमाम तरह की चुनौतियों के बावजूद आपके कठिन परिश्रम, लगन और निरंतता पश्चिम चम्पारण जिले तथा बिहार के विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सभी लोग मिलजुल कर पश्चिम चम्पारण जिले, बिहार के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार दिवस मनाने का उदेश्य है कि हम अपनी अस्मिता को समझे, अपने गौरव को समझें। हम संकल्प लें कि बिहार को आगे बढ़ाने में हरेक का योगदान हो। चाहे वे आमजन हों, चाहे माननीय सांसद, विधायक, विधान पार्षद हो अथवा त्रिस्तरीय पंचायत राज के माननीय सदस्य हो, सबकी सहभागिता बिहार को आगे बढ़ाने में रहे।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने बेहतर कार्य करने वाले प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बिहार एवं जिला के गौरव, प्रगति सहित महिला उत्थान, नशामुक्ति का प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, डा. शौर्य सुमन, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा सहित अन्य जिलास्तरीय, अनुमंडलस्तरीय प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।





बिहार को आगे बढ़ाने में हरेक का हो योगदान : डीएम

धूमधाम से मनाया गया बिहार दिवस

बेतिया/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिलेभर में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रमों की धूम रही।जिलास्तर पर बिहार दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं द्वारा प्रातः प्रभातफेरी निकाली गयी। प्रभातफेरी समाहरणालय परिसर से निकल कर विभिन्न चौक-चौराहा होते हुए विपिन हाईस्कूल परिसर पहुंची। यहां बिहार गौरव गान एवं बिहार गीत की शानदार प्रस्तुति हुई। विपिन हाईस्कूल के परिसर में जिलाधिकारी ने पौधारोपण भी किया।



बिहार दिवस के अवसर पर जिलास्तर, अनुमंडलस्तर एवं प्रखंडस्तर पर प्रभातफेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, काष्ठ कला प्रदर्शनी, विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों की धूम रही।

सीवान जिले में धूमधाम से मना बिहार दिवस







सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शनिवार को जिले में बिहार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जिला स्तरीय पदाधिकारी गणों के साथ जिला के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स ने प्रभात फेरी में हिस्सा लिया। प्रभात फेरी में नशा मुक्ति, दहेज प्रथा के खिलाफ, बाल विवाह प्रथा के खिलाफ आदि से संबंधित स्लोगनों की तख्तियां ले बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रभात फेरी में गगन भेदी नारा लगाएं। इसके साथ ही जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायत में भी में जगह जगह प्रभातफेरी निकाली गई।

बिहार दिवस का मुख्य कार्यक्रम कला, संस्कृति और युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में टाउन हॉल में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी, सीवान, जिला परिषद् अध्यक्षा, डीडीसी और अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर आगत अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत भाषण डीडीसी, सीवान ने दिया।अपने स्वागत भाषण में उप विकास आयुक्त ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार दिवस न केवल अपनी गरिमा एवं शानदार इतिहास को याद करने का अवसर है।बल्कि इससे प्रेरणा लेकर आगे भविष्य को और भी उज्जवल बनाने के उत्साह वर्धन प्राप्त करने की बात बताई गई। वहीअपने संबोधन में जिला परिषद् की अध्यक्षा संगीता देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारा बिहार बहुत तेजी से विकास कर रहा है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी सिवान ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार का इतिहास गौरवशाली, वर्तमान विकास और भविष्य संभावनाओं से लैस है। सभी को सकारात्मक सोच रखते हुए बिहार के विकास में सहभागी बनने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने विविध क्षेत्रों में सीवान में हो रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और बताया कि सभी के सहयोग से सीवान नित्य विकास के पथ पर आगे बढ़ता जा रहा है। प्रगति यात्रा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं को अमल में लाया जा रहा है। पूरे जिला में लगभग 1600 करोड़ से ऊपर की योजनाएं को कार्यान्वित किए जाने की जानकारी जिला पदाधिकारी ने दिया । उन्होंने बताया की सिवान जिले में मेडिकल कॉलेज जल्द ही शुरू हो जाएगा इसके साथ ही साथ कई तरह की योजनाओं पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है विभिन्न तरह के सड़कों के निर्माण के पश्चात विकास में तीव्र गति आएगी। मैरवा में सब ग्रिड की स्थापना के पश्चात बिजली की समस्या के भी समाप्त होने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वागत नृत्य की प्रस्तुति छात्राओं ने दिया। बिहार दिवस गान सुनकर सभी भावविभोर हो गए। इस गान के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर अपना सम्मान प्रदर्शित किया। सबसे प्रमुख आकर्षण नृत्य शिक्षिका श्वेता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य रहा। इस दौरान एक ही नृत्य में सेमा चकेवा, झूमर, झिझिया की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान भी लोगों ने खूब तालियां बजाई। मंच संचालन उदय नारायण सिंह और मोनिका कुमारी ने किया।

विविध कार्यक्रम, प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गूंजा बिहार का वैभव

इस अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी सीवान ने सकारात्मक सोच के साथ बिहार के विकास में सहभागी बनने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस मौके पर टाऊन हॉल परिसर में लगाई गई विविध स्टालों का निरीक्षण जिला पदाधिकारी और अन्य वरीय अधिकारियों ने किया।वही चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं ने अपनी रचनात्मकता और मौलिकता को प्रदर्शित किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा पूर्व में दिया जा चुका है।

राष्ट्रगान के अपमान के विरोध में मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। महागठबंधन के घटक दलों के संयुक्त तत्वधान में शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राष्ट्रगान के अपमान के विरोध में पुतला दहन किया गया. जेपी चौक पर हुए पुतला दहन कार्यक्रम में सीवान राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष विपिन कुशवाहा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ विदुषेखर पांडे, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि डॉक्टर ख्वाजा एहतेशाम अहमद, वीआईपी पार्टी के जिला अध्यक्ष श्रीनिवास यादव, वाम दलों के प्रमुख नेता तथा बहुत सारे कार्यकर्ता शामिल हुए. महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रगान के अपमान का जो मामला सोशल मीडिया के माध्यम से चारों तरफ वायरल हुआ है, निश्चित रूप से बिहार के मुख्यमंत्री ने संवैधानिक पद पर रहते हुए राष्ट्रगान का अपमान किया है. प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि डॉक्टर के एहतेशाम अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए. यदि मुख्यमंत्री जी स्वस्थ हैं तब उन्हें तमाम उचित धाराओं में आरोपित करके मुकदमा चलाया जाए.उन्होंने कहा कि यदि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं.तब ऐसी स्थिति में बिहार जैसे राज्य की बागडोर ऐसे मुखिया के हाथ में होना, जिसकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं हो यह अत्यंत ही खतरनाक है. राजद के जिला अध्यक्ष विपिन कुशवाहा ने कहां की मुख्यमंत्री का दिमागी संतुलन बिहार राज्य के भविष्य के लिए चिंता की बात है और उन पर देशद्रोह का मुकदमा तुरंत चलाया जाना चाहिए. राष्ट्रगान का अपमान कोई भी भारत का नागरिक बर्दाश्त नहीं कर सकता है.कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ विधुशेखर पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री अचेत हो चुके हैं और भाजपा के हाथों में बंधक बने हुए हैं. ऐसी स्थिति में बिहार की जनता के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है. रमाकांत सिंह ने कहा कि भाजपा को कमजोर मुख्यमंत्री अच्छा लग रहा क्योंकि भाजपा के पास तो कोई नेता हीं नहीं हैं. इस मौके पर गोपाल प्रसाद, नवीन प्रसाद, सलमान सिद्दीकी, इमाम सफर, विक्की, हाफिज जुबैर आसिम, यामानी, रौशन सिद्दीकी, प्यारे लाल कुशवाहा आदि भी महागठबंधन के घटक दलों के जिलाध्यक्षों एवं बड़ी संख्या में कार्यकताओं के साथ उपस्थित रहे. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपेंद्र यादव, सलमान सिद्दीकी, इमाम सफर, नवीन जी, रमाकांत सिंह, हाफिज जुबेर, गब्बर यादव, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे?



देव दुर्लभ कार्यकर्ता सदैव वास करते थे अटल जी के हृदय में : मंगल पांडे

अटल विरासत समारोह में सम्मानित किए गए बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जनशताब्दी महोत्सव के अवसर पर शनिवार को अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में हुआ। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन एवं वन्दे मातरम गीत से बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा उद्घाटन किया गया।मंगल पाण्डेय ने कहा कि अटल जी ने मां भारती के लिए अपना सर्वस्व जीवन अर्पित कर दिया।देव दुर्लभ कार्यकर्ता सदैव अटल जी के हृदय में वास करते थे।वे कार्यकर्ताओं एवं देश के लिए सदैव चिंतित रहते थे। कार्यकर्ताओं के एक पुकार पर सदैव वहां उपस्थित हो जाया करते थे।अटल जी की इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सीवान के देव दुर्लभ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का शुभ अवसर मुझे प्राप्त हुआ।इसके लिए मैं हृदय से पार्टी का आभार प्रकट करता हूं। अटल जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित था।उ भारतीय जनता पार्टी सीवान का संगठन प्रदेश एवं देश में अग्रणी स्थान पता रहा है।आज के पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को आप सभी से प्रेरणा लेते हुए भारतीय जनता पार्टी को और उच्च शिखर पर ले जाने का कार्य करेंगे। पूरे जिला से लगभग 500 वरिष्ठ कार्यकताओं को सम्मानित हुए। मुख्य रूप से रंग बहादुर सिंह,रामदयाल तिवारी, शम्भू गुप्ता, लल्लन मिश्र, परमेश्वर साहू, सारण के पहली भाजपा महिला उम्मीदवार योगमाया पाण्डेय,दिलीप कुमार गुप्ता, रामनीगाह उपाध्याय,रत्नेश प्यासा, कमलेश कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, रंजीत सिंह, प्रो रवींद्रनाथ पाठक, प्रमोद दुबे, देवेंद्र गिरी, मोहन पद्माकर, चंद्रशेखर आर्य, बाबूलाल कुशवाहा, बैजनाथ मिश्र, कमलेश्वर दुबे, वशिष्ठ पाठक, विनय शाही, डॉ. बृजेश्वर नारायण, त्रिलोकी सिंह, अबरार अहमद, पूर्व जिला पार्षद जेपी पांडे, माधुरी द्विवेदी, रत्नेश सिंह विजय प्रसाद गुप्ता एवं शंभू गुप्ता शामिल हैं। सभा को सम्बोधित करने वाले में किरण गुप्ता, लालबाबू कुशवाहा, संजय पाण्डेय, नन्द प्रसाद चौहान, गोरियाकोठी विधायक देवेश कांत सिंह, दारौंदा विधायक करणजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, कापरेटिव बैंक अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह,मंच संचालन कुन्दन सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सीवान पूर्वी के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सीवान पश्चिमी के अध्यक्ष राहुल तिवारी ने किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में राहुल तिवारी ने आए सभी आगंतुकों का स्वागत किया।



बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया बिहार दिवस

महाराजगंज/ सीवान/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। महाराजगंज अनुमंडलीय शहर के सिहोता बंगरा उच्च विद्यालय में बिहार दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाराजगंज के एसडीओ अनिल कुमार सीडीपीओ राकेश रंजन प्रखंड विकाश पदाधिकारी बिंदु कुमार, अंचलाधिकारी जितेंद्र प्रसाद ईओ हरिश्चंद्र आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर सुबह स्कूली बच्चों ने अपने -अपने पोशाक क्षेत्रों में प्रभात फेरी निकाली।जिसमें छात्रों ने हाथों में बिहार दिवस के बैनर और पोस्टर लेकर पूरे जोश और उत्साह के साथ भ्रमण किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर अधिकारियों और बच्चों ने भारत माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद गुब्बारे उड़ाकर बिहार के प्रगति की कामना की गई।



बिहार दिवस का ऐतिहासिक महत्व

बिहार दिवस 1912 में बिहार को बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग कर एक स्वतंत्र प्रांत के रूप में स्थापित किए जाने की स्मृति में मनाया मनाया गया। एसडीपीओ अनिल कुमार ने कहा बिहार का गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और परंपराएं इसे भारत के प्रमुख राज्यों में से एक बनाती हैं। एडीपीओ राकेश रंजन ने कहा आज पूरे बिहार के लिए गर्व का दिन है। बिहार अपनी विरासत, परंपरा और संस्कृति के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। बंगाल प्रांत से अलग होकर बिहार ने एक स्वतंत्र पहचान बनाई और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला 24 मार्च तक आयोजित की जाएगी।

सीवान में प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर वरिष्ठ चिकित्सकों ने की बैठक

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शहर के होटल सफायर इन में प्राइवेट मेडिकल कॉलेज खोलने को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता संस्थान के चेयरमैन कौशल कुमार गिरी ने की। बैठक में सीवान के प्रमुख एवं अनुभवी चिकित्सकों सहित गोपालगंज और छपरा से भी दर्जनों वरिष्ठ डॉक्टरों ने भाग लिया और सीवान में खुल रहे मेडिकल कॉलेज के महत्व तथा इसकी आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की।बैठक में चिकित्सकों ने कहा कि सीवान और आसपास के क्षेत्रों के गरीब, वंचित तथा जरूरतमंद लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में यह मेडिकल कॉलेज एक मील का पत्थर साबित होगा। वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. धीरेन कुमार ने कहा सीवान के चिकित्सकों का वर्षों पुराना सपना था कि यहां एक मेडिकल कॉलेज खुले और आज यह सपना चेयरमैन कौशल कुमार गिरी के मजबूत नेतृत्व में साकार हो रहा है। हम सब मिलकर इसे सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देंगे।



विधान पार्षद सौरभ ने सदन में रखी दुग्ध उत्पादक किसानों की समस्या

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विधान पार्षद सौरभ कुमार ने विधान परिषद पेश किए गए पशु एवं मत्स्य संसाधन पर सामान्य वाद-विवाद के दौरान दुग्ध उत्पादक किसानों की समस्याओं से सदन को अवगत कराया। इस चर्चा में डेयरी से दूध की खरीदारी की कीमत, मोबाइल पशु चिकित्सकों की नियुक्ति, अंडे के उत्पादन और बाजार में उसकी कीमतों पर सरकार की नीतियों को लेकर सवाल उठाया। विधान पार्षद सौरभ ने बताया कि वर्तमान में डेयरी उद्योग में दूध की खरीदारी की कीमत 60 रुपए प्रति लीटर है, जबकि इस दूध को उबालने और उसे संसाधित करने वाले श्रमिक को केवल 35 रुपए प्रति लीटर मिलते हैं। यह सवाल उठता है कि सरकार इस अंतर को लेकर क्या कदम उठा रही है। हाल ही में बिहार से कैंसेमनेट भेजने की खबरें आईं, लेकिन इसके शर्तों और फायदे-नुकसान पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। क्या सरकार इन मुद्दों पर ध्यान दे रही है, या यह सिर्फ एक दिखावा है? उन्होनें कहा कि बजट में 534 प्रखंडों में मोबाइल पशु चिकित्सक का प्रस्ताव किया गया है, जिसमें करीब 2 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई है। हालांकि, इस बजट में चिकित्सकों और टेक्नीशियनों के योगदान और उनके कार्यों पर कोई चर्चा नहीं की गई है। वहीं उन्होंने कहा कि बिहार में प्रति व्यक्ति अंडे की खपत 110 है, जबकि बिहार में प्रति व्यक्ति अंडे का उत्पादन केवल 27 है। इसके कारण बिहार में अंडे का बाजार मूल्य भी अन्य राज्यों के मूल्य पर निर्भर है। बिहार अपना उत्पादन करने के बाद भी प्रतिदिन अन्य राज्यों के रेट पर निर्भर रहता है। जिससे बिहार का व्यापार अनियंत्रित हो गया है। अंडे का शेयर बाजार जैसा हाल है, जहां कीमतों में उतार-चढ़ाव होते रहते हैं। सरकार की कोई स्पष्ट नीति न होने के कारण इस व्यापार में सट्टेबाजी और तस्करी का भी बड़ा योगदान है।



विष्णुधाम को मिले पर्यटन स्थल का दर्जा

दो दिवसीय विष्णुधाम महोत्सव का हुआ रंगारंग आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल जम्होर के रढुआ में शनिवार से दो दिवसीय विष्णुधाम महोत्सव प्रारंभ हो गया। महोत्सव का उद्घाटन विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, विधायक आनंद शंकर और जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि विष्णुधाम आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एक कार्य योजना बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग के द्वारा तीन दिन पहले मुझे दूरभाष द्वारा सूचना मिली की इस महोत्सव को राजकीय महोत्सव बनाने के लिए पत्र भेजे, क्योंकि हम लोगों के पास समय का अभाव था। इस बार उतना बेहतर व्यवस्था नहीं हो पाया, लेकिन अगली बार से हम लोग और



बेहतर करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर सदर विधायक आनंद शंकर एवं विधान परिषद दिलीप सिंह द्वारा भी क्षेत्र के विकास हेतु अपनी बातें रखी गई। उन्होंने स्थानीय स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं सुना और हर संभव निराकरण करने का भरोसा दिलाया। विधायक आनंद शंकर ने कहा कि पौराणिक और धार्मिक दृष्टिकोण से विष्णुधाम का विशेष महत्व है और यह स्वतंत्रता सेनानियों तथा क्रांतिकारियों की भूमि है, भगवान विष्णु की नगरी है। वर्ष में कई बार यहां श्रद्धालुओं का विशेष जमावड़ा तथा मेला लगता है। श्री शंकर ने विष्णुधाम को राज्य सरकार से पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल करने की मांग की। महोत्सव में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के कई ख्यातिलब्ध कलाकार भाग ले रहे हैं जो अपनी प्रस्तुतियों से कला का जलवा बिखेरेंगे। गौरतलब है कि बिहार सरकार के पर्यटन विभाग ने पिछले सप्ताह ही विष्णुधाम महोत्सव को सरकारी स्तर पर आयोजित करने की घोषणा की थी। इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडे, वरीय उपसमाहर्ता रत्ना प्रियदर्शनी, मेराज जमील, रितेश कुमार यादव, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, प्रखंड प्रमुख धनिक लाल मंडल, अध्यक्ष एवं संरक्षक विष्णुधाम मंदिर समिति, मुखिया जम्होर कलावती देवी, मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप सिंह, मुखिया भोपतपुर प्रभावती देवी के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

औरंगाबाद में भी बिहार दिवस पर कार्यक्रमों की धूम

नगर भवन में आयोजित किया गया मुख्य समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बिहार दिवस पर नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए स्कूली बच्चों के साथ अधिकारियों ने भी प्रभात फेरी निकाली। वहीं शाम में दीपोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने आसमान में बैलून छोड़ा। नगर भवन परिसर में ही विशेष स्टॉल लगाया गया है, जहां विभाग की उपलब्धियों, कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। सर्वप्रथम बिहार गीत से कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को औपचारिक रूप से शुरू किया गया। इस अवसर पर बिहार की



जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में बिहार की प्रगति का किया उल्लेख

प्रगति यात्रा-2025 के सफल आयोजन हेतु पदाधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों को उनके योगदान हेतु सम्मान दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में बिहार की प्रगति का उल्लेख किया गया। साथ ही स्कूल के छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद कई सांस्कृतिक प्रदर्शन बच्चों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, एडीएम आपदा प्रबंधन उपेन्द्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, वरीय उप समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शनी, मेराज जमील, श्वेता प्रियदर्शी, योजना पादाधिकारी अविनाश प्रकाश, कला संस्कृति पादाधिकारी कुमार पप्पू राज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रखंड प्रमुख ने नवनिर्मित पार्क का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। कुटुंबा प्रखंड के 10+2 विद्यालय बैराव के प्रांगण में शनिवार को प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार के द्वारा षष्ठम वित्त आयोग से नवनिर्मित पार्क का उद्घाटन कर विद्यालय परिवार को सौंपा गया। इस मौके पर प्रमुख धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मेरे द्वारा किया गया यह कार्य जनहित में है और जनोपयोगी है। इस पार्क के निर्माण होने से विद्यालय के कैंपस की सुंदरता बढ़ा है और यहां के छात्र-छात्राओं को फिजिकल रूप से फिट रहने में मदद मिलेगी। साथ ही मंच का निर्माण होने से सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन में भी सहूलित होगी। वहीं विद्यालय में छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड मशीन और वाटर प्यूरीफायर भी



लगाया गया है। प्रमुख ने बताया कि विद्यालय में समाज के भविष्य का निर्माण किया जाता है। ऐसे में हम जनप्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि विद्यालय के मूलभूत सुविधाएं पर विशेष ध्यान देते हुए इस तरह के कार्य को कराया जाय। मौके पर सरपंच संघ कुटुम्बा के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, पंचायत सचिव दीपक कुमार, ब्लॉक कॉर्डिनेटर शुभम कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक चौबे सर, मध्य विद्यालय बैराव की प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह, वार्ड सदस्य सुनील मेहता, अरविंद तिवारी, सरोज कुमार, प्रमोद कुमार, शत्रुध्न कुमार, सिकु कुमार आदि उपस्थित रहे।

भाजपा की बैठक में संगठनात्मक तैयारियों पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक शनिवार को जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों को अंग वस्त्र एवं नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि आगामी 30 मार्च तक सभी मंडल अध्यक्षों को अपनी मंडल कमेटी का गठन पूरा करना होगा और मंगल कार्य समिति का भी गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अप्रैल में जिला कार्यसमिति की बैठक प्रस्तावित है, जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। विधान पार्षद दिलीप सिंह



ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जिसके समर्पित कार्यकर्ताओं ने पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत किया है। वहीं, जिला महामंत्री सतीश सिंह ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कहा कि एनडीए गठबंधन सभी 6 सीटों पर जीत दर्ज करे इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से काम करेंगे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री श्री टैगोर ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिता सिंह, दीपक कुमार, दीपक उपाध्याय, रेखा पासवान, सरिका शेखर, सुनील शर्मा, अशोक पांडे समेत कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनएसएस की टीम ने पवई गांव का किया भ्रमण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर के सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज एनएसएस के विशेष शिविर के चौथे दिन एनएसएस की टीम ने कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निहारिका कुमारी एवं समन्वयक डॉ संजीव रंजन के नेतृत्व में पवई गांव का भ्रमण किया। टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ नेसार अहमद के सहयोग से फाइलेरिया पर जागरूकता बढ़ाने के साथ ही जरूरी दवा का वितरण बस्ती में लक्षित समूह के बीच किया। इसके लिए स्वयंसेवकों ने टोली में बंटकर काम किया। बच्चों ने बीमारी से संबंधित डाटा संग्रहण भी किया। इस कार्यक्रम में रितिक, रितिका, प्रिंस, सुशांत, चंदन, नवीन, सनोज, सचिन, श्रेया, रीना, प्रीति, पम्मी के साथ दर्जनों स्वयंसेवक शामिल हुए। इस सफल भ्रमण को लेकर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने अपनी शुभेक्षा प्रेषित की है।

शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। रविवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह एवं उनके दो साथियों- राजगुरु तथा सुखदेव का दाउदनगर में शहादत-दिवस मनाने की सारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। ज्ञातव्य हो कि इसी दिन 23 मार्च 1931 को अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव ने आजादी की लड़ाई में अपना बलिदान दिया था। शहादत-दिवस का आयोजन अरविंदो मिशन स्कूल दाऊदनगर के प्रांगण में किया जाना है जिसमें शहर के कई गणमान्य लोग भाग लेने वाले हैं। इस समारोह का उद्घाटन भाकपा (माले) के राज्य

बड़ी संख्या में आम नागरिकों के अलावे छात्र-छात्रा भी होंगे शामिल

कमिटी सदस्य कॉमरेड अनवर हुसैन करेंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्थानीय स्तर पर मौजूद अन्य प्रसिद्ध सामाजिक-राजनीतिक हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है। इनके अलावा स्थानीय शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों, शिक्षा-प्रेमियों एवं अन्य स्थानीय गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय छात्र-नौजवानों एवं अन्य आम नागरिकों के भी शामिल होने की संभावना है।

सड़क दुर्घटना में चालक घायल

मदनपुर (औरंगाबाद)/ संवाददाता। मदनपुर थाना क्षेत्र के घटराईन मोड़ के समीप एनएच-19 पर शनिवार को सड़क किनारे खड़ी ट्रक में दूसरी ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें दोनों ट्रकों के चालक जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां एक चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक चालक की पहचान यूपी के मथुरा जिला अंतर्गत जमुना पार थाना क्षेत्र के ईशापुर गांव निवासी मिश्री लाल के पुत्र नौरंग लाल के रूप में हुई है। जबकि दूसरे चालक की पहचान यूपी के प्रयागराज जिले के मांडाला मेजा निवासी शिवधनी प्रजापत के पुत्र अमर बहादुर प्रजापत के रूप में की गई है।

बच्चों की प्रतिभा को डीएम ने सराहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार दिवस के अवसर पर शनिवार को शहर के गांधी मैदान में बच्चों ने मलखंभ में प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। इसे देख जिला पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ आदि ने सराहा और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मलखंभ का आयोजन पहली बार बिहार दिवस के अवसर पर किया गया है। इसमें शामिल होने वाले खिलाड़ी आगामी 2 तारीख को आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम में भी भाग लेंगे। डीपीओ दयाशंकर ने बताया कि मलखंभ में खिलाड़ी विवेक कुमार, सिमरन कुमारी, शुभम कुमार, शैलेंद्र कुमार, बैजू कुमार, चंदा कुमारी, स्वीटी कुमारी, राजीव कुमार, हर्ष कुमार, अभिमन्यु चंद्र आदि ने भाग लिया।



पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को खेल का सामान जल्द से जल्द खरीदने का आश्वासन दिया। वहीं खिलाड़ियों ने 15 अगस्त, 26 जनवरी के अवसर पर भी मलखंभ का प्रदर्शन करने की मांग की। इस मौके पर शिक्षक रविशंकर, हरिओम कुमार, चंदन कुमार, डॉक्टर निरंजन आदि मौजूद रहे।

औरंगाबाद में बढ़ रही आपराधिक घटनाएं चिंताजनक : डॉ. सुरेश पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने विगत कुछ दिनों में जिले में हुई सामाजिक कार्यकर्ता, 12 वर्षीय बच्चे एवं किशोरी की हत्या को लेकर चिंता व्यक्त है। जमुआ गांव में पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि रंजीत पासवान अपने घर परिवार के साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। गांव घर के अलावा अस्पताल में भी बीमार और लाचारों की सेवा करते थे। ऐसे सज्जन व्यक्ति का क्या गुनाह था कि हत्यारों ने उनकी हत्या कर दी। उन्होंने प्रशासन से मांग किया कि जल्द-से-जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें कठोर सजा दिलाते हुए समाज को न्याय का संदेश और भरोसा दें। पूर्व मंत्री ने विगत दिनों एरका गांव में 12 वर्षीय किशोर अंकित कुमार की हत्या को भी पुलिस की लापरवाही



का नतीजा बताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल आरोपितों को गिरफ्तार कर अपनी पीठ थपथपा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से कंपाउंडर हत्याकांड का अविलंब उद्भेदन करने, मृतक के पत्नी को सरकारी नौकरी, पीड़ित परिवार को 50 लाख का मुआवजा तथा बच्चों की परवरिश व सुरक्षा की व्यवस्था करने की मांग की है। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सुरेश पासवान, मुखिया सरुण पासवान, दिवाकर पासवान, पीयूष कुमार, अमरेश कुमार, राकेश कुमार, इरफान आदि उपस्थित थे।

नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार कर रहा चौमुखी विकास : वीरेन्द्र सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारूण प्रखंड में शनिवार को जदयू के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में बूथ कमिटी की समीक्षा बैठक की गई। इसमें जिला संगठन प्रभारी सह बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के सचिव बिंदा चंद्रवंशी, विधानसभा प्रभारी अरुण शर्मा तथा औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि लगभग सीी प्रखंडों में बूथ कमिटी का गठन कर लिया गया है। आज प्रखंड कार्यालय में कुछ पंचायत अध्यक्षों ने उसकी प्रारूप जमा भी कर दी है। बैठक में पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह ने सभी पंचायत अध्यक्षों को बताया कि राज्य का कोई ऐसा गांव नहीं है जहां सड़क, बिजली एवं समुचित विकास का कार्य नहीं किया गया हो। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरा बिहार



चौमुखी विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। श्री सिंह ने सभी को अपनी पूरी ताकत आगामी होने वाला विधानसभा चुनाव में लगाने की बात कही। वहीं 2025 में फिर से नीतीश के संकल्प को सभी ने दोहराया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, विभूति नारायण पांडेय, अनिल कुमार यादव, केदार यादव, जितेन्द्र चंद्रवंशी, राजकुमार ठाकुर, अशोक कुमार सिंह, बिरला झा, अशोक पटेल, रामलखन सिंह आदि मौजूद रहे।

38 वर्ष पुराने मामले में दो अभियुक्त दोषी करार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सिविल कोर्ट के जिला जज राजकुमार ने एक 38 साल पुराने कांड में पैसा वसुलने के इरादे से अपहरण के मामले में निर्णय पर सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को दोषी ठहराया है। लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल ने कहा कि हसपुरा थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी अजय सिंह एवं विजय सिंह को दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया है। न्यायालय ने सजा के बिंदु पर सुनवाई की तिथि 27.03.25 निर्धारित किया है।

स्वास्थ्य शिविर में की गई मरीजों की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनुपर (औरंगाबाद)। बिहार दिवस के अवसर पर सीआरपीएफ कैम्प लंगुराही पचरूखिया यूनिट, एसएमनेट (यूनिसेफ) और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से मदनपुर के सुदूरवर्ती क्षेत्र महादलित बस्ती लंगुराही में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर के डॉ. आयुष्मान ने 39 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एएनएम पूजा कुमारी और एएनएम अर्चना कुमारी ने जरूरतमंद मरीजों का ब्लडप्रेशर एवं सुगर का परीक्षण



किया। इस दौरान बृजनंदन सिंह ने सभी मरीज का नामांकन किया। आयुष कुमार और गौतम कुमार ने दवा वितरण का कार्य किया। स्वास्थ्य परीक्षण के क्रम में सीआरपीएफ पचरूखिया के असिस्टेंट कमांडेंट धर्मेन्द्र कुमार के साथ एसएमनेट (यूनिसेफ) के दोनो ब्लॉक मोबिलाइजेशन को-

नियमित टीकाकरण को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

ऑडीनेटर मदनपुर प्रखंड के दीपक कुमार सिन्हा और सदर प्रखंड के श्याम किशोर ने सामुदायिक बैठक कर नियमित टीकाकरण एवं साफ-सफाई पर चर्चा कर ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया।

ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार सरकार
कार्य प्रमंडल, त्रिवेणीगंज (सुपौल)
की ओर से आप सभी को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
आम नागरिकों से अनुरोध है कि ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कों के दोनों किनारे पर कूड़ा-कर्कट या मिट्टी डालकर फ्लैंक ऊंचा न करें अन्यथा विभाग को कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा। सड़कों के रखरखाव में नागरिकों से सहयोग आवश्यक है। कृप्या यह ध्यान रखें कि नालियों तथा चापाकल का अनावश्यक पानी सड़कों पर नहीं बहे।
कार्यपालक अभियंता

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

बिहार दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। राजकीय मध्य विद्यालय रफीगंज में बिहार दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के बीच खेल एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ हिस्सा लिया। पेंटिंग, निबन्ध, भाषण, सामान्य एवं जलेबी दौड़ जैसे कई प्रतियोगिता कराई गई। प्रधानध्यापक मसकुर आलम ने बताया कि जिन बच्चों में जो भी प्रतिभा है उसे उभारना आवश्यक है, तभी बच्चों के विकास को सही दिशा मिलेगी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक प्रवासी प्रसाद, श्याम कुमार, अब्दुल बासित, प्रमिला कुमारी,उ पेंद्र कुमार वर्मा, फिरोज अहमद, फिरदौस, सविता, किरण का अहम भूमिका रही।

बीएसपी के प्रदेश प्रभारी ने कोमल के परिजनों से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर आज पार्टी की प्रदेश इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल बसपा के नेशनल कॉर्डिनेटर राम जी गौतम और बिहार प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में औरंगाबाद जिले के नगर थाना अंतर्गत गांधीनगर मोहल्ले की रहने वाली कोमल पासवान के परिजनों से मुलाकात की जिसकी हत्या होली के दौरान रंग खेलने के क्रम में दबंगों ने कर दी थी। इस दौरान अनिल कुमार ने पीड़ित परिजनों को न्याय के लिए हर लड़ाई लड़ने का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने बिहार सरकार और लोजपा नेता चिराग पासवान पर भी जमकर हमला बोला। इसके बाद बसपा प्रतिनिधिमंडल कुटुम्बा प्रखंड के



जमुआ गांव के रंजीत पासवान के परिजनों से भी मुलाकात की। राज्यसभा सांसद व बसपा के नेशनल को-ऑर्डिनेटर रामजी गौतम ने कहा कि हमें बहन मायावती जी ने यहां भेजा है। हमारी नजर पहले दिन से इस घटना पर है और अब हम कोमल पासवान और रंजीत पासवान को न्याय दिलाने और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए अंतिम लड़ाई भी लड़ने का काम करेंगे। मौके पर केंद्रीय प्रदेश प्रभारी एन के अहिरवार, प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष कुणाल किशोर विवेक, जोन इंचार्ज ई सुनेश कुमार, जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र राम, जिला महासचिव रामजीवन दास, प्रदेश सचिव, अशोक आनंद, रघुवेंद्र यादव, प्रदेश महासचिव व्यासमुनि दास, डॉ डोमन दास, कृष्णा पासवान, सुरेश भारती, परमेंद्र यादव इत्यादि मौजूद थे।